हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● बुधवार ● 08.05.2024 ● वर्ष : 14 ● अंक : 284 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### सातवें चरण के लिए राज्य की तीन लोस सीटों पर चुनाव की अधिसूचना जारी

**रांची :** निर्वाचन आयोग ने सातवें चरण के लोकसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। सातवें चरण का मतदान एक जून को होगा। इसमें झारखंड की तीन लोकसभा सीटों राजमहल (अजजा), दुमका (अजजा) और गोड्डा में चुनाव होगा। मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। नामांकन की अंतिम तारीख 14 मई, नामाकंन की समीक्षा 15 मई और नाम वापसी की समय सीमा 17 मई रखी गयी है।

### झामुमो ने चमरा लिंडा को पार्टी से किया निलंबित

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक चमरा लिंडा को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उन्हें पार्टी के सभी पदों से भी मुक्त कर दिया गया। इस संबंध में पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय ने मंगलवार को पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव में चमरा लिंडा ने महागठबंधन के खिलाफ जाकर लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन किया है। ऐसे में पार्टी के अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर उन्हें पार्टी के सभी पदों से हटाया जाता है। साथ ही पार्टी की सदयस्ता से भी निलंबित किया जाता है।

### पश्चिम बंगाल में भारी बारिश और आंधी-तूफान से छह लोगों की मौत

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में भीषण गर्मी के बीच सोमवार शाम बाद हुई भारी बारिश और आंधी-तूफान से छह लोगों की मौत हो गई। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग ने आज बताया कि सोमवार को दक्षिण बंगाल में भारी बारिश हुई है। इस दौरान आंधी-तूफान के बीच छह लोग काल-कलवित हो गए। उधर, मौसम के बदलाव से कोलकाता और कुछ जिलों के लोगों को चिलचिलाती धूप से राहत मिली है। आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक नादिया, पुरुलिया और पूर्व बर्दवान जिले सहित दक्षिण बंगाल के विभिन्न जिलों में एक विवाहित जोड़े सहित छह लोगों की मौत हो गई।

# हर गरीब परिवार की महिला को देंगे एक लाख, खत्म नहीं होने देंगे आदिवासियों के अधिकार : राहुल गांधी




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चाईबासा :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को चाईबासा में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की प्रत्याशी जोबा मांझी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन यदि सत्ता में आया तो देश के गरीब परिवारों का सर्वेक्षण कराया जायेगा। हर गरीब परिवार की एक महिला के खाते में हर वर्ष एक लाख रुपये डाले जायेंगे। आंगनबाड़ी एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का मानदेय भी दोगुना कर दिया जायेगा।

राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के 22 पूंजीपतियों को अरबपति और करोड़पति बना रहे हैं लेकिन हम देश की करोड़ों महिलाओं को लखपति बनायेंगे। उन्होंने आरक्षण बढ़ाने का भी वादा किया। राहुल ने जोहार शब्द से संबोधन की शुरूआत की। साथ ही कहा कि जोहार इसलिए बोला कि यह आदिवासियों का शब्द है। इसमें आपकी आवाज अच्छी सुनाई देती है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव आदिवासी, दलित, पिछड़ों के लिए जरूरी चुनाव है। साथ ही कहा कि हमने महिलाओं के बैंक अकाउंट को इसलिए चुना है कि महिलाएं 18 से 20 घंटे काम करती हैं। मैं जानता हूं कि दबाव डालकर महिलाओं से पुरुष कुछ पैसे ले लेंगे।

राहुल गांधी ने आदिवासियों की स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि यदि केंद्र सरकार 100 रुपये का फैसला लेती है तो आदिवासी नेता 10 पैसे का फैसला लेता है। वो आपको वनवासी बोलते हैं। क्योंकि, उनके लिए आप जंगल में रहने वाले लोग हैं लेकिन हमारे लिए आप आदिवासी हैं। जल, जंगल और जमीन पर पहला अधिकार आदिवासियों का है। कांग्रेस इस अधिकार को किसी भी कीमत पर खत्म होने नहीं देगी। वो आपको वनवासी कहते हैं और सारे जंगल और जमीन अडाणी, अंबानी को दे रहे हैं। एक दिन जंगल खत्म हो जायेंगे तो आपको कहेंगे जाओ भीख मांगो।

### हम सभी मिलकर हेमंत सोरेन को जेल से निकालेंगे

राहुल गांधी ने कहा कि एक साजिश के तहत झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया गया है लेकिन किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। हम सभी मिलकर उन्हें जेल से निकालेंगे। उन्होंने कहा कि कल्पना सोरेन, चम्पाई सोरेन और झारखंड के तमाम आदिवासी हेमंत सोरेन के साथ खड़े हैं।

### देश के हर बेरोजगार को सरकारी नौकरी दी जाएगी

राहुल गांधी ने कहा कि देश में नौकरी की कमी नहीं है। देश के हर बेरोजगार को सरकारी नौकरी दी जायेगी। साथ ही कहा कि कांग्रेस पार्टी देश के तमाम किसानों का कर्ज माफ करेगी। कानूनी रूप से एमएसपी देगी। उन्होंने कहा कि सरकारी संस्थानों और गैर सरकारी संस्थानों में ठेकेदारी पर बहाली प्रथा को खत्म किया जायेगा। सभी को परमानेंट नौकरी दी जायेगी।

### देश में महंगाई कम नहीं हुई : चम्पाई सोरेन

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में महंगाई कम नहीं हुई। उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडर के दाम बढ़ते गये। झारखंड की प्रथा और परंपरा को भी दबाने का काम किया गया। आज तक केंद्र सरकार ने आदिवासी हित में कोई का नहीं किया। हमने विधानसभा में आदिवासियों की परंपरा और अस्मिता को सुरक्षित करने के लिए सरना धर्म कोड का नियम बनाया। प्रधानमंत्री जब यहां आये तो सरना धर्म कोड पर कुछ नहीं बोले।

## लोकसभा का यह चुनाव देश के लिए निर्णायक : चम्पाई



**गुमला :** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव देश के लिए निर्णायक है। हम सब इंडी गठबंधन के हैं। आदिवासी मूलवासी अस्तित्व बचाने के लिये सरना धर्म कोड बनाया लेकिन भाजपा ने रोक दिया। ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की लेकिन वो आगे नहीं बढ़ा। भाजपा पूरी तरह से आदिवासी-मूलवासी, पिछड़ा, दलित, गरीब विरोधी है। मुख्यमंत्री मंगलवार को गुमला जिले के बसिया के कोनबीर एनएचपीसी मैदान में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। चम्पाई ने कहा कि 2014 से पूरे देश में झूठ की खेती हो रही है। भाजपा ने झारखंड में सबसे ज्यादा शासन किया लेकिन झारखंड को अलग दिशा में ले गए। उन्होंने कहा कि झारखंड में पिछड़ेपन की जिम्मेदार भाजपा है। रोजगार और आदिवासी मूलवासी कल्याण की बात नहीं करते। दस साल से केवल जुमलेबाजी हो रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि पांच साल में मिला मौका नहीं गंवाना है। भाजपा को सत्ता से बेदखल करना है। चम्पाई ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने प्राइमरी स्कूल बंद किए। गांव के बच्चों की शिक्षा प्रभावित हुई। इनकी मंशा आदिवासी कल्याण की नहीं है। भाजपा यहां का इतिहास मिटाना चाहती है। जंगल के भीतर भी योजना पहुंची। सर्वजन पेंशन स्कीम हम लाए। ये भाजपा वाले झारखंड को आगे बढ़ाना कभी नहीं सोचे। केवल खनिज का व्यापार किया। पूंजीपतियों को सब सौंप दिया। झारखंड खुद अपने पैरों पर खड़ा होगा।

# ईडी की छापेमारी में बरामद 35.23 करोड़ टेंडर घोटाले के, विभागीय अधिकारियों की भी साठगांठ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** ईडी ने ग्रामीण विकास मंत्री के पीएस संजीव लाल और जहांगीर आलम को गिरफ्तार करने के बाद मंगलवार को अदालत से 10 दिनों की रिमांड मांगी लेकिन अदालत ने दोनों को छह दिनों की रिमांड दी है। ईडी के अधिकारी बुधवार से दोनों से छह दिनों तक पूछताछ करेंगे। इस दौरान कई राज खुलेंगे।

ईडी ने कोर्ट में दिए गए रिमांड पिटीशन में कहा है कि अब तक की जांच में यह जानकारी सामने आई है कि सोमवार को बरामद हुआ सारा पैसा टेंडर घोटाले का है। टेंडर घोटाले से जुड़े धनशोधन के इस मामले में कई बड़े अधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। ईडी का दावा है कि इस पूरे प्रकरण में ऊपर से लेकर नीचे तक के अधिकारी शामिल हैं और उन्हें राजनेताओं का भी पूरा संरक्षण मिला हुआ है। ग्रामीण विकास विभाग के ऊपर से नीचे तक कई अधिकारी इस सांठगांठ में शामिल हैं।

ईडी ने कोर्ट में दिए गए रिमांड पिटीशन में कहा है कि कमीशन का पैसा आमतौर पर नकद ही लिया जाता था, जिसे विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजार कर सफेद किया जाना था। ईडी को अब तक जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक मंत्री आलमगीर आलम का ओएसडी (ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी) संजीव लाल प्रभावशाली व्यक्तियों के लिए कमीशन लेता था और टेंडर मैनेज करने के साथ विभाग के इंजीनियरों से भी कमीशन के लेनदेन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था।

ईडी ने कहा है कि मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में जेल में बंद निलंबित चीफ इंजीनियर ने भी यह स्वीकार किया है कि वर्ष 2022 में संजीव लाल ने करोड़ों रुपये कमीशन के तौर पर लिए हैं। ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर को इसलिए रिमांड पर लिया है, ताकि अन्य वरिष्ठ सरकारी पदाधिकारियों सहित अन्य वैसे अन्य लोगों की भूमिका का पता लगाया जा सके, जो कमीशन के जरिए करोड़ों रुपये की कमाई के इस खेल में शामिल हैं। ईडी ने सोमवार की छापेमारी के दौरान 35.23 करोड़ रुपये के साथ दो गाड़ियां भी जब्त की है, जिसका रजिस्ट्रेशन जहांगीर के नाम से है लेकिन उन गाड़ियों का इस्तेमाल संजीव लाल करता था।

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,**
**निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004**
E-mail : ceocomputercell1@gmail.com

**आम सूचना**

लोकसभा निर्वाचन -2024 के सफल संचालन हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के कार्यालय में राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। यही व्यवस्था सभी जिलों में भी की गयी है।

**राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष**

TOLL FREE

Tel.: 0651-2440020/ 0651-2440022/ 0651-2440023/ 0651-2440024
Toll Free Number No.- 1800-331-1950, Voter Helpline Number- 1950

**जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष**

| क्रम सं0 | जिला | | सम्पर्क दूरभाष |
|---|---|---|---|
| 1. | साहेबगंज | - | 06436-356485, 06436-222101 |
| 2. | पाकुड़ | - | 06435-222064, 9262216191 |
| 3. | दुमका | - | 06434-295042 |
| 4. | जामताड़ा | - | 06433-222004, 06433-222006, 06433-222007 |
| 5. | देवघर | - | 06432-275733, 1800-345-0733 |
| 6. | गोड्डा | - | 06422-222002 |
| 7. | कोडरमा | - | 06534-252219 |
| 8. | हजारीबाग | - | 06546-265233 |
| 9. | रामगढ़ | - | 06553-261417, 06553-261427 |
| 10. | चतरा | - | 06541-253219 |
| 11. | गिरिडीह | - | 06532-228829, 9693143157 |
| 12. | बोकारो | - | 06542-242402, 06542-221125 |
| 13. | धनबाद | - | 03262-222045 |
| 14. | पूर्वी सिंहभूम | - | 06572-440111, 0657-2221718, 06572-221717 |
| 15. | सरायकेला खरसावां | - | 1800-345-6485, 1800-345-6484, 1800-345-6483 |
| 16. | पश्चिमी सिंहभूम | - | 06582-296128 |
| 17. | रांची | - | 8987790664, 9798300836 |
| 18. | खूंटी | - | 06528-221755, 9262998530 |
| 19. | गुमला | - | 06524-223686 |
| 20. | सिमडेगा | - | 06525-299908 |
| 21. | लोहरदगा | - | 06526-224014 |
| 22. | लातेहार | - | 06565-247981 |
| 23. | पलामू | - | 06562-230003, 06562-222295, 06562-230002 |
| 24. | गढ़वा | - | 06201-261084 |

PR- 324540 (Election) 24-25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आदर्श आचार संहिता /निर्वाचन व्यय सम्बन्धी उल्लंघन की घटना तथा अन्य शिकायत एवं जानकारी हेतु उपर्युक्त दूरभाष /टॉलफ्री नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें

Voter Helpline | cVIGIL | Saksham-ECI | KYC-ECI

(के0 रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव।

# इस बार दिन भर मतदान

## एक नजर

### कांग्रेस करेगी देश के साथ न्याय : जय प्रकाश भाई पटेल

**हजारीबाग** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने बुधवार को चुरचू प्रखंड क्षेत्र में चुनावी जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क के दौरान जगह जगह कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों द्वारा उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। उन्होंने ग्रामीणों के दरवाजे खटखटा कर कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील की। उन्होंने जनसभाओं में भाजपा द्वारा संविधान और आरक्षण पर किये जा रहे प्रहार के बारे में बताया। चरही पंचायत के चिचिकलां में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश को भाजपा वालों ने लूट लिया है। जिन मुद्दों को लेकर भाजपा सरकार में आई थी आज वो मुद्दे गौण नजर आ रहे हैं। महंगाई आसमान पर चली गयी। बेरोजगारी दोगुने से भी ज्यादा है। फौज में जाने की इच्छा रखने वालों के सपने तोड़ दिए गए। अडानी का कर्जा माफ कर दिया मगर किसानों के नही हुए। किसानों पर लाठियां बरसाई गयीं। नए कानून बना कर ड्राइवर भाइयों के साथ अन्याय किया गया। महिला सुरक्षा पाताल में धंस गया। सब कुछ इस दौर में हो रहा है जिस वक्त रामराज्य का राग अलापा जा रहा है।

### भाजपा सरकार में हर वर्ग को सम्मान मिल रहा है : सांवरमल अग्रवाल

**बरही** : लोकसभा चुनाव को लेकर बरही पटना रोड भगवान केशरी के आवास में भाजपा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन हुआ। जिसका विधिवत उद्घाटन मंगलवार को विधानसभा संयोजक सह बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा प्रदेश के पूर्व मीडिया प्रभारी सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सांवरमल अग्रवाल, जिला महामंत्री सुनील साहू, वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, मंडल अध्यक्ष अमित साहू सहित कई भाजपाइयों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का हजारीबाग लोकसभा में जीत सुनिश्चित है, इस बार झारखंड के सभी 14 सीटो पर भाजपा और भाजपा के सहयोगी दलों के प्रत्याशी विजय होंगे। कहा कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी 400 पार करेगी। वहीं सांवरमल अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार में हर वर्ग को सम्मान मिल रहा और सभी के विकास के लिए योजनाएं चलाई जा रहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी आज जो अपने सर्वोच्च शिखर पर है, उसमें कार्यकर्ता सहित सभी प्रबुद्धजनों का विशेष योगदान है।

### अतिक्रमण को लेकर प्रशासन मुस्तैद, पुलिस बल के साथ इंस्पेक्टर ने किया निरीक्षण

**बरही** : बरही चौक सहित आसपास क्षेत्र में फिर से अतिक्रमण नहीं हो इसे लेकर प्रशासन फिलहाल पूरी तरह सजग नजर आ रहा है। पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार पुलिस बल के साथ बरही के चारो रोड सहित चौक का भ्रमण कर अतिक्रमणकारियों को चेताया। उन्होंने बताया कि सड़क या चौक क्षेत्र में दुकान लगाने वाले या अतिक्रमित करने वाले दंडित होंगे। उन पर कानूनी कारवाई की जायेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पुलिस प्रशासन आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। परंतु इस कार्य के लिए आप सबों का सहयोग अति अनिवार्य है। चौक क्षेत्र खाली रहने से पिछले तीन दिनों से गाड़ियों के जाम लगने का सिलसिला पूरी तरह समाप्त हो चुका है। स्थानीय सहित पैसेंजर और वाहन चालकों को राहत मिली है।

मनीष जायसवाल ने कार्यकर्ता और जनसंवाद के बाद अब विभिन्न सामाजिक और व्यवसायिक के साथ किया जनसंपर्क

# आप आशीर्वाद दें, मैं सांसद बनकर आपके सुख-दु:ख का भागी बनूंगा : मनीष जायसवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने पिछले करीब दो महीने से अधिक समय से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में अलग -अलग भाजपा मंडलों सहित एनडीए घटक दल में शामिल राजनीतिक दल आजसू, जदयू और लोजपा (रामविलास) के कार्यकताओं संग बैठक करके और मिलकर समन्वय व परिचयात्मक कार्यक्रम चलाया और कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए चुनावी मैदान में कूदने का अपील किया। जिसके बाद उन्होंने एक विशेष रणनीति के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी पांच विधानसभा मांडू विधानसभा, बड़कागांव विधानसभा, सदर विधानसभा, बरही विधानसभा और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा संगठन के अनुरूप मंडलवार गांवों का तुफानी जनसंपर्क और जनसंवाद अभियान चलाया और क्षेत्र के लगभग प्रमुख गांवों का दौरा करने के उपरांत अब उन्होंने समाज के विभिन्न सामाजिक और व्यवसायिक संगठनों के बीच जनसंपर्क अभियान शुरू किया। मनीष जायसवाल ने सोमवार और मंगलवार को रामगढ़ जिले के विभिन्न सामाजिक और व्यावसायिक संगठनों के लोगों से मिले और उनके संग बैठक कर आने वाले लोकसभा चुनाव में राष्ट्रहित और समाजहित के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करने का अपील किया। रामगढ़ के अलग- अलग जगहों पर सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने मारवाड़ी समाज, मधेशिया समाज, सिख समाज, क्षत्रिय समाज, ब्रह्मऋषि समाज, दलित समाज, कुशवाहा समाज, ब्राह्मण समाज, चेंबर ऑफ कॉमर्स, रोटरी क्लब, लायंस क्लब सहित अन्य के साथ बैठक कर भाजपा और अपने पक्ष में आगामी 20 मई को होने वाले लोकस्बाहा चुनाव में मतदान करने का अपील किया। सभी सामाजिक और व्यवसायिक संगठनों के लोगों ने सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल को आश्वस्त किया कि हमारा अपार जनसमर्थन आपके साथ रहेगा और आपकी जीत ने हम सभी अहम भूमिका निभाने को तैयार हैं। मौके पर भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा की मैंने राजनीति हमेशा सेवा भाव से किया है। सामाजिक समरसता, सामाजिक प्रेरणा और सामाजिक दायित्व का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए हजारीबाग के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ा है। उन्होंने कहा की हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में हर वर्ग के लोगों का सकारात्मक समर्थन मुझे प्राप्त हो रहा है। मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि आपका आशीर्वाद रहा तो सांसद बनकर आपके सुख- दुःख का भागी बनूंगा।

## चौपारण पुलिस ने प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी करते दो को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी पर लगातार कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप मच गया है। मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति कर चौपारण थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि एक पिकअप वाहन में बंगाल से जानवरों को कुरता पूर्वक लोडकर बिहार ले जाया जा रहा है। इस सूचना से वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए मेरे द्वारा एक छापामारी दल का गठन कर चोरदाहा चेकपोस्ट पहुंचा तथा वहां चेकिंग डियुटी में तैनात स०अ०नि० मनोज कुमार सिंह तथा जैप बल के साथ मिलकर बरही की ओर से आने वाले वाहनों का सघन रूप से जांच-पड़ताल करने लगा। जांच के क्रम में समय करीब 04:45 बजे सूचनानुसार एक पिकअप वाहन पंजियन संख्या-बीआर-03जीबी-7535 आता हुआ दिखाई दिया। जिसे रूकने का ईशारा करने पर वाहन का चालक अपना गाड़ी को पीछे ही रोक दिया और वाहन से 02 व्यक्ति उतरकर भागने लगे। जिन्हें साथ के बल के सहयोग से खदेड़कर पकड़ा गया। पूछताछ के क्रम में पकड़ाये व्यक्तियों के द्वारा पहला नाम अनिल यादव उम्र करीब 26 वर्ष पिता रामचन्द्र यादव ग्राम- लालुडेरा थाना-शाहपुर जिला- भोजपुर (बिहार) एवं दूसरा दिनेश यादव उम्र करीब 22 वर्ष पिता-आशाराम यादव सा०- सइयाडेरा थाना-शाहपुर जिला- भोजपुर (बिहार) बताया गया है। वाहन का जांच करने पर उसमें कुरता पूर्वक 03 गौवंशीय पशु गाय एवं 01 भैंस कुल 04 जानवर लोड पाया। जिस संदर्भ में चौपारण थाना काण्ड संख्या-156/24 धारा-414/34 भा०द०वि०, 11(1) (घ) पशु कुरता निवारण अधि0-1960 एवं 12 (i) (iii) गौवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधि० के अंतर्गत दर्ज कर अनुसंधानभार पु०अ०नि० हरेन्द्र कुमार को सौंपा गया है।

## उप विकास आयुक्त ने प्रखंड के कई बूथ स्थलों का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : हजारीबाग उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने बड़कागांव प्रखंड के कई बूथों का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर बड़कागांव प्लस टू उच्च विद्यालय, गोसाई बलिया उत्क्रमित उच्च विद्यालय, नापोखुर्द उत्क्रमित मध्य विद्यालय, हरली उत्क्रमित मध्य विद्यालय में संचालित बिजली पानी शौचालय को लेकर बुथ स्थल का निरीक्षण किया। उक्त विद्यालयों में लोकसभा चुनाव को संपन्न करने के लिए पैरा मिलिट्री फोर्स का ठहराव होना है। इसके लिए न्यूनतम सुविधा उपलब्धता की अवलोकन की गई। इसके अलावा उप विकास आयुक्त दीक्षित ने बड़कागांव कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का भी अवलोकन की। इस दौरान छात्राओं से विद्यालय के विधि व्यवस्था, शिक्षा व्यवस्था, हॉस्टल व्यवस्था एवं कई बिंदुओं पर रखरखाव की भी जानकारी ली। वार्डेन लीलावती कुमारी द्वारा विद्यालय का अधूरा चारदीवारी, विद्यालय एवं हॉस्टल भवन का सुंदरीकरण एवं शिक्षण संबंधित पठन-पाठन सामग्री का भी उपलब्धता करने का प्रस्ताव रखा गया। जिस पर उप विकास आयुक्त द्वारा जल्द उपलब्ध कराने का आश्वासन दी गई। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल एवं कई प्रखंड कर्मी शामिल थे।

## झारखंड में लुटेरों की है सरकार : लोकनाथ महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : बड़कागांव थाना रोड स्थित सुबोध जयसवाल के आवास में भाजपा का चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पूर्व विधायक लोकनाथ महतो एवं प्रदीप प्रसाद में संयुक्त रूप से किया। उपस्थित कार्यकताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की चित्र पर पुष्प अर्पित किया भारत माता की जय, वन्दे मातरम् के नारे लगाए। इसके बाद सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता व संचालन भाजपा पश्चिमी मंडल के अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी ने किया। मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि जनता मन बना ली है भाजपा को वोट देना है, जनता ने 400 पार करने का मन बना लिया है। झारखंड में लुटेरों की सरकार है। मंत्रियों के पीए व नौकरों पास करोड़ों रुपए की निकल रहे हैं, तो मंत्रियों का क्या हाल होगा प्रदीप प्रसाद ने भी भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को जीताने के लिए कार्यकताओं में जोश भरी। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, भाजपा किसान मोर्चा रामगढ़ प्रभारी राजू साव, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, जिला महामंत्री रामपति राम, मुकुटधारी महतो, महामंत्री इंद्र भूषण, पुष्कर अग्रवाल, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बालेश्वर महतो, सनीत महतो, अजय कुमार सिंह, अनीता देवी ,भागीरथ ठाकुर, रामबली सिंह आदि उपस्थित थे।

## संगठन के रवैये से नाखुश होकर समर्पित कार्यकर्ताओं ने छोड़ा भाजपा का दामन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व व स्थानीय जिला भाजपा संगठन के तानाशाही रवैया से अपमानित होकर हजारीबाग लोकसभा के समर्पित कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी से अपना पद और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा प्रदेश नेतृत्व झारखंड प्रदेश व भाजपा जिला अध्यक्ष हजारीबाग तथा रामगढ़ को सौंप रहे हैं। कार्यकताओं ने आरोप लगाया है संगठन द्वारा लगातार अपनी अनदेखी और अवहेलना किए जाने से अपने आप को अपमानित महसूस कर रहे हैं। हम कार्यकताओं को जानबूझकर इस लोकसभा के चुनाव कार्य से भाजपा के वरिष्ठ नेताओं को निकल बाहर किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि लोकसभा के चुनाव में पूर्व में जिन कार्यकर्ताओं को चुनाव कार्य की जिम्मेदारी दी गई थी उनको बिना कारण ही हटा दिया गया। इस्तीफा देने वालों ने आरोप लगाया कि शीर्ष नेतृत्व ने भी कोई संज्ञान नहीं लिया है। सब ऊपर से लेकर नीचे तक मिले हुए हैं। समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ता जो भाजपा के शुरूआती काल से पार्टी की सेवा करते आ रहे हैं, उनको अपमान का घूंट पीना पड़ रहा है। इस कारण त्यागपत्र देने वाले कार्यकर्ताओं में काफी रोष है, जिसका खामियाजा लोकसभा चुनाव में पार्टी को भुगतना पड़ सकता है। यह सिलसिला अभी लगातार चलता रहेगा। भारतीय जनता पार्टी से इस्तीफा देने वालों में मुख्य रूप से विष्णुगढ़ प्रखंड के विपिन कुमार सिन्हा, मांडू विधानसभा सांसद प्रतिनिधि सह पूर्व भाजपा जिला महामंत्री पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व बीस सूत्री के जिला सदस्य।

कांग्रेस बूथ अध्यक्षों एवं पन्ना प्रमुखो की हुई बैठक, कांग्रेस गारंटी कार्ड का किया गया वितरण

# हाथ ही बदलेगा देश की हालात : रिजवान अली

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : हजारीबाग लोकसभा के इंडिया गठबंधन कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल की जीत सुनिश्चित करने और राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करने के लिए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बरही प्रखंड अन्तर्गत रसोइयाधमना पंचायत में लोकसभा चुनाव के लिए बरही कांग्रेस प्रखंड कमिटी के द्वारा नियुक्त पंचायत प्रभारी रिजवान अली के नेतृत्व एवं पंचायत अध्यक्ष मो तैय्यब अंसारी की अध्यक्षता में सभी बुथ अध्यक्ष एवं पन्ना प्रमुखो की बैठक हुई। नियुक्त प्रभारी रिजवान अली ने बैठक में शामिल सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस बार संविधान की रक्षा करने और अपनो की सुरक्षा के लिए अपना हक अधिकार पाने के लिए एक एक आम मतदाता चुनाव स्वयं लड़ रहे हैं। कहा कि अपना एक एक कीमती वोट इंडिया गठबन्धन को देने को तैयार हैं। इस बार मतदाता बदलाव के मुड़ में हैं। कहा कि इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार केन्द्र में बननी तय हैं। उन्होंने सभी से अनुरोध किया की कांग्रेस पार्टी की गारंटी कार्ड एक एक मतदाता तक पहुंचाने का काम करें। साथ ही बैठक में कांग्रेस पार्टी की गारंटी कार्ड वितरण किया गया। पंचायत अध्यक्ष मो तैय्यब अंसारी ने सभी को कांग्रेस पार्टी की पांच न्याय गारंटी की बात विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल को भारी मतों से विजय बनाने के लिए हाथ छाप पर बटन दबाने की अपील किया। बैठक में मुख्य रूप से बरही विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग सह पंचायत चुनाव प्रभारी रिजवान अली, बरही कांग्रेस पार्टी पंचायत अध्यक्ष मो तैय्यब अंसारी, बरही प्रखंड के कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक अध्यक्ष गुलजार अंसारी, बुथ अध्यक्ष मो तबरेज अंसारी, मो अख्तर, मो नईम, राजकुमार यादव, एमडी मकसूद, मो मनोवर, अब्दुल गनी, सेराज अहमद, मो सरफराज, शहादत हुसैन, संजय रविदास,एमडी समशेर, मो मिन्हाज, मो अख्तर सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### रामनवमी महासमिति एवं रामनवमी संरक्षण समिति ने डीसी से मुलाकात कर किया सम्मानित



**हजारीबाग** : मंगलवार को रामनवमी महासमिति एवं रामनवमी संरक्षण समिति के संयुक्त तत्वावधान में रामनवमी के सफलतापूर्वक समापन को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल हजारीबाग समाहरणालय परिसर स्थित उपायुक्त कार्यालय में उपायुक्त नैंसी सहाय और सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार शिवाशीष को कांस्य से बनी राम दरबार की प्रतिमा व हनुमान चालीसा भेंट कर धन्यवाद दिया। साथ ही साथ ही जिला प्रशासन की पूरी टीम को बधाई दिया। मौके पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा की रामनवमी के सफलतापूर्ण समापन में जिला प्रशासन के साथ साथ रामनवमी महासमिति, रामनवमी संरक्षण समिति के साथ साथ सभी बुद्धिजीवी वर्गों, सामाजिक संगठनों एवं हजारीबागवासियों का है भरपुर योगदान वहीं कहा कि इस वर्ष की रामनवमी पूरी शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इसमें रामनवमी महासमिति, रामनवमी संरक्षण समिति, जिला प्रशासन के साथ साथ अन्य सभी हजारीबाग के बुद्धिजीवी वर्गों एवं सामाजिक संगठनों का भी भरपूर सहयोग रहा। सभी ने बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की, जिसके कारण इस वर्ष की रामनवमी काफी सौहाद्रपूर्ण वातावरण में भव्य आयोजन के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई, जो कि हजारीबाग के लिए एक मिसाल है। मौके पर रामनवमी महासमिति अध्यक्ष जीतू यादव, रामनवमी संरक्षण समिति के कार्यकारी अध्यक्ष निशांत कुमार प्रधान, राजेश गोप, ओम प्रकाश गोप, प्रीतम सिंह, निलंकार, रितेश यादव, साकेत सिंह, अनीश सिंह, दिलीप कुमार, संजय यादव, रविन्द्र यादव, डब्बू यादव, पवन यादव, मनीष गुप्ता, किस्सू मिश्रा, रंजीत यादव के साथ साथ महासमिति के कई कार्यकारी सदस्य उपस्थित रहे।

### डाककर्मियों ने अपने क्षेत्र के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने का लिया संकल्प



**हजारीबाग** : रिफॉर्मेटरी स्कूल डाकघर में कॉलेज मोड, कोर्रा व रिफॉर्मेटरी स्कूल डाकघर के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण डाकघर नगरी चुरचू, मोरंगी, बभनबै, भेलवारा, धेगुरा मोड़, कदमा, गदोखर, सलगावां, रेवली, चंदवार, जगदीशपुर, ओरिया, रोला, सितागढा, बहिमर, डाँड़, कटकमसांडी, लूपुंग, पबरा, पेलावल, रोमी, शाहपुर, सुल्ताना के डाककर्मियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। सहायक डाक अधीक्षक ब्रजेश कुमार पासवान ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का महापर्व है, डाक विभाग मतदाता पहचान पत्र वितरण के लिए पूरी तरह कृत संकल्पित है इसलिए हमें हर हाल में मतदाता पत्र मिलते ही संबंधित व्यक्ति को इसे देना है। हमें अपने आसपास के लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। मौके पर रेफरोमेट्री स्कूल के उप डाकपाल रौशन कुमार सिंह, डाक सहायक प्रियम राज, डाक अधिदर्शक राजीव कश्यप, राजीव रंजन मिश्रा, संजीत कुमार यादव, प्रियांशु ठाकुर, अभिषेक कुमार, आशीष कुमार पांडे, अमन कुमार, बेबी कुमारी गायत्री देवी अंजली राय, स्वेच्छा सिंह, फूल कुमारी, अंजली कुमारी सहित काफी संख्या में डाककर्मी उपस्थित थे। सभी ने मतदान करने एवं अपने क्षेत्र के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

### जिला उपाध्यक्ष सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने छोड़ा भाजपा का साथ



**चौपारण** : प्रखंड चौपारण निवासी सह जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय ने भाजपा की सदस्यता एवं पद से दिया इस्तीफा। जिला अध्यक्ष भाजपा हजारीबाग को संबोधित पत्र जारी करते हुए उन्होंने बताया कि एक तरफ भाजपा ने वर्तमान लोकसभा चुनाव में कई दागी चेहरों को टिकट दिया वहीं दूसरी तरफ साफ सुथरी छवि वाले लोगों को दरकिनार किया गया। भाजपा अपने मूल सिद्धांत से भटक गई है। अपने अभिभावक व हजारीबाग लोकसभा के पूर्व सांसद यशवंत सिन्हा से प्रभावित होकर व भाजपा के कतिपय वरिष्ठ नेताओं के व्यवहार से आहत होकर इस्तीफा देने का निर्णय लेना पड़ा। पार्टी में काफी उपेक्षित महसूस कर रहा था। पहले वाली भाजपा अब नहीं रही,हजारीबाग लोकसभा से एक व्यापारी को टिकट देकर भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ताओं के साथ धोखा हुआ है जिसका खामियाजा इस चुनाव में भाजपा को भुगतना पड़ सकता है। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता संजय सिंह ने इस्तीफा देते हुए कहा कि पार्टी में अब काफी उपेक्षित महसूस कर रहा था, जिसको पार्टी ने लोकसभा का टिकट दिया बिल्कुल ही गलत व्यक्ति को दिया गया। पार्टी को पिछले 30 वर्षो से पार्टी को निष्ठा से सेवा किया लेकिन आज उपेक्षित रखते हुए नहीं खोजा जा रहा था, ना किसी कार्य में लगाया गया, पहले वाली भाजपा नही रही। सिर्फ चेहरा देखकर काम करती है जिससे आम कार्यकर्ता अपने को उपेक्षित महसूस कर रहा है। पार्टी को इसका नुकसान लोकसभा व विधानसभा चुनाव में उठाना पड़ेगा। वरिष्ठ भाजपा नेता केदार यादव,पदमा ने कहा कि पार्टी पर कुछ व्यक्ति विशेष लोग हावी हो गए हैं और साधारण कार्यकर्ताओं को हाशिए पर धकेल दिया गया है।

### समस्त हिन्दू परिवार को एक सूत्र में बांधना मेरा उद्देश्य : शशि भूषण केशरी

**बड़कागांव** : लोक सभा निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केशरी ने हजारीबाग रोड स्थित रुकमणी भवन में प्रेस वार्ता किया। कहा राजनीति में आने का मेरा उद्देश्य समाज सेवा, समस्त हिन्दू परिवार को एक सूत्र में बांधना, देश की बहन बेटियों की सुरक्षा, भष्टाचार, बेरोजगारी दूर करने के साथ-साथ समस्त हिन्दू परिवार को एक सूत्र में बांधना है। आज बडकागांव क्षेत्र की जनता जिन समस्याओं से जूझ रही है वो अछुता नही है। इस क्षेत्र में विकास के नाम राजनीति कर लोगों को ठगने का काम किया गया है। ऐसी ठग वाली राजनीति से लोगों को बचाना है । यहां के लोगों को उनका सही हक और न्याय दिलाने का काम करूँगा। हिन्दू युवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज मेहता ने कहा कि मेरे संघ का समर्थन श्री केशरी के साथ है। आज जिस तरह से क्षेत्र में भष्टाचार और बेरोजगारी को बढ़ावा देते हुए क्षेत्र के विकास को ठेंगा दिखाया गया है वैसे में जरूरत है श्री केशरी जैसे कर्मठ युवा समाजसेवी के हाथों में कमान सौंपने का सूजीत मेहता राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राम सेवा संगठन ने कहा कि जिस तरह से जात-पात की राजनीति कर नेताओं ने हम लोगों को ठगा है आज समस्त हिन्दू परिवार आहत है।

# झारखंड हाई कोर्ट ने कहा, रांची में ड्रग्स की खरीद-बिक्री की जड़ तक पहुंचना होगा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने रांची शहर में ड्रग्स की खरीद-बिक्री को लेकर मौखिक नाराजगी जताते हुए कहा कि राजधानी रांची में ड्रग्स का कारोबार रुक नहीं रहा है। रांची एसएसपी सहित पुलिस के आला अधिकारी राजधानी में ड्रग्स की खरीद-बिक्री पर रोक नहीं लग पा रहे हैं। ड्रग्स बिक्री के मुख्य सूत्रधार पर पुलिस को एक्शन लेना चाहिए। ड्रग्स की खरीदी-बिक्री की जड़ तक पुलिस को पहुंचना होगा।




कोर्ट ने कहा कि पुलिस केवल छोटे-छोटे ड्रग्स विक्रेताओं को ही पकड़ रही है। ड्रग्स की खरीद-बिक्री के मुख्य सूत्रधार अभी भी खुले घूम रहे हैं, जिस कारण ड्रग्स के कारोबार पर रोक नहीं लग पा रही है। कोर्ट ने मामले में डीजी सीआईडी को ड्रग्स की खरीद-बिक्री पर रोकथाम पर एक्शन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही मामले में झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी झालसा को प्रतिवादी बनाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि रांची में जिन थाना क्षेत्रों में ड्रग्स की खरीद-बिक्री अभी भी चल रही है वहां के थाना इंचार्ज ने क्या कार्रवाई की है। इसके अलावा जो पुलिस अधिकारी ड्रग्स की खरीद-बिक्री पर रोक लगाने में असफल रहे उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 14 मई निर्धारित की है। साथ ही नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को भी ड्रग्स की रोकथाम पर राज्य की पुलिस एजेंसी के साथ मिलकर कार्रवाई करने को कहा है।

राजधानी रांची में ड्रग्स की खरीद-बिक्री को लेकर छपी खबर को हाई कोर्ट ने गंभीरता से लिया है। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए रांची एसएसपी को ड्रग्स कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। खंडपीठ ने कहा था कि सुखदेव नगर थाना इलाके में जो भी ड्रग्स के कारोबार करने वाले दुकानदार या अन्य लोग शामिल है उन्हें चिह्नित किया जाए और उनकी गिरफ्तारी जल्द सुनिश्चित की जाए। कोर्ट ने राज्य सरकार से नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी पर रिपोर्ट मांगी थी।

## हाई कोर्ट में वकीलों ने बंद पड़े एस्केलेटर को दी श्रद्धांजलि



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के चार एस्केलेटर की खराब स्थिति को देखते हुए मंगलवार को हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन ने एस्केलेटर पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। एसोसिएशन के अध्यक्ष ऋतु कुमार ने कहा कि 12 जून से हम लोग हाई कोर्ट के नए भवन में आए लेकिन उसके बाद से हाई कोर्ट के चार एस्केलेटर एक साथ कभी चलते नहीं देखे गए। एस्केलेटर के खराब रहने से अधिवक्ताओं एवं हाई कोर्ट आने वाले मुवक्किलों को प्रतिदिन काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि चार में से तीन एस्केलेटर खराब हैं और वह नहीं चल रहे हैं। इस संबंध में हाई कोर्ट प्रबंधन एवं हाईकोर्ट की बिल्डिंग कमेटी को भी जानकारी दी गई थी लेकिन उनकी ओर से कुछ नहीं किया गया। इससे आजिज होकर आज वकीलों ने फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी है। श्रद्धांजलि देने के बाद अधिवक्ताओं ने नीचे वाले एस्केलेटर का प्रयोग बंद कर दिया।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बुंडू के दो मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची/बेड़ो :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जहां लगातार दिशा-निर्देश दे रहे हैं, वहीं विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर निर्देश पर अमल की निगरानी भी कर रहे हैं। उसी के तहत मंगलवार को रांची जिले के बुंडू प्रखंड क्षेत्र के दो मतदान केन्द्रों का उन्होंने निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर बीएलओ द्वारा वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप का वितरण, मतदाता मार्गदर्शिका के वितरण एवं अब्सेंट, शिफ्ट, डेथ (एएसडी) सूची के अद्यतीकरण कार्य की गहराई से छानबीन की। उपरोक्त कार्य में शिथिलता मिलने पर नाराजगी जताते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि अगर संबंधित पदाधिकारी की लापरवाही के कारण किसी भी मतदाता को अपने मताधिकार के प्रयोग में परेशानी की शिकायत आई, तो कड़ी कार्रवाई होगी। निर्वाचन से संबंधित सभी कार्य ससमय संपन्न कराए जाने के लिए सभी जिलों के लिए कैलेण्डर तय है। जिनकी भी जहां जिम्मेवारी है उन्हें निर्धारित समय से पूरा करना है। उन्होंने निर्वाचन कार्य की तैयारी में गति लाने का निर्देश दिया। साथ ही शिथिलता बरते जाने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने मतदाता मार्गदर्शिका एवं वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप के वितरण में तेजी लाते हुए शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही एएसडी की अपूर्ण सूची को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदाताओं की सहायता हेतु नियुक्त किये जाने वाले वालिंटियर से संबंधित सूची एवं मतदान केंद्र जागरूकता समूह की सूची का भी अवलोकन कर इसे पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने बुंडू के राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय प्रखंड कॉलोनी के मतदान केंद्र संख्या 69 एवं राजेंद्र आश्रम कन्या मध्य विद्यालय के मतदान केन्द्र संख्या 72 का निरीक्षण किया।

## रांची में अलग-अलग स्थानों पर ईडी की छापेमारी, डेढ़ करोड़ बरामद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम मंगलवार को एक साथ रांची में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर रही है। बताया गया है कि डोरंडा के राजीव सिंह नामक कॉन्ट्रैक्टर के ठिकाने से डेढ़ करोड़ रुपये कैश बरामद किया गया है। ईडी ने जांच में पाया है कि इसने 10 करोड़ रुपये हाल के दिनों में लेन-देन किया है। इसके अलावा कांके पतरा टोली निवासी पथ निर्माण विभाग में एसडीओ अजय मुंडा के पैतृक आवास पर ईडी की छापेमारी चल रही है। सिंह मोड़ के पास रहने वाले एक बिल्डर के साथ रांची के रातू और आईटीआई बस स्टैंड के पास रहने वाले दो बिल्डरों के यहां भी छापेमारी चल रही है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सोमवार को ईडी ने छापेमारी कर 35.23 करोड़ बरामद किये थे। इस मामले में ईडी ने देर रात मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर को गिरफ्तार कर लिया था।

## रांची पुलिस ने उग्रवादियों के खिलाफ चलाया अभियान, एक बाइक बरामद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची पुलिस ने बुढ़मू थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के उग्रवादियों के जमावड़े की सूचना पर मंगलवार को छापेमारी की। पुलिस का भनक लगते ही उग्रवादी जंगल में भागने लगे।

उग्रवादियों को पुलिस टीम के जरिये काफी दूर तक पीछा किया गया। लेकिन उग्रवादी घने जंगल एवं पहाड़ का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस टीम ने सर्च के दौरान उग्रवादियों का एक लुटा हुआ अपाची बाइक बरामद किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर खलारी डीएसपी के नेतृत्व में थाना प्रभारी बुढमू, क्यूआरटी और झारखंड जगुआर की टीम ने इलाके में सर्च अभियान चलाया। इस दौरान उग्रवादियों का एक लूटा हुआ बाइक बरामद किया गया है।

## रांची लोकसभा क्षेत्र की स्क्रूटनी में 27 उम्मीदवारों के नामांकन सही मिले, छह किये गये अस्वीकृत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची संसदीय क्षेत्र के लिए संवीक्षा (स्क्रूटनी) की प्रक्रिया मंगलवार को संपन्न हुई। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कमरा संख्या 207 में उम्मीदवारों और उनके प्रस्तावकों की उपस्थिति में रांची संसदीय क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा के जरिये बारी-बारी से सभी 33 उम्मीदवारों के नाम-निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी की गयी। स्क्रूटनी में 27 उम्मीदवारों के नामांकन सही पाये गये जबकि छह उम्मीदवारों के नामांकन अस्वीकृत कर दिए गए।




सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्यूनिस्ट) से मिंटू पासवान, अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया से रामहरि गोप, निर्दलीय से अरशद अयूब, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से पंकज कुमार रवि, भारतीय जनता पार्टी से संजय सेठ, लोक अधिकार पार्टी से हरिनाथ साहू, आदिवासी किसान मजदूर पार्टी से अंजनी पांडे, मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल से धनंजय कुमार भगत, निर्दलीय से मनोरंजन भट्टाचार्य, बहुजन समाज पार्टी से मनोज कुमार, राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी से निपु सिंह, भारतीय जनतंत्र मोर्चा से धर्मेंद्र तिवारी, अबुआ झारखंड पार्टी से बिरेंद्र नाथ मांझी, निर्दलीय देवेंद्र नाथ महतो, सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी से प्रवीण कच्छप, निर्दलीय कामेश्वर प्रसाद साव, एकल सनातन भारत दल से सर्वेश्वरी साहू, जय महाभारत पार्टी से सोमा सिंह, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से यशस्विनी सहाय, भागीदारी पार्टी से श्याम बिहारी प्रजापति, बहुजन मुक्ति पार्टी से विनोद उरांव, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) से रंजना गिरि, निर्दलीय प्रवीण चन्द्र महतो, निर्दलीय ऐनुल अंसारी, निर्दलीय संतोष कुमार जायसवाल, समता पार्टी से हेमंती देवी, निर्दलीय कोलेश्वर महतो के नामांकन सही पाए गए।

### छह उम्मीदवारों के नामांकन रद

स्क्रूटनी के दौरान छह उम्मीदवारों के नामांकन में त्रुटि पायी गयी, जिसके बाद उनका नामांकन अस्वीकृत कर दिया गया। इनमें निर्दलीय संदीप उरांव, निर्दलीय संजय कुमार महतो, झारखंड जनक्रांति मोर्चा से अमरेंद्र कुमार, निर्दलीय प्रेमनाथ बड़ाईक, निर्दलीय मंजू देवी, स्वराज एकता पार्टी से सुशील कुमार शामिल हैं। स्क्रूटनी के बाद जिन उम्मीदवारों के नामांकन स्वीकृत हुए हैं वे नौ मई को तीन बजे तक नाम वापस ले सकते हैं। इसी दिन अपराह्न चार बजे से उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किये जायेंगे।

इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, सहायक निवार्ची पदाधिकारी 64-हटिया विधानसभा क्षेत्र राजेश्वरनाथ आलोक, सहायक निवार्ची पदाधिकारी 63-रांची विधानसभा क्षेत्र उत्कर्ष कुमार एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### छवि रंजन सहित नौ आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी

**रांची :** बरियातू के सेना के कब्जे वाली जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री में शामिल निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन सहित नौ आरोपितों की जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ईडी कोर्ट में पेशी हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने मंगलवार को सभी आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ा दी है। अदालत ने अगली पेशी की तिथि 21 मई निर्धारित की है। मामले में छवि रंजन के साथ बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, प्रदीप बागची, दलाल रिम्स कर्मी अफसर अली, इम्तियाज अहमद, सद्दाम हुसैन, तल्हा खान, फैयाज अहमद एवं अमित अग्रवाल आरोपित हैं। छवि रंजन चार मई, 2023 से जेल में बंद है।

### छठे चरण के चुनाव नामांकन पत्रों की जांच में 22 की उम्मीदवारी रद

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि छठे चरण के चुनाव के लिए दाखिल नामांकन की स्क्रूटनी में 22 उम्मीदवारों का पर्चा रद हो गया है। सबसे अधिक 7 उम्मीदवारों का पर्चा गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से रद हुआ है। यहां अब कुल 18 प्रत्याशी चुनाव मैदान में बचे हैं। धनबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 3 का पर्चा रद्द हुआ है। अब यहां कुल 25 उम्मीदवार बचे हैं। रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 6 लोगों का पर्चा खारिज हुआ है। यहां से अब 27 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं जमशेदपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से भी 6 लोगों का पर्चा रद हुआ है। यहां अब 26 उम्मीदवार बचे हैं। इस चरण में नाम वापसी की अंतिम तारीख 9 मई है। सांतवें चरण के चुनाव में नामांकन के पहले दिन कुल तीन प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। उसमें राजमहल (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से एक नामांकन दाखिल किया गया है। गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से दो लोगों ने नामांकन पत्र भरा है। जबकि, दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से पहले दिन एक भी नामांकन नहीं किया गया।

### चोरी गया ऑटो बक्सर से बरामद तीन गिरफ्तार

**रांची :** अरगोड़ा थाना पुलिस ने चोरी के ऑटो को बिहार के बक्सर के नवाबाजार थाना क्षेत्र से बरामद करते हुए तीन चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोरों में जितेन्द्र यादव, अरविंद कुमार यादव और शंकर कुमार यादव शामिल है। इनके पास से चोरी का ऑटो बरामद किया गया है। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने बताया कि सात जनवरी को राकेश शर्मा ने थाने में ऑटो चोरी होने का मामला दर्ज कराया था।

### सोशल मीडिया पर #मैं भी इलेक्शन एंबेसडर कर रहा ट्रेंड

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के कार्यालय द्वारा # मैं भी इलेक्शन एंबेसडर अभिया हैशटैग अभियान ट्वीटर (एक्स) पर मंगलवार शाम में ट्रेंडिंग में आ गया। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस अभियान से जुड़े सभी मतदाताओं, पदाधिकारियों, कर्मचारियों एवं सोशल मीडिया के इंफ्लुएंसर को धन्यवाद कहा। रवि कुमार ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान के प्रति मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए आयोजित इस सफल अभियान में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर लाखों की संख्या में पोस्ट हुए। इस तरह के अभियान से सोशल मीडिया से जुड़े मतदाताओं को जागरूक करने में सहायता प्राप्त होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### जेबीकेएसएस के अध्यक्ष जयराम महतो को कोर्ट से मिली राहत, पीड़क कार्रवाई पर रोक




**रांची :** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के अध्यक्ष और गिरिडीह लोकसभा सीट से उम्मीदवार जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका पर मंगलवार को रांची सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने उसके खिलाफ किसी भी पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही कोर्ट ने इस केस के अनुसंधानकर्ता को कोर्ट के समक्ष डायरी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त ( एजेसी 15) अमित शेखर की कोर्ट में जयराम की याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई की तिथि 21 मई निर्धारित की है। जयराम महतो के खिलाफ रांची पुलिस ने रांची के नगड़ी थाना में वर्ष 2022 में दर्ज कांड संख्या 48/ 22में वारंट लिया है। वारंट प्राप्त करने के बाद रांची पुलिस ने जयराम महतो को गिरफ्तार करने के लिए दबिश भी दी थी लेकिन वह पुलिस की पकड़ में नहीं आया।

### रांची में दो लोगों ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

**रांची :** सदर थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर दो लोगों के खुदकुशी करने का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया है। खुदकुशी का पहला मामला सदर थाना क्षेत्र के चुना भट्ठा में घटी है, जहां सिंकू पासवान (36) ने खुदकुशी कर ली। सिंकू पासवान रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र का रहने वाला था। वह चुना भट्ठा स्थित अपने ससुराल आया हुआ था। परिजनों के अनुसार ससुराल में ही उसका अपनी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर सोमवार की रात जमकर झगड़ा हुआ था। इस वजह से सिंकू पासवान ने खुदकुशी कर ली। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद मंगलवार को सिंकू के शव पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। जबकि दूसरा मामला सदर थाना क्षेत्र के भाभा नगर का है। विजय राम (56) ने अपने ही घर खुदकुशी कर ली। विजय राम रांची के एक डॉक्टर के यहां ड्राइवर के तौर पर काम किया करते थे। मामले की जानकारी मिलने पर सदर थाने की टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। विजय का तबीयत खराब रहने के कारण उसने खुदकुशी की। थाना प्रभारी कुलदीप ने बताया कि मंगलवार सुबह सदर थाना क्षेत्र में दो लोगों के अलग अलग स्थानों पर खुदकुशी की है।

### श्याम मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन



**रांची :** भूत पिशाच निकट नहीं आवे महावीर जब नाम सुनावे के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 100 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 100 वां कार्यक्रम मंगलवार को धूमधाम से संपन्न हुआ। अमरनाथ टेकरीवाल इंदु देवी टेकरीवाल ने परिवार संग हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा केसरिया पेड़ा सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने निवेदित की। अमरनाथ टेकरीवाल ने रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचको का चंदन वंदन किया। श्री गणेश वंदना करके हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक डफली झांझ करताल के सुरताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। बजरंगबली की जय जयकारों से हरमू रोड गूंज रहा था। पाठ के समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन करके महाआरती की गई। सभी भक्तजनों को केसरिया पेडा चना गुड़ फल व नारियल का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी श्रवण ढानढनिया कौशल चौधरी आदि उपस्थित थे।

### राज्य में तपती गर्मी के बीच राहत बनकर बरसीं बारिश की बूंदे



**रांची :** राज्य में मंगलवार की शाम मौसम ने करवट ली। शाम होते ही राज्यवासियों को तपती गर्मी से थोड़ी राहत मिली। राजधानी रांची, रामगढ़ और गुमला समेत कुछ जिलों में तेज हवाओं के साथ छिटपुट बारिश हुई। दोपहर बाद कुछ जिलों में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। इससे लोगों को गर्मी की तपिश से राहत मिली। रांची में बूंदा-बांदी से मौसम सुहाना हो गया। राज्य के कई जिलों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री तक पहुंच गया था। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आठ और नौ मई को राज्य में कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। कई जगहों पर 10 और 11 को भी हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश देखने को मिलेगी। इस दौरान गरज के साथ वज्रपात की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। रांची, पश्चिमी सिंहभूम, खूंटी, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, दुमका और देवघर में ओलावृष्टि हो सकती है। तेज हवाएं (40-50 किलोमीटर प्रति घंटे) भी चल सकती हैं। मौसम विभाग ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

एक नजर

## 10 मई को केंद्रीय रक्षा मंत्री के बोकारो आगमन को लेकर की हुई बैठक

**बोकारो** : सेक्टर 2 सी दुर्गा पूजा मैदान में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के 10 मई को आगमान को लेकर धनबाद लोकसभा भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में विशाल जनसभा को करेंगे संबोधित उक्त आंशय की जानकारी देते हुए बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहां की कुशल संगठनकर्ता,प्रखर वक्ता,केंद्रीय रक्षा मंत्री सह पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह के आगमन को लेकर कार्यकताओं में खासा उत्साह है उनके सभा को सुनने के लिए क्षेत्र की जनता भी उत्साहित हैबोकारो विधायक बिरंची नारायण के आवासीय कार्यालय में जिलाध्यक्ष जयदेव राय की अध्यक्षता में तैयारी बैठक हुई जिसमें लोकसभा के सहसंयोजक रोहित लाल सिंह,शरद महतो शशिभूषण ओझा मुकुल, मनोज सिंह, अनिल सिंह, अभय कुमार गोलू,राजू गुप्ता अन्य सदस्य गण मौके पर मौजूद रहे।

## रेलवे की संपत्ति को सुरक्षित रखना मेरी पहली प्राथमिकता: संजीव कुमार



**सिल्ली/मुरी**: रेलवे सुरक्षा बल मुरी पोस्ट में नए थाना प्रभारी के रूप में संजीव कुमार ने अपना योगदान दिया। योगदान देने के बाद उन्होंने कहा कि रेलवे की संपत्ति को सुरक्षित रखना ही मेरी पहली प्राथमिकता है। हमारे कार्यक्षेत्र में किसी प्रकार का गैर कानूनी कार्य होने नहीं दिया जाएगा और उस पर पूरी तरह से नकेल भी कसा जाएगा। बताते चले की संजीव कुमार पूर्व में चक्रधरपुर और चाईबासा रेलवे सुरक्षा बल में थाना प्रभारी के रूप में काम कर चुके हैं।

## दहेज हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

**दुमका**: दहेज हत्या के मामले में मुफस्सिल थाना पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार पति थाना क्षेत्र के रामपुर कुरूवा गांव निवासी भगीरथ महतो है। भगीरथ मूलरूप से जामताड़ा के बिंदापाथर निवासी है। जानकारी के अनुसार भगीरथ महतो की शादी के महज तीन माह पहले जामताड़ा जिले के बिंदापाथर थाना क्षेत्र के शिमला गांव निवासी कविता कुमारी से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित कर रहे थे। सोमवार को विवाहिता का संदिग्ध अवस्था में शव ससुराल में मिला। विवाहिता का गला दबाकर हत्या कर आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे से लटका दिया। सूचना पर विवाहिता के मायके वाले दुमका पहुंचे।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने की बाल कल्याण समिति की अपील

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो** : बाल विवाह एक सामाजिक कुरुति है और इसे सामाजिक तौर पर संगठित होकर ही दूर किया जा सकता है । इसके पीछे अशिक्षा, और जन जागरूकता मूल कारण है। यह बातें आज बाल कल्याण समिति बोकारो के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहीं। उन्होंने कहा कि आगामी 10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर सामूहिक बाल विवाह कई मंदिरों में होते हैं। इसके लिए हम लोगों ने कमर कस रखी है। लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और चाइल्ड हेल्पलाइन, सहयोगिनीसंस्था, जिला बाल संरक्षण इकाई के सहयोग से हम लोग जिला प्रशासन के नेतृत्व में बाल विवाह जैसी कुरीतियों को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। जनप्रतिनिधियों अधिकारियों और क्षेत्र में कार्यरत स्वयंसेवी संस्थाओं से यह अपील है कि अपने प्रत्येक कार्यक्रम में बाल विवाह जैसी कुरीतियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दें। 1098 पर सूचना देकर किसी भी बालिका को वधू बनने से रोका जा सकता है। बाल विवाह से एक बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास अवरुद्ध हो जाता है उसके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 तथा किशोर न्याय अधिनियम 2015 अंतर्गत धारा 75 पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यदि किसी बच्चे का बाल विवाह होता है तो वह क्रूरता का शिकार हो रहा है। इसके खिलाफ जेजे एक्ट की धारा 75 के तहत दो साल की सजा और एक लाख जुमार्ना या दोनों का प्रावधान है। राज्य सरकार द्वारा बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 धारा 16 की उप धारा 01 के तहत प्रत्येक क्षेत्र के प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी को बाल विवाह निषेध अधिकारी नियुक्त किया गया है। किसी भी बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह नोडल बाल विवाह निषेध पदाधिकारी बाल विवाह घटना प्रपत्र में पूर्ण जानकारी बाल कल्याण समिति और उच्च अधिकारियों को उपलब्ध कराएंगे। लेकिन बोकारो जिले में ऐसा व्यवहार में नहीं देखा जा रहा है। इसके लिए बाल कल्याण समिति सभी बाल विवाह निषेध अधिकारी को सूचना उपलब्ध करा रही है। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 को अधिक प्रभावी बनाने हेतु बाल विवाह निषेध अधिकारी के रूप में निम्नलिखित पदों को भी नियुक्त किया गया है। पंचायत सचिव पंचायत स्तर पर, महिला पर्यवेक्षिका, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, उपायुक्त, प्रमंडलीय आयुक्त और झारखंड राज्य के स्तर पर निदेशक समाज कल्याण। यदि इन सब की अतिरिक्त कहीं भी बाल विवाह की सूचना प्राप्त होती है तो 1098, बाल कल्याण समिति, बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, सहयोगिनी, संबंधित पंचायत सचिव जनप्रतिनिधि के माध्यम से सूचना दे सकते हैं। अभी हाल ही में अक्षय तृतीया पर बाल विवाह को लेकर राजस्थान उच्च न्यायालय की खण्डपीठ ने एक अहम फैसले में यह कहा है कि जिस पंचायत में बाल विवाह की घटना पाई जाएगी वहां के पंचों और सरपंचों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## हथियार की खरीद-बिक्री करते दो अपराधी रंगेहाथों गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी** : पुलिस ने मंगलवार को तोरपा थाना क्षेत्र के कुल्डा जंगल में छापामारी कर दो अपराधियों को एक लोडेड देसी पिस्तौल और एक टाटा नेक्शन गाड़ी के साथ अवैध हथियारकातूस की खरीद-बिक्री करते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में नीतीश कुमार और अतीश राम शामिल हैं। इस आशय की जानकारी तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर क्रिकेटर ने मंगलवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि एसपी को सूचना मिली थी कि कुल्डा जंगल में कुछ अपराधकर्मी अवैध हथियारों की खरद-बिक्री और किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए तोरपा के एसडीपीओ के नेतृत्व में छापामारी दाल का गठन किया गया। पुलिस टीम ने कुल्डा जंगल में छापामारी कर हथियार के साथ दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ ने बताया कि आतीश राम का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ 2021 और 2022 में विभिन्न धाराओं के तहत दो मामले दर्ज हैं। छापामारी टीम में एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा, पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय, पुलिस अव निरीक्षक अमरेंद्र मंडल और आनंद कुमार पंडित, सहायक अवर निरीक्षक जयदीप मेहता, हवलदार रूबेन केरकेट्टा शामिल थे। दोनों के खिलाफ तारपा थाने में मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## रोटरी क्लब बोकारो ने लगाया 11वां नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : रोटरी क्लब, बोकारो ने अपना 11वां निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर 'पीपीएच, अपना नंबर जानें', न्यू श्री दुर्गा मेडिकल, लक्ष्मी मार्केट परिसर में आयोजित किया। शिविर पारस अस्पताल, एचईसी, रांची के सहयोग से आयोजित किया गया। कुल 55 लोगों के बीपी, शुगर, वजन और ऊंचाई आदि की जांच की गई। टीम का नेतृत्व पारस अस्पताल रांची के डॉ एस.के ओझा, प्रबंधक शशि आनंद, मिस मीना और शंकर ने किया। अध्यक्ष ने इस तरह की नियमित जांच पर जोर दिया क्योंकि ये जांच गंभीर जटिलताओं को रोकने में मदद करती हैं। क्लब हर महीने इस तरह के शिविरों का आयोजन करता रहा है और इस से कई वंचित व्यक्तियों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से गंभीर समस्याओं से निपटने में मदद मिली है। अध्यक्ष ने पारस अस्पताल की टीम और न्यू श्री दुर्गा मेडिकल के मालिक चिराग राज को धन्यवाद दिया। रोटरी क्लब से अध्यक्ष घनश्याम दास, रो. अशोक तनेजा, रो. अनिल त्रेहन, रो. अशोक केडिया, रो. आर.एन. प्रधान ने सक्रिय सहयोग दिया। मंगलवार को क्लब द्वारा दो दिवसीय नेत्र एवं दंत जांच शिवर का केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 में समापन हुआ। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज कुमार और उन के सहायक श्री बजरंगी कुमार और डॉ. शिवम त्रिपाठी द्वारा नेत्र जांच और दंत जांच जारी रहा।

## हैवी ब्लास्टिंग से उड़े पत्थर से घर को पहुंचा नुकसान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : चेन्नई राधा के कंपनी में हैवी ब्लास्टिंग से उड़े पत्थर ननकू मल्लाह के घर में जा गिरी। जिससे बड़ा पत्थर गिरने से घर के एस्बेस्टश को तोड़ते प्लग, टीवी, घर का अन्य सामान की क्षतिपूर्ति हो गई। ग्रामीणों ने कहा कि बिना जाली का ब्लास्टिंग करने से हुई घटना,ग्रामीणों का आरोप है कि आउटसोर्सिंग के प्रबंधन द्वारा बिना सायरन के हैवी ब्लास्टिंग होने के कारण चंदौर पहाड़ी कर ननकू मल्लाह के घर का कर्कट टूटने व घर के टी वी,फ्रिज पलंग को नुकसान होने की बात कही।साथ ही बकरी मर जाने की बात आई। ग्रामीणों का कहना था कि डी जी एम एस के नियमो को ताक पर रखकर कंपनी द्वारा हैवी ब्लास्टिंग किया जा रहा है,जिससे आये दिन पत्थर उड़ने व घटना घटित होती है,पीड़ित ने बताया कि प्रबंधन हमलोगों को मुआवजा देकर सुरक्षित स्थान पर बसाने की मांग कर रहे थे। घटना के बाद 2 बजे से समाचार लिखे जाने तक कंपनी का कार्य ठप था। कंपनी के लोगो से संपर्क करने पर सम्पर्क नही हो पाया, घटना के दो घंटे बाद तक प्रबंधन के लोग नही पहुचने से लोगो मे नाराजगी दिखी।

## इनमोसा के प्रयास से कैडर स्कीम में संशोधन के तहत सभी कंपनियों में कमेटी गठित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : राष्ट्रीय संगठन सचिव सह उप महामंत्री, बीसीसीएल के कुश कुमार सिंह ने अवगत कराया कि माइनिंग सुपरवाइजरी स्टाफ के प्रमोशन कैडर स्कीम के संशोधन हेतु पत्रांक के माध्यम से चेयरमैन कोल इंडिया एवं कोयला मंत्रालय को विगत कई वर्षों से कई बार अवगत कराया गया। इस संदर्भ में निदेशक कार्मिक कोल इंडिया से एजेंडा मीटिंग में कैडर संशोधन की बात रखी गई थी। कुश कुमार ने कहा कि माइनिंग सुपरवाइजरी स्टाफ को अपने पूरे कार्यकाल में सिर्फ तीन ग्रेड प्रमोशन दिया जाता है। जो किसी भी स्थिति में न्याय संगत नहीं है। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया उच्च प्रबंधन ने कैडर स्कीम की समीक्षा के विषय को संज्ञान में लिया एवं तत्परित कार्रवाई करने पर संगठन के तमाम पदाधिकारी ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मिश्रा कमेटी के तहत मीनिंग सुपरवाइजर को ग्रेड -उ से ए-5 तक प्रमोशन कैडर जारी किया गया था परंतु किसी कारणवश यह संशोधन कुछ समय बाद बंद हो गया। श्री कुश कुमार कहा कि पूरे कार्यकाल में तीन प्रमोशन होने से करियर एवं आर्थिक ग्रोथ में भारी नुकसान होता है। बीसीसीएल जोन के केंद्रीय कमेटी के ओर से कैडर स्कीम के संशोधन हेतु उप महामंत्री कुश कुमार सिंह ने अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समीरन दत्ता एवं निदेशक को पत्रांक के माध्यम से कैडर संशोधन में मांग पत्र दिया। अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने मांग पत्र पर कोल इंडिया प्रबंधन से अनुशंसा करने की बात कही। कुश कुमार ने कहा कि मीनिंग सुपरवाइजर कंपनी के हर परिस्थिति में कंपनी के साथ खड़े रहते हैं और करियर ग्रोथ उनका अधिकार है।

# राहुल गांधी ने ग्रेजुएट को हर साल एक लाख रुपये और युवाओं को पक्की नौकरी देने का किया वादा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गुमला** : कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को चाईबासा के बाद गुमला जिले के बसिया के कोनबीर एनएचपीसी मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए लोहरदगा से कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत के लिए वोट मांगे। साथ ही केंद्र में सरकार बनने पर नौकरी का अधिकार देने, ग्रेजुएट के खाते में हर साल एक लाख रुपये डालने और बेहतर काम करने वालों की नौकरी पक्की करने का वादा किया। राहुल गांधी ने कहा कि यदि उनकी सरकार बनती है तो वे युवाओं के लिए ऐसी योजना लाएंगे कि उनकी पहली नौकरी पक्की मिलेगी। ये नौकरी देश के अच्छे प्राइवेट संस्थानों में दी जाएगी। साथ ही कहा कि वे सेना से अग्निवीर योजना को खत्म करेंगे और सबके लिए एक जैसी नौकरी होगी। उन्होंने किसानों, आदिवासियों, महिलाओं और युवाओं के उत्थान की बात कही। साथ ही कहा कि जल, जंगल, जमीन पर आदिवासियों का पहला अधिकार है लेकिन भाजपा आपको वनवासी कहती है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा आदिवासियों की भाषा-संस्कृति को कुचलना चाहती है जबकि कांग्रेस उनकी उनका संरक्षण करना चाहती है। उन्होंने कहा कि जीएसटी में भी कई खामियां हैं। सरकार बनी तो एक टैक्स सिस्टम बनाएंगे। राहुल ने कहा कि मनरेगा में 250 रुपये मजदूरी मिलती है। यह हमारी योजना थी। नरेन्द्र मोदी इसको ठीक से लागू नहीं करते। हमारी सरकार बनी तो मनरेगा में 400 रुपये मजदूरी मिलेगी। आशा और आंगनबाड़ी की महिलाओं की राशि दोगुनी करेंगे। किसानों का कर्जा मोदी सरकार ने माफ नहीं किया। हमारी सरकार बनी तो गरीब किसानों का कर्जा माफ करेंगे। साथ ही एमएसपी देंगे।नोटबंदी, गलत जीएसटी और अग्निवीर सिस्टम से युवाओं का हक मारा गयाराहुल गांधी ने कहा कि नोटबंदी, गलत जीएसटी और अग्निवीर सिस्टम से युवाओं का हक मारा गया है। आज युवा ठेकेदारी प्रथा में काम कर रहे हैं। चेहरा अच्छा नहीं तो नौकरी से निकाल देते हैं। हम सरकार में ठेकेदारी प्रथा खत्म करेंगे। पेंशन के साथ नौकरी देंगे। अमीर परिवार के बच्चे जॉब मार्केट में जाने से पहले एक साल की नौकरी करते हैं। इसके बाद अच्छा काम करने पर उनकी नौकरी कंपनियों में पक्की हो जाती है। इससे सबक लेते हुए हम हर वर्ग के ग्रेजुएट युवाओं को पहली नौकरी का अधिकार देंगे।

संक्षिप्त खबरें

## धनबाद में छात्रा की सड़क दुर्घटना में मौत पर लोगों ने जताया शोक



**कतरास (धनबाद)**: धनबाद में कल हुई सड़क दुर्घटना में स्कूली छात्रा की दर्दनाक मौत के बाद राजकमल नर्सरी मध्य विद्यालय चन्दौर तेतुलमारी में सभी शिक्षक शिशिकाओ ने विद्यालय में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये दुख व्यक्त इस दुख के घड़ी में भगवान उनको शक्ति प्रदान करे। ऐसी घटना से पीड़ित परिवार के ऊपर दुखो का पहाड़ टूट गया है। शोक सभा मे कामू प्रसाद राय,पंकज कुमार मंडल, नागदेव राम, मनोज कुमार गोस्वामी, वीरेंद्र मिस्त्री ,मंजू कुमारी ,सुशीला कुमारी,फरीद आलम ,जावेद अख्तर अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जांच में तीन प्रत्याशियों के नामांकन रद



**धनबाद** : धनबाद की जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा की उपस्थिति में मंगलवार को धनबाद लोकसभा सीट पर हुए सभी 28 नामांकन पत्रों की जांच की गई। इस मौके पर उम्मीदवार या उनके प्रतिनिधि मौजूद थे। जांच में तीन प्रत्याशियों हीरालाल शंखवार, नारायण गिरी व गौतम कुमार महतो का नामांकन जरूरी कागजात के अभाव में रद्द कर दिया गया। डीसी ने बताया कि नौ मई को दिन के तीन बजे तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि है। धनबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान 25 मई को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। नामांकन पत्रों की जांच में सामान्य प्रेक्षक अनूप खिनची, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, आरओ सेल के नोडल पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## भाजपा-आजसू नेताओं ने जूता पहन बिनोद बाबू को दी श्रद्धांजलि



**धनबाद** : भाजपा व आजसू के नेताओं-कार्यकर्ता ने सोमवार को महुदा मोड़ स्थित स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो के स्मारक पर जूता-चप्पल पहनकर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। शुभम संदेश में इस खबर के प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद इलाके के लोगों में भाजपा व आजसू के प्रति उबाल है। बिनोद बिहारी महतो स्मारक समिति के सदस्यों ने मंगलवार को बैठक कर घटना की निंदा की। इसके बाद बिनोद बाबू की प्रतिमा को गंगा जल से स्नान कराकर शुद्ध किया गया। समिति के कुलदीप ठाकुर की अध्यक्षता में हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि एनडीए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के नामांकन में जाते समय भाजपा व आजसू के नेताओं ने स्मारक पर जूता-चप्पल पहनकर झारखंड के पुरोधा स्व. बिनोद बिहारी महतो का घोर अपमान किया है। ऐसे लोगों को राज्य की जनता कभी माफ नहीं करेगी। भाजपा व आजसू को इसका खमियाजा लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा। समिति के सदस्यों ने कहा कि धनबाद से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो व गिरिडीह से आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी प्रतिमा स्थल पर आकर माफी मांगें। ऐसा नहीं करने पर समिति आंदोलन करने को बाध्य होगी। बैठक में शिवाकर महतो, कुलदीप ठाकुर, गंगाधर महतो, शमीम शेख, दीपक कुमार महतो, छोटेलाल महतो, निर्मल कुमार रवानी, मिठु कुमार राय, शुकदेव महतो, उमेश प्रसाद महतो, नरेंद्र राय, चक्रधारी महतो, बलराम महतो आदि मौजूद थे।

## गिरिडीह से जेबीकेएसएस के जयराम महतो का नामांकन स्वीकृत, कार्यकर्ताओं में खुशी



**बोकारो**: गिरिडीह लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी जेबीकेएसएस के जयराम महतो का नामांकन पत्र आखिरकार स्वीकार हो गया। बोकारो की जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी विजया जाधव ने तीन प्रत्याशियों का नामांकन रद कर दिया। जयराम महतो का नामांकन वैध होने पर जेबीकेएसएस में खुशी की लहर है। यह बातें जेबीकेएसएस महिला मोर्चा की महामंत्री रजनी देवी ने मंगलवार को बोकारो कोर्ट परिसर के बाहर कहीं। उन्होंने बताया कि हम सभी को इस पल का बेसब्री से इंतजार था। अब हम चुनावी मैदान में जबरदस्त उपस्थिति दर्ज कराएंगे। उन्होंने दावा किया कि गिरिडीह से जयराम महतो की जीत सुनिश्चित है। आरोप लगाया कि केंद्र व राज्य सरकार की मिलीभगत से जयराम को चुनाव मैदान से बाहर रखने की साजिश रची गई थी, जो नाकाम साबित हुई। सच्चाई की जीत हुई। उन्होंने कहा कि जो गलत कर रहे हैं, भ्रष्टाचार में लिप्त है, आज तक विकास का काम नहीं किए हैं, ऐसे नेताओं को जयराम महतो से डर है।

## दूध ले जा रहे टैंकर एवं मोटरसाइकिल में टक्कर, दो युवक घायल

**बोकारो** : दूध ले जा रहे टैंकर ने मोटरसाईकिल सवार को टक्कर मार दी घटना बोकारो जिले के बेरमो अनुमंडल के पेटरवार थाना क्षेत्र के चिनिया गढ़ा के पास की है जिसमें मोटरसाईकिल सवार दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ग्रामीणों के द्वारा पेटरवार थाना को सूचना देने के बाद घायल को उपचार के लिए पेटरवार समुदायिक स्वास्थ केंद्र ले जाया गया। वहीं डाक्टरों के द्वारा प्राथमिक उपचार कर एक घायल को बेहतर ईलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। जबकि एक का ईलाज पेटरवार समुदायिक केंद्र में ही चल रहा है। वहीं घायल कौशल प्रजापति ने बताया कि पेटरवार से डेंडे अपने घर जा रहे थे। इस दौरान गोमिया से आ रहे दूध के टैंकर ने हमलोगों सामने से टक्कर मार दी और भाग गया।

# लातेहार में लुटेरा गिरोह के दो अपराधी गिरफ्तार, चार हथियार बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लातेहार :** पुलिस ने सड़क लुटेरा गिरोह के दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इन अपराधियों के पास से पुलिस ने चार हथियार भी बरामद किया है। मंगलवार को प्रेस वार्ता करते हुए एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि छिपादोरह थाना क्षेत्र के रहने वाले कुछ अपराधी लुटेरा गिरोह बनाकर सड़क लूट की घटना को अंजाम देते हैं। इस सूचना के बाद बरवाडीह एसडीपीओ वेंकटेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम गठित की गई और चिन्हित अपराधियों के घर में छापामारी की गई। पुलिस की टीम ने सबसे पहले गाड़ी गांव निवासी पप्पू सिंह के घर में छापामारी की तो वहां से तीन देसी बंदूक बरामद हुआ। उसके बाद बसंत सिंह के घर से पुलिस ने एक देसी पिस्तौल बरामद किया। दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर पूछताछ करने के दौरान दोनों ने स्वीकार किया कि वे लोग लुटेरा गिरोह बनाकर विभिन्न थाना क्षेत्र में लूटपाट की घटना करते थे। पुलिस के समक्ष अपराधियों ने यह भी स्वीकार किया कि उनके गिरोह में कुछ अन्य अपराधी भी शामिल हैं। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों से मिली सूचना के बाद पुलिस अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापामारी कर रही है। जल्द ही लुटेरा गिरोह के सभी सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।




## जमशेदपुर में 66.9 किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**जमशेदपुर :** पुलिस ने चाकुलिया के भोण्डोशोल के घर से 66.9 किलो अवैध गांजा के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया। जब्त गांजे की कीमत लगभग 35 लाख रुपये है। आरोपित टीकाराम सोरेन को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एसएसपी कौशल किशोर ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि सोमवार दोपहर चाकुलिया के भोण्डशोल में टीकाराम सोरेन के घर में छापेमारी कर चार बोरी में रखे गये 32 पैकेट गांजा जब्त किया, जिसका वजन 66.9 किलो था। उन्होंने बताया कि इस मामले में तीन और तस्करों के नाम सामने आए हैं, जिनकी तलाश में छापेमारी की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि इनके द्वारा उड़ीसा से गांजा लाकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई की जाती थी। पुलिस के लिए यह एक बड़ी कामयाबी है। इसके अलावा पुलिस ने गुप्त सूचना पर जादूगोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्तरी इचरा टोला धरमडीह में एक महिला पवनी उरांव को अवैध शराब का कारोबार करते पकड़ा। उसके घर से विभिन्न ब्रांडों के 184 पीस केन बीयर, 224 पीस शराब की बोतल और आठ लीटर महुआ बरामद किया गया, जिसका मूल्य लगभग एक लाख रुपये है।


झारखण्ड सरकार
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
सैनिक कल्याण निदेशालय

डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची के दुकानों के आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रण की सूचना

सैनिक कल्याण निदेशालय, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड सरकार, झारखण्ड राज्य के इच्छुक वीर नारी, विधवाओं तथा पूर्व सैनिकों से डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह– सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची के निम्नलिखित दुकानों के आवंटन के लिये आवेदन आमंत्रित करता है :–

| क्रम संख्या | दुकान संख्या | दुकान का क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| (क) | C-13 | 65 वर्गफीट |
| (ख) | C-16 | 65 वर्गफीट |
| (ग) | E-29 | 65 वर्गफीट |
| (घ) | E-30 | 65 वर्गफीट |
| (ङ) | E-31 | 65 वर्गफीट |
| (च) | E-32 | 65 वर्गफीट |
| (छ) | G-46 | 65 वर्गफीट |
| (ज) | I-112 | 200 वर्गफीट |
| (झ) | I-124 | 200 वर्गफीट |
| (ञ) | I-131 | 200 वर्गफीट |

3. आवेदन प्रपत्र 15 जून 2024 पाँच बजे अपराहन् तक पहुँच जाना चाहिए और लिफाफे के उपरी भाग में "दुकान संख्या ........ हेतु आवेदन" अवश्य लिखा होना चाहिये। प्राप्त आवेदनों को अधिकारियों की एक समिति द्वारा 18 जून 2024 को 11:00 बजे खोला जायेगा। नियम एवं शर्तें झारखण्ड सरकार के वेबसाईट www.prdjharkhand.gov.in एवं डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार, मेन रोड राँची के कार्यालय के सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।

स्थान : राँची
दिनांक : 07 मई 2024

निदेशक के आदेशानुसार
ह0/–
(भू–सम्पदा पदाधिकारी)
डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन–सह–सैनिक बाजार मेन रोड, राँची

PR 324537 Home (24-25)_D


# उपायुक्त ने स्वीप कोषांग के साथ की समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक निर्देश




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने स्वीप कोषांग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक किया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव के मद्देनजर शहरी क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता कार्यक्रम चलाने के संदर्भ में कोषांग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया। इस क्रम में चुनावी प्रक्रिया में लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देश के अनुसार कई तरह के जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने की दिशा में व्यापक स्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया। ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत को बढ़ाया जा सकें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने निर्देश दिया कि स्वीप कैलेंडर के अनुसार लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम 7 दिनों में जिला में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाए जाएं। जिसमें लोगों को वोट के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न स्टेक होल्डरर्स के साथ समन्वय व भागीदारी बढ़ाए जाए। उन्होंने कहा कि कार्य योजना बनाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को आयोजित किया जाए। ताकि आमजनों को मताधिकार के महत्व को बताया जाए। उपायुक्त ने स्कूल, कॉलेज में स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने को कहा। इसके आलावा प्रवासी श्रमिकों की वापसी पर उनसे भी मुलाकात करने की बात कही, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान केंद्रों के सौंदरीकरण पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इस दौरान स्वीप कोषांग के जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

# गुमला में कार्टून के अंदर मिला नवजात शिशु का शव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गुमला :** गुमला जिला मुख्यालय स्थित पालकोट रोड़ में राजन गैरेज के पीछे गड्ढे में एक नवजात शिशु का शव दफन होने की आशंका जताई जा रही हैं। गड्ढे की मिट्टी खोदने में जुटे हैं लावारिस कुत्ते, बताया जा रहा हैं की उक्त स्थान के झाड़ी में एक रस्सी से बांधा काटून फेंका गया था। जिसे बच्चों ने खेल खेल में उक्त काटून के रस्सी को खोल दिया और उक्त काटून के अंदर के एक नवजात शिशु का शव था। जिस पर उक्त गैरेज कर्मियों ने मिट्टी डालकर दफन कर दिया गया हैं, जिसे लावारिस कुत्तों द्वारा उक्त मिट्टी को खोदने में जुटे हैं, उक्त काटून में नवजात शिशु का हत्या कर काटून के अंदर डाला गया था, किसने फेंका उक्त नवजात शिशु को यह एक रहस्य बना हुआ हैं। उक्त नवजात शिशु को जिंदा भी फेंक सकता था ताकि बेऔलाद परिवार उक्त नवजात शिशु को अपना लेता या किसी अज्ञात व्यक्ति को भी दें सकता था। पर ऐसा नहीं किया गया बल्कि उक्त नवजात शिशु की हत्या कर एक काटून में डालकर फेंक दिया गया हैं। जिसका विरोध करते हुयें आम नगरवासियों के द्वारा उक्त नवजात शिशु हत्याकाण्ड को अंजाम देने वाले व्यक्ति पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की जा रही हैं। साथ ही साथ उक्त नवजात शिशु हत्याकाण्ड से रहस्य का पर्दा उठाने की भी मांग की जा रही हैं।

उक्त नवजात शिशु किसका हैं क्या किसी कुंवारी मां का उक्त नवजात शिशु का रिश्ता था, या जिसने अपने लोकलाज के कारण उक्त नवजात शिशु को मौत के घाट उतार दिया और उक्त नवजात हत्याकाण्ड को अंजाम दिया गया। जो सरासर कानूनी अपराध हैं और जो व्यक्ति भी उक्त नवजात शिशु हत्याकांड को अंजाम दिया हैं, उस पर कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

# अखरा सह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** लोक सभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के स्वीप कोषांग एवं चक्रीय विकास संस्थान और सजनी ग्रुप द्वारा संचालित छोटा नागपुरी लोक संगीत नृत्य प्रशिक्षण केंद्र सिमडेगा के तत्वावधान में आयोजित स्वीप अखरा सह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम में जिले के उपायुक्त अजय कुमार सिंह, डीडीसी संदीप दोरायबुरू, एसडीओ सुमंत तिर्की सहित जिले के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे। अखरा कार्यक्रम में उपस्थित युवा मतदाता व कलाकारों को संबोधित करते हुए डीसी ने पहले मतदान फिर जलपान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्वीप अखरा कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने पूरे सिमडेगा जिलावासियों से आह्वान किया कि सिमडेगा जिला में 80 प्रतिशत उपर मतदान सुनिश्चित कराना है और पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करना है। कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत कलाकारों ने पारंपरिक वेश भूषा एवं मांदर नगाड़ा बजाकर किया। अतिथियों का स्वागत सत्यव्रत ठाकुर एवं उपस्थित कलाकारों ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान संत मेरिज हाई स्कूल समटोली, आदिवासी बालिका छात्रावास की छात्राएं, एनयूएलएम की बहने सहित अन्य लोग पारंपरिक वेश भूषा में शामिल होकर अखरा कार्यक्रम में गीत वा नृत्य के माध्यम लोगों के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया।

# उषा मार्टिन ने कराया 30 युवकों को इलेक्ट्रीशयन व सोलर पैनल का प्रशिक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** रांची प्रशिक्षण से युवा आत्मनिर्भर होते हैं और यह स्वरोजगार कर रास्ता खोलता है। गांवों के युवाओं में भरपूर कौशल और काबिलियत है। इसको सही तरीकें से पहचान कर प्रशिक्षण दिया गया, तो ये युवा पूंजी बन जायेंगे। उक्त बातें उषा मार्टिन के एचआर हेड एन0एन0झा ने कहीं। वे आज उषा मार्टिन एवं मिनी टूल रूम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इलेक्ट्रिशयन व सोलर पैनल का प्रशिक्षण कोर्स के प्रशिक्षण पश्चात युवकों के सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा ज्ञान के साथ कौशल विकास जरूरी है। इसे तेजी से प्रयोग में लाकर ग्रामीण गरीबों को खत्म किया जा सकता है। मिनी टूल रूम के प्राचार्य एम0के0 गुप्ता ने कहा कि उषा मार्टिन के माध्यम से गांव के युवक और युवतियों को लाभ मिल रहा है। सशक्त गांव बनाने की दिशा में यह अच्छी पहली है। उन्होंने कहा कि अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ही रोजगार कर राह आसान होगा। ऐसे में युवाओं का लक्ष्य बेहतर तरीकें से स्वरोजगार के प्रशिक्षण को प्राप्त करना होगा। इसके साथ ही उनको अपने परिवेश एवं कामों में पर्यावरण के संरक्षण का भी प्रयास करना चाहिए। उषा मार्टिन फॉउंडेशन के हेड डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि समग्र विकास की अवधारणा को विभिन्न आयामों के माध्यम से गांवों में धरातल पर उतारा जा रहा है। अभी तक 150 से अधिक ग्रामीणों को सिलाई, कढ़ाई, कप-प्लेट निर्माण, प्लंबर, मोटरसाईकिल सर्विसिंग, टैली एवं अन्य स्वरोजगार के माध्यम से जोड़ा जा चुका इस अवसर पर इस अवसर पर सीएसआर मैनेजर प्रिया बागची के अलावा कई लोग उपस्थित थे। मंच संचालन मंगल टोप्पो एवं धन्यवाद ज्ञापन आशुतोष मिश्रा ने किया। इस अवसर पर देवाशीष घोष, भुवनेश्वर महतो, राहुल उरांव, रौशन लिंडा आदि उपस्थित थे।



# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए वॉकाथन में शामिल हुए अधिकारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** मतदान में शहरी क्षेत्र का मतदाता हमेशा ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं से पीछे रह जाता है। जबकि सरकार और समाज के बारे में सबसे अधिक सजग शहरी वोटर ही है। वोट के दिन बूथ पर जाने के बदले वह मतदाता छुट्टियां मनाने चला जाता है। इस बार शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को भी बूथ तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों ने अवेयरनेस कार्यक्रम किया। मंगलवार की सुबह वॉकाथन में अधिकारी शामिल हुए। पुलिस लाइन से सुभाष चौक तक पैदल चलकर अधिकारी पहुंचे और लोगों से 20 मई को वोट डालने की अपील की।



**लोगों में बांटा गया इनविटेशन कार्ड, दिलाई शपथ**

वॉकाथन के बाद सुभाष चौक पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए लोगों के बीच डीसी चंदन कुमार और एसपी डॉ बिमल कुमार ने इनविटेशन कार्ड भी बांटा गया। इस इनविटेशन कार्ड में 20 मई को बूथ पर जाकर वोट करने की बात कही गई है। इसके अलावा सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभाने के लिए शपथ दिलाई गई।

**85 प्रतिशत वोट करने का रखा गया लक्ष्य**

कार्यक्रम के दौरान डीसी चंदन कुमार ने कहा कि इस बार रामगढ़ जिला क्षेत्र में 85% मतदान कराने का लक्ष्य रखा गया है। यह लक्ष्य तभी संभव है जब शहरी क्षेत्र में रहने वाला मतदाता घर से निकलकर बूथ तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव के मतदान प्रतिशत देखें तो ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादा मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। उनके मुकाबले शहरी क्षेत्र के काफी कम मतदाताओं ने वोट डाले हैं। लेकिन इस बार इस उदासीनता को खत्म करना है। हर मतदाता वोट डाले और वह अपने आसपास के लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित भी करे। उन्होंने कहा कि इस बार दिन भर मतदान होना है। इसलिए आधे घंटे का समय निकालकर मतदान जरूर करें।

**गोद में बच्चा लेकर एसडीओ की पत्नी ने किया वॉक**

वॉकाथन में रामगढ़ के एसडीओ आशीष गंगवार और उनकी पत्नी अपने बच्चे के साथ शामिल हुए। उनको देखकर आम नागरिकों ने भी चुनाव के इस महापर्व की गंभीरता को समझा। पुलिस लाइन से सुभाष चौक की दूरी 1.6 किलोमीटर है। एसडीओ और उनकी पत्नी ने बच्चे को गोद में लेकर पैदल मार्च किया और लोगों से 20 मई को मतदान करने की अपील की।


कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा
(प्रशिक्षण कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति
सूचना

चतरा जिलान्तर्गत केन्द्र सरकार/केन्द्रीय लोक उपक्रम/राज्य सरकार के विभागों/कार्यालयों के पदाधिकारियों/कर्मियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार लोकसभा आम चुनाव:–2024 के सफल संचालन हेतु माईक्रो ऑब्जर्वर (Micro Observers) का प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला कौशल विकास केन्द्र, (डी.एम.एफ.टी.) चतरा में दिनांक:–09.05.2024 को समय 02.00 PM से 05.00 PM तक निम्न रुप से आयोजित किया जाता है, प्रशिक्षण में भाग लेने वाले माईक्रो ऑब्जर्वर (Micro Observers) का नाम निम्नवत है:–

| sl | name | desig | off_name | pin_no | mobile |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SANJEEV KUMAR | ASST. MANAGER (E&M) | GM OFFICE PIPARWAR TANDWA | 341703405 | 9891108931 |
| 2 | SADANAND TOPPO | Sr. MANAGER (MIN) | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA | 341703004 | 9304389556 |
| 3 | AVINASH KISHORE | DY. MANAGER (MIN) | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA | 341703022 | 9546936231 |
| 4 | SUDAM LAL GUPTA 90275728 | DY. MANAGER (FIN.) | GM OFFICE PIPARWAR TANDWA | 341702844 | 9031528040 |
| 5 | SUNDEEP CHAUDHARY . 90322538 | DY.MANAGER (MIN.) | GM OFFICE PIPARWAR TANDWA | 341702868 | 9534136108 |
| 6 | Shiv Kumar Prasad 90384009 | ASST.MANAGER (MIN.) | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA | 341703067 | 9071924261 |
| 7 | HEMCHAND MAHATO | MANAGER PERSONNEL | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA | 341703033 | 9835338322 |
| 8 | DHIR PRATAP | MANAGER MINING | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA | 341703661 | 7762939287 |
| 9 | PRANAB ANUGRAH XAXA 95001727 | MT (MM) | GM OFFICE PIPARWAR TANDWA | 341703410 | 6295761726 |
| 10 | JAGDISH MANDAL . 90220641 | ASST.MANAGER(SUR.) | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA | 341703670 | 8987784340 |
| 11 | YANG PRASAD . 90290081 | MANAGER (MIN.) | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA | 341703681 | 9630061050 |
| 12 | RAJENDRA KASHYAP . 90290453 | MANAGER (MIN.) | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA | 341703685 | 9304014059 |
| 13 | VIVEKANAND SINGH . 90371089 | ASST.MANAGER (MIN.) | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA | 341703694 | 6202342581 |
| 14 | NIRMAL KUMAR MURMU -90386764 | MANAGEMENT TRAINEE | CHP-CPP PIPARWAR TANDWA | 341704133 | 7763929704 |
| 15 | KAILASH PRASAD MAHTO - 95000446 | MANAGEMENT TRAINEE | CHP-CPP PIPARWAR TANDWA | 341704136 | 9709944698 |
| 16 | ARUN KUMAR MAHATO | ASST. MANAGER PERSONNEL | GM OFFICE PIPARWAR TANDWA | 341703407 | 6202819841 |
| 17 | DINESH KUMAR SINGH - 90301276 | DY. MANAGER/MIN. | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA | 341704204 | 6200769142 |
| 18 | MANOHAR KUMAR TAMTA - 90363797 | DY. MANAGER/EXCV | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA | 341704208 | 9558012085 |
| 19 | KISHAN AWASTHI - 90301532 | DY.MANAGER/MIN. | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA | 341704525 | 9162889595 |
| 20 | YOGESHWAR MAHTO - 95000981 | OFFICER / SURVEY | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA | 341704527 | 8210908347 |
| 21 | ANIL BINIT LAKRA | DY. GENERAL MANAGER | NTPC (NORTH KARANPURA SUPER THERMAL POWER PROJECT) | 341705014 | 9425178269 |
| 22 | AMIT KUMAR | DY. GENERAL MANAGER | NTPC (NORTH KARANPURA SUPER THERMAL POWER PROJECT) | 341705022 | 9431600513 |
| 23 | NEERAJ BHARTI | DY. GENERAL MANAGER | NTPC (NORTH KARANPURA SUPER THERMAL POWER PROJECT) | 341705027 | 9425222202 |
| 24 | JAI WARDHAN KUMAR | DY. GENERAL MANAGER | NTPC (NORTH KARANPURA SUPER THERMAL POWER PROJECT) | 341705035 | 9425823405 |
| 25 | LALSAY MUNDA | DY. MANAGER | NTPC (NORTH KARANPURA SUPER THERMAL POWER PROJECT) | 341705080 | 9434001720 |
| 26 | RAJNISH KUMAR | DY. GENERAL MANAGER | NTPC (NORTH KARANPURA SUPER THERMAL POWER PROJECT) | 341705098 | 9472730871 |
| 27 | PRINCE KUMAR | DY. MANAGER | NTPC (NORTH KARANPURA SUPER THERMAL POWER PROJECT) | 341705120 | 9065519283 |
| 28 | RAHUL KUMAR | ENGINEER | NTPC (NORTH KARANPURA SUPER THERMAL POWER PROJECT) | 341705248 | 9560398131 |
| 29 | SHUBHAM KUMAR SHARMA - 90361775 | ASST. MANAGER MIN. | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA | 341705339 | 7870888725 |
| 30 | ASIM SABAL CHANDAN GURIA | DY. MANAGER | PUNJAB NATIONAL BANK, CHATRA | 341708932 | 6204529584 |
| 31 | VIVEK KUMAR | Management Trainee (Mining) | Office of the Project Officer, Magadh OCP | 341709513 | 7004290457 |
| 32 | VIJAY KUMAR YADAV | Management Trainee (Mining) | Office of the Project Officer, Magadh OCP | 341709514 | 9508899580 |
| 33 | RAKESH KUMAR | Officer(Survey) | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA | 341709515 | 9430342030 |
| 34 | LALMANI MANDAL | Sr. Officer(Mining) | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA | 341709516 | 9431764036 |
| 35 | MANISH KUJUR | DEPUTY MANAGER (MINING) | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA | 341709517 | 8210100122 |
| 36 | KUMAR SHAKTI | ASST. MANAGER(PERSONNEL) | P.O, MAGADH SANGHMITRA AREA BACHRA TANDWA | 341709518 | 9471316217 |
| 37 | RUPINDRA SINGH 90275314 | MANAGER (FIN.) | GM OFFICE PIPARWAR TANDWA | 341703414 | 9304264966 |
| 38 | PRAVEEN KACHHAP 90274028 | MANAGER (MIN.) | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA | 341703675 | 9631476276 |
| 39 | MATUL BAGHEL | MANAGEMENT TRAINEE | CCL PURNADIH PROJECT TANDWA | 341708900 | 9818040635 |
| 40 | RAJHANS PRASAD SAW | ASST. MANAGER MIN. | CCL PURNADIH PROJECT TANDWA | 341708909 | 7631096827 |
| 41 | Ajaynand Jha | Dy. Manager (finance) | G.M, MAGADH SANGHMITRA AREA | 341704768 | 9304815990 |
| 42 | Lakhi Charan Pahan | SENIOR MANAGER (MECH ERECT) | North Karanpura Super Thermal Power Project | 341705019 | 9423077049 |
| 43 | SANJOY KUMAR | DY. GENERAL MANAGER (EEMG) | North Karanpura Super Thermal Power Project | 341705090 | 8617882791 |
| 44 | SANJAY KUMAR | Sr.OFFICER (MIN) | GM OFFICE PIPARWAR TANDWA | 341702840 | 9608190941 |
| 45 | MANIK KUJUR | MANAGER PERSONNEL | G.M, MAGADH SANGHMITRA AREA | 341704758 | 9123149132 |
| 46 | VISHAL KUMAR MAHTO 95001039 | MT (MIN.) | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA | 341703079 | 7481836951 |
| 47 | KUMAR RITESH 95001329 | MT (MIN.) | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA | 341703082 | 7004387736 |
| 48 | MANOJ KUMAR - 90279571 | MANAGER/EXCV. | ASHOK OCP(PIPARWAR UNIT) TANDWA | 341704203 | 9110125391 |
| 49 | AMIT BIKRAM BISWAS 90232612 | MANAGER (FIN.) | GM OFFICE PIPARWAR TANDWA | 341702843 | 9304393541 |
| 50 | ANUJ KUMAR .90301607 | DY.MANAGER(MIN.) | ASHOKA OCP PIPARWAR AREA TANDWA | 341703037 | 9199002396 |

सभी माईक्रो ऑब्जर्वर को निदेश दिया जाता है कि ससमय प्रशिक्षण स्थल पर मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–
उपायुक्त, चतरा

PR 324512 Election(24-25).D

# अमेरिकी बैंक क्यों हो रहे दिवालिया?



प्रहलाद सबनानी

**पूंजीवाद पर आधारित आर्थिक नीतियां अमेरिका में बैंकिंग क्षेत्र में उत्पन्न समस्याओं का हल नहीं निकाल पा रही हैं। अब तो अमेरिकी अर्थशास्त्री भी मानने लगे हैं कि आर्थिक समस्याओं के संदर्भ में साम्यवाद के बाद पूंजीवाद भी असफल होता दिखाई दे रहा है एवं आज विश्व को एक नए आर्थिक मॉडल की आवश्यकता है। इन अमेरिकी अर्थशास्त्रियों का स्पष्ट इशारा भारत की ओर है क्योंकि इस बीच भारतीय आर्थिक दर्शन पर आधारित मॉडल भारत में आर्थिक समस्याओं को हल करने में सफल रहा है।**

अमेरिका में वर्ष 2023 में 3 बैंक (सिलिकन वैली बैंक, सिगनेचर बैंक, फर्स्ट रिपब्लिक बैंक) डूब गए थे एवं वर्ष 2024 में भी एक बैंक (रिपब्लिक फर्स्ट बैंक) डूब गया है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था में अमेरिकी केंद्रीय बैंक, यूएस फेडरल रिजर्व, द्वारा ब्याज दरों में की गई वृद्धि के चलते बैंकों के असफल होने की यह परेशानी बहुत बढ़ गई है।

सिलिकन वैली बैंक ने कई तकनीकी स्टार्ट अप एवं उद्यमी पूंजी फर्म को ऋण प्रदान किया था। इस बैंक के पास वर्ष 2022 के अंत में 20,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सम्पत्तियां थी और यह अमेरिका के बड़े आकार के बैंकों में गिना जाता था और हाल ही के समय में डूबने वाले बैंकों में दूसरा सबसे बड़ा बैंक माना जा रहा है। इसी प्रकार, सिगनेचर बैंक ने न्यूयॉर्क कानूनी फर्म एवं अचल सम्पत्ति कम्पनियों को ऋण सुविधाएं प्रदान कर रखी थीं। इस बैंक के पास वर्ष 2022 के अंत में 11,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की सम्पत्ति थी और अमेरिका में हाल ही के समय में डूबने वाले बड़े बैंकों में चौथे स्थान पर आता है। 31 जनवरी 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार, रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की कुल सम्पत्तियां 600 करोड़ अमेरिकी डॉलर एवं जमाराशि 400 करोड़ अमेरिकी डॉलर थीं। न्यू जर्सी, पेनसिल्वेनिया और न्यूयॉर्क में बैंक की 32 शाखाएं थीं जिन्हें अब फुल्टन बैंक की शाखाओं के रूप में जाना जाएगा क्योंकि फुल्टन बैंक ने इस बैंक की सम्पत्तियों एवं जमाराशि को खरीद लिया है।

पीयू रिसर्च संस्थान के अनुसार, चार शताब्दी पूर्व, वर्ष 1980 एवं वर्ष 1995 के बीच अमेरिका में 2,900 बैंक असफल हुए थे। इन बैंकों के पास संयुक्त रूप से 2.2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की सम्पत्ति थी। इसी प्रकार, वर्ष 2007 से वर्ष 2014 के बीच अमेरिका में 500 बैंक, जिनकी कुल सम्पत्ति 95,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर थी, असफल हो गए थे। ऐसा कहा जाता है कि विशेष परिस्थितियों को छोड़कर अमेरिका में सामान्यतः बैंक असफल नहीं होते हैं। परंतु, इस सम्बंध में अमेरिकी रिकार्ड कुछ और ही कहानी कह रहा है। वर्ष 1941 से वर्ष 1979 के बीच, अमेरिका में औसतन 5.3 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। वर्ष 1996 से वर्ष 2006 के बीच औसतन 4.3 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं एवं वर्ष 2015 से वर्ष 2022 के




बीच औसतन 3.6 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। वर्ष 2022 में अमेरिकी बैंकों को 62,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ था। इसके पूर्व, वर्ष 1921 से वर्ष 1929 के बीच अमेरिका में औसतन 635 बैंक प्रतिवर्ष असफल हुए हैं। यह अधिकतर छोटे आकार के बैंक एवं ग्रामीण बैंक थे और यह एक ही शाखा वाले बैंक थे। अमेरिका में आई भारी मंदी के दौरान वर्ष 1930 से वर्ष 1933 के बीच 9,000 से अधिक बैंक असफल हुए थे। इनमें कई बड़े आकार के शहरों में कार्यरत बैंक भी शामिल थे और उस समय इन बैंकों में जमाकर्ताओं की भारी भरकम राशि डूब गई थी। वर्ष 1934 से वर्ष 1940 के बीच अमेरिका में औसतन 50.7 बैंक प्रतिवर्ष बंद किए गए थे। अमेरिका में इतनी भारी मात्रा में बैंकों के असफल होने के कारणों में मुख्य रूप से शामिल है कि वहां छोटे छोटे बैंकों की संख्या बहुत अधिक होना है। बैंकों के ग्राहक बहुत पढ़े लिखे और समझदार हैं। बैंक में आई छोटी से छोटी परेशानी में भी वे बैंक से तुरंत अपनी जमाराशि को निकालने पहुंच जाते हैं, जबकि बैंक द्वारा इस राशि से खड़ी की गई सम्पत्ति को रोकड़ में परिवर्तित करने में कुछ समय लगता है। इस बीच बैंक यदि जमाकर्ता को जमाराशि का भुगतान करने में असफल रहता है तो उसे दिवालिया घोषित कर दिया जाता है और इस प्रकार बैंक असफल हो जाता है। कई बार बैंकों द्वारा किए गए निवेश (सम्पत्ति) की बाजार में कीमत भी कम हो जाती है, इससे भी बैंकें अपने जमाकर्ताओं को जमाराशि का भुगतान करने में असफल हो जाते हैं। अभी हाल ही में अमेरिका में मुद्रा स्फीति की दर को नियंत्रित करने के उद्देश्य से ब्याज दरों में लगातार बढ़ौतरी की गई है, जिससे इन बैंकों द्वारा अमेरिकी बांड में किये गए निवेश की बाजार में कीमत अत्यधिक कम हो गई है। अब इन बैंकों को बांड में निवेश की बाजार कीमत कम होने के स्तर तक प्रावधान करने को कहा गया है और यह राशि इन बैंकों के पास उपलब्ध ही नहीं है, जिसके चलते भी यह बैंक असफल हो रहे हैं। एक सर्वे में यह बताया गया है कि आने वाले समय में अमेरिका में 190 अन्य बैंकों के असफल होने का खतरा मंडरा रहा है क्योंकि ब्याज दरों के बढ़ने से ऋण की मांग बहुत कम हो गई है। विभिन्न कम्पनियों ने अपने विस्तार की योजनाओं को रोक दिया है, इससे निर्माण की गतिविधियों में कमी आई है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक, फेडरल रिजर्व, का पूरा ध्यान केवल मुद्रा स्फीति को कम करने पर है एवं अमेरिकी अर्थव्यवस्था में विकास दर को नियंत्रित करने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में उत्पादों की मांग कम हो और मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाया जा सके। इसके चलते कई कम्पनियां अपने कर्मचारियों की छंटनी कर रही है एवं देश में युवा वर्ग बेरोजगार हो रहा है।

पूंजीवाद पर आधारित आर्थिक नीतियां अमेरिका में बैंकिंग क्षेत्र में उत्पन्न समस्याओं का हल नहीं निकाल पा रही हैं। अब तो अमेरिकी अर्थशास्त्री भी मानने लगे हैं कि आर्थिक समस्याओं के संदर्भ में साम्यवाद के बाद पूंजीवाद भी असफल होता दिखाई दे रहा है एवं आज विश्व को एक नए आर्थिक मॉडल की आवश्यकता है। इन अमेरिकी अर्थशास्त्रियों का स्पष्ट इशारा भारत की ओर है क्योंकि इस बीच भारतीय आर्थिक दर्शन पर आधारित मॉडल भारत में आर्थिक समस्याओं को हल करने में सफल रहा है। अमेरिका में बैंकों के असफल होने की समस्या मुख्यतः मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से ब्याज दरों में की गई वृद्धि के कारण उत्पन्न हुई हैं। दरअसल, मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के उद्देश्य से उत्पादों की मांग को कम करने के लिए ब्याज दरों में वृद्धि करने के स्थान पर बाजार में उत्पादों की उपलब्धता बढ़ाई जानी चाहिए ताकि इन उत्पादों की कीमत को कम रखा जा सके। प्राचीन भारत में उत्पादों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाता था, जिसके कारण मुद्रा स्फीति की समस्या भारत में कभी रही ही नहीं है। बल्कि भारत में उत्पादों की प्रचुरता के चलते समय समय पर उत्पादों की कीमतें कम होती रही हैं। ग्रामीण इलाकों की मंडियों में आसपास ग्रामों में निवास करने वाले ग्रामीण व्यापारी एवं उत्पादक अपने उत्पादों को बेचने हेतु एकत्रित होते थे, सायंकाल तक यदि उनके उत्पाद नहीं बिक पाते थे तो वे इन उत्पादों को कम दामों पर बेचना प्रारम्भ कर देते थे ताकि गांव जाने के पूर्व उनके समस्त उत्पाद बिक जाएं एवं उन्हें इन उत्पादों को अपने गांव वापिस नहीं ले जाना पड़े। इस प्रकार भी विभिन्न उत्पादों की भारतीय मंडियों में मांग से अधिक आपूर्ति बनी रहती थी। अतः उत्पादों की कमी के स्थान पर उत्पादों की प्रचुर मात्रा में उपलब्धता पर ध्यान दिया जाता था, इससे प्राचीन भारतीय ग्रंथों में मुद्रा स्फीति का जिक्र ही नहीं मिलता है। दूसरे, पूंजीवादी अर्थव्यवस्था में आर्थिक मॉडल एवं नियमों को बहुत जटिल बना दिया गया है। इससे भी कई प्रकार की आर्थिक समस्याएं खड़ी हो रही है जिसका हल विकसित देश नहीं निकाल पा रहे हैं।

## संपादकीय

### सहभागी और सक्रिय अदालतें

सर्वोच्च न्यायालय ने आपराधिक मामलों की सुनवाई में अदालतों को सहभागिता-सक्रियता का निर्देश दिया है। कहा है कि अदालतें गवाहों, खास कर गुमराह हुए गवाहों, के बयान दर्ज करने वाला टेप-रिकार्डर भर नहीं हैं। दरअसल, यह पैसिवनेस है, जो दोतरफा मार करती है। पहले तो सरकारी वकील ऐसे गवाहों के प्रति ढीले पड़ जाते हैं। वे उससे जरूरी सवाल भी नहीं करते जिनसे कि उसके मुकरने की सटीक वजह मालूम होती। कोई भी आपराधिक मुकदमा गुमराह गवाहों की बदौलत जीता जाता है। इसमें सरकारी वकील, जो अभियोजन पक्ष के होते हैं, वे अपने पैने सवालों से सच उगलवा सकते हैं, पर वे इन सवालों को जानबूझ कर टाल जाते हैं। उनका यह कतराना भी बिका हुआ होता है, जबकि उन्हें सरकार से मोटी पगार मिलती है। इस स्थिति में बदलाव के लिए सरकारी वकीलों के पदों को वकील की राजनीतिक निष्ठा के आधार पर नहीं, उसकी पेशेवर सक्षमता के अनुसार भरा जाना चाहिए। योग्यता और नैतिक निष्ठा सबसे जरूरी आस्पेक्ट है। गलत और अक्षम वकीलों के चयन से मुकदमा जरूरी स्टेज पर कमजोर होने लगता है। दोषी मुकदमा जीत जाता है। पीड़ित को कभी भरोसा ही नहीं होता कि उसकी सुनवाई निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से होगी, उसे अंततः न्याय मिलेगा। यहां सबसे बड़ी क्षति न्यायाधीशों की अ-सक्रियता से होती है, जब वे अपनी भूमिका को गवाहों के बयान दर्ज करने तक सीमित कर अ-सहभागी हो जाते हैं। यह दोहरा घाटा है। इससे न्याय के उस प्राथमिक सिद्धांत का खंडन हो जाता है, जिसे सुलभ कराने के लिए न्यायपालिका का गठन हुआ है। इससे बचने के लिए सर्वोच्च न्यायालय अदालतों से गवाहों से जिरही होने की ताकीद करती है ताकि सच का खुलासा हो सके। मुकदमे पर रोशनी पड़े। पीड़ितों को न्याय मिले। यह बिल्कुल वाजिब ताकीद है। प्रायः देखा गया है कि बड़े से बड़ा कांड, यहां तक कि नरसंहार मामलों में भी गवाहों के मुकरने और अदालतों के जिरही न होने से दोषी छूटते रहे हैं। इससे न्याय व्यवस्था की भारी किरकिरी होती रही है। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा निर्देश में इस नासूर हो चुकी स्थिति की एक बुनियादी पड़ताल है। अदालतों को सक्रिय होना है। इस अंदाज में कि अपराध का दूसरा पहलू सामने आ सके क्योंकि ह्नकोई अपराध आखिर में एक व्यक्ति के विरु द्ध ही नहीं, समाज के विरु द्ध भी होता है।ह्व क्या यह न्यायिक सक्रियता का आगाज है? नहीं, इसकी अपनी सीमा है पर यह कई बार न्याय व जन हित में लाजिमी है।

## चिंतन-मनन

### व्यापारी के बेटे

एक व्यापारी के दो पुत्र थे। मरने से पहले उसने अपनी संपत्ति दोनों बेटों में बराबर-बराबर बांट दी। एक पुत्र ने अपने व्यापार को काफी बढ़ाया। वह अत्यंत संपन्न होकर समाज के प्रतिष्ठत लोगों में गिना जाने लगा। जबकि दूसरे को व्यापार में घाटा हो गया और उसके परिवार को दो जून की रोटी जुटाने में भी अत्यंत तकलीफें उठानी पड़ीं। अपने भाई की तरक्की और अपनी दुर्दशा देखकर दूसरा भाई एक संत के आश्रम में पहुंचा और बोला, महाराज, मुझे लगता है कि ईश्वर केवल कल्पना है और यदि उसका अस्तित्व कहीं है भी तो वह पक्षपाती है। क्या वह भी पक्षपात करता है? मैं और मेरे भाई दोनों एक ही पिता की संतान हैं। पिता ने दोनों को बराबर हिस्सा दिया। लेकिन वह लगातार तरक्की कर रहा है और मैं रसातल की ओर जा रहा हूं। भला ऐसा क्यों?

उसकी बात सुनकर संत उसे अपने साथ एक बगीचे में ले गए और बोले, देखो, वहां एक कोने में गन्ना बोया हुआ है, दूसरे कोने में चिरायता है, एक ओर चमेली के फूल अपनी सुगंध बिखेर रहे हैं तो दूसरी ओर गुलाब के पौधों पर फूलों के साथ कांटे भी नजर आ रहे हैं । इनकी इस भिन्नता के लिए इन्हें पैदा करने वाली जमीन दोषी या पक्षपाती नहीं है। जैसा बीज बोया गया है वैसा ही फल मिला है। सुख-दुख और उन्नति-अवनति के लिए ईश्वर जिम्मेदार नहीं बल्कि स्वयं मनुष्य जिम्मेदार है। उसके कर्म और संस्कार जिम्मेदार हैं। तुम्हारे भाई ने मेहनत और योग्यता से अपने काम को संभाला तो उसकी उन्नति होती गई, इसके विपरीत तुमने आलस्य और भोग-विलास में अपना समय व्यतीत किया तो तुम्हारा धन धीरे-धीरे खत्म होता गया। तुमने मेहनत की ही कब थी जो ईश्वर को दोष दे रहे हो। जैसा कर्म तुमने किया है वैसा ही फल पाया है। ह सुनकर दूसरे पुत्र की आंखें खुल गईं। वह अपनी गलती सुधारने का निश्चय कर वहां से चला आया।

# मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें



संजय गोस्वामी



देश में पहला लोकसभा चुनाव 25 अक्टूबर 1951 से लेकर 21 फरवरी 1952 तक चला था। उस समय पूरे देश में चुनाव कराया एक जटिल प्रक्रिया थी। सबकुल नया भी था। भारत के पहले चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन थे। चुनाव आयोग के पास बड़ी जिम्मेदारी थी। देश का पहला आम चुनाव 68 चरणों में कराया गया था। पहले इलेक्शन कमिशन ने तय किया था कि वोटिंग 1952 के फरवरी और मार्च महीने में होगी। लेकिन हिमाचल प्रदेश की चिनी तहसील के लोगों को अक्टूबर 1951 में ही मौका मिल गया, क्योंकि सर्दियों में बर्फबारी के चलते यह इलाका बाकी जगहों से कट जाता है। देश के पहले लोकसभा चुनाव में 401 निर्वाचन क्षेत्रों की कुल 489 सीटों के लिए मतदान हुआ था। तब बैलेट पेपर पर चुनाव हुआ करता था।संविधान हमें वोट देने का अधिकार देता है, जो एक मौलिक अधिकार है जिसका प्रयोग भारत के सभी नागरिकों को करना चाहिए। मतदान प्रतिशत में गिरावट को रोकने के लिए वर्तमान राजनीतिक रुझानों और प्रणालियों में आमूल-चूल परिवर्तन की आवश्यकता है। मतदान करते समय सतर्क रहना और सोच-समझकर निर्णय लेना महत्वपूर्ण है। हाल के चुनावों के नतीजों में मतदाता मतदान में कमी देखी गई है, जिससे यह सुनिश्चित करने के लिए व्यापक बदलावों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है कि मतदाताओं को सरकार में एक सच्चा प्रतिनिधि मिले। भारत में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होकर और 1 एक जून तक वोटिंग होगी। सात फेज में इलेक्शन होंगे और 4 जून को नतीजे आएंगे। लेकिन ये बात भी गौर करने वाली है कि इस बार लोकसभा चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया 44 दिनों में पूरी होगी जो 1951-52 के पहले ससंदीय चुनाव के बाद मतदान की सबसे लंबी अवधि होगी। बता दें कि पहले चुनाव में वोटिंग 4 महीने से अधिक समय तक चली थी। इस बार निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा से लेकर मतगणना होने तक तक चुनाव प्रक्रिया कुल 82 दिनों में पूरी होगी। मतदान न केवल एक अधिकार है बल्कि एक कर्तव्य भी है जो हमारे देश के भविष्य को आकार देने में मदद करता है। इसमें सरकारों को बदलने, देश को बेहतर बनाने और सामाजिक परिवर्तन लाने की शक्ति है। मतदान करके, हम उन प्रतिनिधियों को चुनते हैं जो हमारे देश पर शासन करते हैं, इसलिए हमारे देश के विकास के लिए सभी नागरिकों के लिए इस प्रक्रिया में भाग लेना महत्वपूर्ण है। मतदान हमें उस प्रकार की सरकार में अपनी बात कहने का अधिकार देता है जो हम चाहते हैं और देश की प्रगति में योगदान करते हैं। यह हमें महिलाओं, बच्चों और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के अधिकारों की वकालत करने में भी सक्षम बनाता है। स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता अभियान छात्रों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व के बारे में शिक्षित करते हैं। सभी के लिए जरूरी है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें और देश के विकास में अपना योगदान दें।

# 'राहुल गांधी, आसान नहीं रायबरेली की डगर...!'



कांग्रेस नेता राहुल गांधी उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव न लड़ पाने की हिम्मत के बाद आखिर परम्परागत रायबरेली से नामांकन दाखिल कर दिया। यह बात सही है कि राहुल गांधी के अमेठी छोड़ने के बाद कांग्रेस राजनीति में कोई ठोस सन्देश देने में सफल नहीं हो रही थी, जिसके कारण कांग्रेस के कई नेता अमेठी के बारे में बोलने से किनारा करने लगे थे। अब राहुल गांधी अपने दादा फिरोज खान, दादी इंदिरा गांधी और मां सोनिया गांधी की विरासत को बचाने के लिए मैदान में आ गए हैं। यहां सवाल यह नहीं हैं कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस ने रायबरेली को क्यों चुना, बल्कि सवाल यह है कि राहुल गांधी ने अमेठी को क्यों छोड़ा।

क्या वास्तव में राहुल गांधी को फिर से अपनी पराजय का डर लगने लगा था? अगर यह सही है तो फिर ऐसा क्यों है कि राहुल गांधी हर बार अपने लिए सुरक्षित स्थान की तलाश क्यों करते हैं। उल्लेखनीय है कि जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अमेठी में अपनी जमीन खिसकती दिखाई दी, तब उन्होंने एकदम सुरक्षित लगने वाली सीट केरल की वायनाड को चुना। वहां से चुनाव जीते जरूर, लेकिन अमेठी की हार कांग्रेस परिवार की हार थी, जिसे कांग्रेस आज तक भुला नहीं पाई है। ऐसे में कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी को अमेठी से चुनाव लड़ाना खतरे से खाली नहीं था।

कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी के नामांकन जमा करने के समय जिस प्रकार से बड़े नेताओं का जमघट लगा, वह भले ही जनता में प्रभाव डालने के लिए किया हो, लेकिन इससे यह भी राजनीतिक सन्देश सुनाई दे रहा है कि अब रायबरेली की सीट भी कांग्रेस के लिए आसान नहीं है। यह इसलिए भी कहा जा सकता है कि वहां लगभग सभी बड़े नेता उपस्थित हुए। यहां तक कि प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रोबर्ट वाड्रा भी कांग्रेस के विरासती राजनेता के तौर पर उपस्थित हुए।

ऐसे में एक सवाल यह भी आता है कि एक ही परिवार के चार व्यक्तियों को कांग्रेस के बड़े नेताओं के रूप में प्रचारित करना निसंदेह कांग्रेस पर परिवारवादी होने को ही प्रमाणित करता है। जिस परिवारवाद के आरोप के कारण कांग्रेस असहज हो जाती है, आज कांग्रेस ने फिर से उसी रास्ते पर कदम बढ़ाने को अपनी नियति मान लिया है। हालांकि कांग्रेस ने आनन-फानन में राहुल गांधी को रायबरेली से उम्मीदवार बनाकर यह तो सन्देश दिया ही है कि भारत में रायबरेली ही राहुल गांधी के लिए सबसे सुरक्षित लोकसभा सीट है। यहां कांग्रेस का परम्परागत मतदाता है, वहीं यह क्षेत्र नेहरू-गांधी परिवार की विरासत भी है।

कहा जाता है कि दुनिया का कोई भी व्यक्ति अगर अपनी विरासत को विस्मृत कर देता है, तो उसे नए सिरे से अपनी जमीन तैयार करनी पड़ती है। और अगर विरासत के आधार पर अपने कदम बढ़ाता है तो उसकी आधी राह आसान हो जाती है। राहुल गांधी के सामने तमाम सवाल होने के बाद भी ऐसा लगता है कि उन्होंने अपनी आधी बाधा को पार कर लिया है। रायबरेली को कांग्रेस का गढ़ इसलिए भी माना जाता है कि क्योंकि यहां से इंदिरा गांधी के पति फिरोज खान दो बार सांसद रहे, उसके बाद इंदिरा गांधी भी सांसद रहीं। अब पिछले पांच बार से सोनिया गांधी लोकसभा का चुनाव जीती हैं।

मजेदार बात यह भी है कि वर्ष 1977 के आम चुनाव में जनता लहर में इंदिरा गांधी को भी पराजय का दंश भोगना पड़ा। उसके बाद एक बार भाजपा ने भी परचम लहराया है। इसलिए यह कहा जाना कि रायबरेली में कांग्रेस आसानी से विजय प्राप्त करेगी, कठिन ही है। आज कांग्रेस की स्थिति देखकर यह भी कहने में गुरेज नहीं होना चाहिए कि आज की कांग्रेस के पास इंदिरा गांधी जैसा नेता नहीं है। जब इंदिरा गांधी चुनाव हार सकती हैं, तब आज तो कांग्रेस की स्थिति बहुत कमजोर है। ऐसा तो तब हुआ, जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी का कोई अस्तित्व नहीं था, इसलिए कांग्रेस उत्तर प्रदेश में अच्छी खासी जीत हासिल करती थी। लेकिन अब उत्तर प्रदेश का राजनीतिक परिदृश्य बदला हुआ है। अब कांग्रेस के पास पहले जैसा वोट बैंक भी नहीं है, हालांकि इस चुनाव में सपा का समर्थन कांग्रेस के पास है, इसलिए चुनाव में सपा के कार्यकर्ता भी राहुल का प्रचार करेंगे, ऐसे में निश्चित ही कांग्रेस का वजूद बढ़ेगा ही, यह तय है, लेकिन कितना बढ़ेगा, यह कहने में जल्दबाजी ही होगी।

वर्तमान में कांग्रेस के लिए यह पेचीदा सवाल ही था कि कांग्रेस की ओर से अमेठी और रायबरेली से किसको उम्मीदवार घोषित किया जाए, क्योंकि इन दोनों सीटों पर प्रथम तो गांधी परिवार का पुख्ता दावा बनता था। इसलिए दोनों क्षेत्रों में से किसी एक से प्रियंका वाड्रा को चुनाव मैदान में उतारने की कवायद भी की जा रही थी, लेकिन प्रियंका को इस बार चुनाव लड़ने से दूर कर दिया। लेकिन सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या राहुल गांधी के रायबरेली से उम्मीदवार बनाए जाने के बाद कांग्रेस अमेठी के चुनाव को गंभीरता से लेगी, क्योंकि अब कांग्रेस का पूरा जोर राहुल गांधी को जिताने में लगेगा।

राहुल गांधी को जिताना कांग्रेस की मजबूरी है, क्योंकि अब राहुल गांधी ही नहीं, पूरी कांग्रेस की साख दांव पर लगी है। अगर कांग्रेस रायबरेली से चुनाव हारती है तो देश में कांग्रेस के बारे में गलत सन्देश जाएगा। यहां पर एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह भी आ रहा है कि राहुल गांधी द्वारा पिछले चुनाव में भी दो स्थानों से चुनाव लड़े थे, जिसमें अमेठी में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। अब वायनाड से उम्मीदवारी के बाद रायबरेली की रुख करके फिर से संदेह को जन्म दिया है। ऐसा लग रहा है कि इस बार वायनाड का चुनाव बहुत ही टक्कर का माना जा रहा है। कुछ खबरें तो राहुल गांधी के हारने तक की बात कह रही हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि इसलिए ही राहुल गांधी को फिर से दो स्थानों से चुनाव लड़ाया जा रहा है। राहुल गांधी का उत्तर प्रदेश से चुनाव लड़ना कोई नया नहीं है, वे अमेठी से भी चुनाव लड़ चुके हैं। इसलिए उनके नाम का जादू कोई नया प्रभाव छोड़ेगा, यह पूरी तरह विश्वास के साथ नहीं कहा जा सकता।

**- सुरेश हिंदुस्तानी (लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# आज एमएसीटी केस को लेकर विशेष लोक अदालत का होगा आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर :** झालसा के दिशा निर्देश पर आठ जून को एम ए सी टी केस के निस्तारण को लेकर बिशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसे सफल बनाने को लेकर पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने अपने वेशम मे एम ए सी टी केस के अधिवक्ता व बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। और उन्हें कई सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि एम ए सी टी केस को लेकर आहूत लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले निस्तारण करने का लक्ष्य है।साथ ही अधिक संख्या में लोगों को इसके माध्यम से त्वरित लाभ मिले कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता गण अपने मुव्वकिल को मामले निस्तारण के प्रति जागरूक करे। ताकि अधिक से अधिक एम ए सी टी के मामले लोक अदालत में निपटाए जा सके। उन्होंने बीमा कम्पनी व एम ए सीटी केस से जुड़े अधिवक्ता को एक सूची बनाकर देने को कहा। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष को चाहे वे इन्सुरेंस के तरफ से काम करने वाले अधिवक्ता है या क्लेमेंट के अधिवक्ता दोनो मिल बैठकर मामले निस्तारण का एक रास्ता निकाले ताकि जल्द से जल्द क्लेमेंट को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जो भी पक्ष को कोई दिक्कत या समस्या हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव से मिल कर अपनी बात रखे। बिदित हो कि पलामू जिले में एम ए सी टी के 292 केस न्यायालयों में लम्बित है। पीडीजे ने अधिवक्ताओ से उम्मीद जताया हैं कि इसबार के एम ए सी टी के बिशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले निस्तारण में सहयोग करेंगे। बीमा कम्पनी व क्लेमेंट के अधिवक्ताओं ने भी पीडीजे को आश्वस्त किया है कि इस बार पूर्ब की अपेक्षा ज्यादा केस। एम ए सी टी के विशेष लोक अदालत में निपटारा कराने का प्रयास है। इस मौके पर डीजे प्रथम विनोद कुमार सिंह, पंचम अभिमन्यु कुमार, षष्टम राज कुमार मिश्रा, सप्तम स्वेता ढिंगरा , अष्टम आयशा खान, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव, निबंधक कमल प्रकाश के अलावे बीमा कम्पनी के अधिवक्ता युदिष्ठिर गिरी, सुदेव कुमार दता, अधिवक्ता सी के मिश्रा, राजीव रंजन शलभ कुमार आदि लोग उपस्थित थे।



## एक नजर

### पलामू से जाने वाले 48 हज यात्रियों को लगा इंजेक्शन

**पलामू :** पलामू से मक्का मदीना हज के लिए जाने वाले 48 हज यात्रियों को मंगलवार को इंजेक्शन लगाया गया। इस सिलसिले में मेदिनीनगर शहर के छहमुहान स्थित जामा मस्जिद में शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर इंजेक्शन देने के साथ साथ सभी को पोलियो ड्राप भी पिलाया गया। बता दें कि हज यात्रा की तिथि अभी मुकर्रर नहीं की गयी है। इससे पहले यात्रा को लेकर सभी जायरिनों को पूरी तरह से तैयार किया जा रहा है। इससे पहले गत 30 अप्रैल को जामा मस्जिद में ही शिविर लगाकर प्रशिक्षण दिया गया था। प्रशिक्षक अबू दर्दा, मौलाना नसीम, हासिम अंसारी, पेश इमाम मुफ्ती मोहम्मद शाहनवाज कासमी ने प्रशिक्षण में शामिल हज यात्रियों को हज के सारे रस्म अदा करने की विस्तृत जानकारी दी थी। हेल्थ जांच शिविर का नेतृत्व डा. एसके रवि ने किया। उनके साथ नौडीहा बाजार के चिकित्सा पदाधिकारी डा. रजी अहमद, चिकित्साकर्मी अभय कुमार दुबे, एएनएम मृदुला कुमारी, राजमणि कुमारी, कुमारी श्वेता सिंह आदि शामिल थे। पलामू जिला हज कमेटी के हाजी सैय्यद शमीम अहमद, हाजी मोबिन अंसारी, महबूब आलम ने संयुक्त रूप से बताया कि इस वर्ष पलामू जिला से 48 लोग हज यात्रा पर जाएंगे। प्रशिक्षण के बाद हेल्थ जांच शिविर लगाकर सभी का चेकअप किया गया। जरूरी इंजेक्शन दिए गए। मक्का मदीना जाने के लिए सभी तैयार हैं। तिथि घोषित होते ही सभी को रवाना किया जाएगा।

### वर्ल्ड किड्स एथलेटिक्स समारोह में दिखी खिलाड़ियों की प्रतिभा

**पलामू :** पलामू डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में जीएलए कॉलेज स्टेडियम में वर्ल्ड किड्स एथलेटिक्स समारोह का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस प्रतियोगिता में जीजीपीएस, विमला पांडे ज्ञान निकेतन, संत मरियम, सनातन विद्या निकेतन, गिरिवर स्कूल, प्लस टू ब्राह्मण उच्च विद्यालय, कैंब्रिज, ग्रीन वैली के बालक-बालिका प्रतिभागियों ने भाग लिया। अंडर 14 आयु वर्ग में 60 मीटर दौड़, शॉट पुट थ्रो तथा अंडर 16 आयु वर्ग में 300 मीटर दौड़, शॉट पुट थ्रो की प्रतियोगिता हुई। मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा एवं विशिष्ट अतिथि ने 300 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल प्रारंभ किया।

### जलापूर्ति योजना में सांसद विधायक व वार्ड पार्षदों की भूमिका अविस्मरणीय : प्रथम उपमहापौर

**पलामू :** प्रथम उपमहापौर राकेश कुमार सिंह (मंगल सिंह) ने मंगलवार को कहा कि नगर निगम क्षेत्र की सबसे बड़ी शहरी जलापूर्ति योजना फेज-2 का कार्य फिर से प्रारंभ हो चुका है। अपने कार्यकाल में इसे सभी वार्ड पार्षदों के अविस्मरणीय योगदान से इस योजना को हम सभी धरातल पर उतार पाए हैं। उस समय मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं नगर विकास मंत्री सीपी सिंह से मैं स्वयं इस विषय में वार्ड पार्षदों के साथ मिलकर इस गंभीर विषय से उनको अवगत कराया था और इस दिशा में मुख्यमंत्री और मंत्री की तरफ से तुरंत ही सकारात्मक कदम उठाया गया था पर भाजपा की सरकार नहीं रहने के कारण उसके बाद योजना अधर में लटक गई। सांसद का भी इस योजना में काफी योगदान रहा है। डाल्टनगंज-भंडरिया विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने भी कई बार सदन में इस मुद्दे को उठाया। इसलिए उनके भी योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है, क्योंकि इसकी टेंडर प्रक्रिया पूर्व में हुई थी पर तकनीकी कारण या सरकारी उदासीनता के कारण लंबित था।

## पलामू में व्यवसायी से मांगी पांच लाख की रंगदारी, हत्या की धमकी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** जिले के छतरपुर नगर पंचायत अंतर्गत ठाकुरबाड़ी मंदिर के नजदीक छत्तरपुर निवासी व्यवसायी रितेश कुमार आनंद उर्फ राजा गुप्ता को जान से मारने की धमकी मिली है। खाटिन निवासी संतोष गुप्ता को गोली मारने का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि एक और व्यवसाई को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन पर यह धमकी दी गई है। व्यवसायी रितेश ने मंगलवार को बताया कि फोन पर धमकी देते हुए 5 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई है। नहीं देने पर शाम तक गोली मारने की चेतावनी दी गई है। इस मामले के लिए छत्तरपुर थाना में आवेदन देकर थाना प्रभारी से जानमाल की गुहार लगाई है। ठाकुरबाड़ी मंदिर बस स्टैंड के कपड़ा व्यवसायी रितेश कुमार आनंद ने अपने परिजनों पर धमकी दिलवाने के आरोप लगाया है। आवेदन में उन्होंने बताया है कि 6 मई 2024 को सुबह 9.35 बजे मोबाइल नंबर 8864077366 से उसके मोबाइल नंबर 7992344513 पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा 5 लाख रंगदारी की मांग की गयी। नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। उन्होंने लिखा है कि चाची सुमन गुप्ता पति संतोष कुमार गुप्ता से जमीन विवाद में पांच मई को बीच विवाद हुआ था। उन्होंने अपनी सुरक्षा की गुहार लगाते हुए कहा है कि हमारी हत्या कभी भी ये लोग करा सकते हैं, इसलिए थाना प्रभारी से त्वरित जांच-पड़ताल कर कर दोषियों पर करवाई करने का आग्रह किया है। इस मामले में थाना प्रभारी ने कहा कि इस सिलसिले में आवेदन मिला है। जांच के लिए निर्देशित किया गया है। जांच के बाद मामले को स्पष्ट किया जाएगा।

## आमलोगों की समस्याओं के निदान में सहयोग करेगा मानवाधिकार परिषद : संध्या देवी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर पलामू :** शहर के सुदना में एल्युमिनियम फैक्ट्री के निकट भारतीय मानवाधिकार परिषद पलामू इकाई का जिला कार्यालय का उद्घाटन परिषद के अध्यक्ष संध्या देवी ने किया। मौके पर परिषद के जिला महासचिव महेंद्र नाथ शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ सीमा कुमारी, सचिव चंचला कुमारी व सह सचिव किरण कुमारी एवं अविनाश कुमार राजा, जिला समन्वयक शिला कुजूर व संजीव कुजूर एवं सक्रिय सदस्य असतोरा देवी सहित शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यालय उद्घाटन के उपरांत अध्यक्ष संध्या देवी ने वहां उपस्थित लोगों को मानवाधिकार के कर्तव्यों एवं दायित्वों के विषय में जानकारी देते हुए इसके उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने समाज के पीड़ित वैसे लोगों को जिन्हें न्याय नहीं मिल रहा हो या फिर बिलम्ब हो रहा है उसमें यथोचित सहयोग उन्हें न्याय दिलाने का कार्य करने की प्रतिबद्धता दुहरायी। उन्होंने कहा कि कई ऐसे लोग हैं जिन्हें उचित न्याय नहीं मिल पाता है वैसे लोग कार्यालय में पहुँचकर अपनी समस्या बताएं उन्हें हर सम्भव सहयोग कर न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा। अध्यक्ष ने यह भी बताया कि कार्यालय खोलने की जानकारी जिले के तमाम अधिकारियों को दे दी गयी है। सभी लोगों ने सकारात्मक सहयोग का भरोसा दिया है।



## पलामू में तेजस्वी यादव की रैली, ममता भुइंया की जीत के लिए राजद का अंतिम जोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** झारखंड में चौथे चरण के साथ ही उम्मीदवारों की किस्मत पर फैसले की शुरूआत होनी है. 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में हार-जीत मटपेटियों में बंद होने वाली है। अब महज पांच दिन ही प्रचार-प्रसार के लिए शेष है, यह वह दौर होता है, जब सियासी दलों के द्वारा अपनी अंतिम ताकत झोंकी जाती है, लेकिन पलामू में यह लड़ाई राजद अपने दम पर लड़ती नजर आ रही है, इंडिया गठबंधन के किसी भी घटक दल के द्वारा यहां अब तक कोई बड़ी रैली नहीं हुई है। और इसके साथ ही इंडिया गठबंधन की एकजुटता पर सवाल खड़ा होने लगा हैं।

**लालू यादव ने एकतरफा तरीके से ममता भुईंया के नाम का किया था एलान**



यहां याद रहे कि पलामू सीट पर कांग्रेस की ओर से दावा ठोंका जा रहा था, लेकिन राजद प्रमुख लालू यादव ने एकतरफा तरीके से ममता भुइंया के नाम का एलान कर दिया। इसके साथ ही राजद की दावेदारी चतरा सीट पर थी, लेकिन कांग्रेस ने केएन त्रिपाठी का नाम एलान कर राजद की इस चाहत पर विराम लगा दिया। लेकिन अब जब सियायी अखाड़े में अपना शक्ति प्रर्दशन की बारी है। घटक दल के हिस्से जीत दिलवाने की जिम्मेवारी है, कांग्रेस-झामुमो पलामू के अखाड़े से दूर खड़ा नजर आ रहा है। अब तक झामुमो-कांग्रेस की ओर से किसी भी बड़े चेहरे की इंट्री नहीं हुई है। जबकि राजद अपने बूते जीत की ताल ठोंकता दिखलायी पड़ रहा है। पूरी फौज मैदान में है। पार्टी जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह और गोड्डा के पूर्व विधायक संजय यादव मोर्चा ने मोर्चा संभाल रखा है। बावजूद इसके झामुमो कांग्रेस की इस उदासीनता से सवाल खड़े हो रहे हैं। खास कर इन दोनों दलों के समर्थकों के बीच यह सवाल खड़ा होता दिख रहा है कि उनका स्टैंड क्या होगा? लालटेन की जीत में अपनी पसीना बहाना है या फिर साथ देने के रश्म का निर्वाह करना है? हालांकि इस बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से इस बात का दावा जरुर किया जा रहा है कि जल्द ही सीएम चंपाई की सभा होने वाली है, मंत्री मिथिलेश ठाकुर भी अपना जोर लगा रहे हैं, लेकिन जैसे-जैसे समय निकल रहा है, राजद समर्थकों के बीच एक बेचैनी जरुर पसरती दिख रही है। यह सवाल खड़ा होता दिख रहा है कि आखिर अब तक इंडिया गठबंधन की ओर से किसी बड़ी रैली का आयोजन क्यों नहीं हुआ? वैसे राजद समर्थकों की निगाह तेजस्वी यादव की ओर भी लगी हुई है? संजय यादव प्रदेश प्रवक्ता राजद झारखंड ने बताया कि कल छतरपुर और भवनाथपुर में तेजस्वी यादव की रैली होने वाली है, इस रैली के साथ ही पूरी तस्वीर बदली नजर आयेगी, ना सिर्फ पलामू की सीट बल्कि सभी 14 सीटों पर इंडिया गठबंधन का परचम फहराने वाला है।

### डीसी ने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**पलामू :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को सीआरपीएफ को ठहारने के लिए चयनित राजमाता प्रफुल मंजरी उच्च विद्यालय व केंद्रीय विद्यालय चैनपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्रीय विद्यालय के आसपास फैली झाड़ियों की साफ-सफाई करने पर बल दिया। वहीं राजमाता प्रफुल मंजरी उच्च विद्यालय में भी सभी सुविधाओं को दुरुस्त करने को लेकर चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया। इसके बाद उन्होंने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के लिये चिन्हित सदगुरु प्रताप हरि प्लस 2 उच्च विद्यालय का भी जायजा लिया। उन्होंने चैनपुर बीडीओ से रिजर्व ईवीएम मशीन को सुरक्षित रखने के लिए बनाई गई इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम से मतदान केंद्रों की दूरी एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

हर मोर्चे पर विफल प्रधानमंत्री व पलामू के सांसद बीडी राम

## बीडी राम अब राम भरोसे रामलीला पार्टी की नाटक मंडली के जोकर बन चुके हैं : झारखण्ड क्रांति मंच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने मंगलवार को मेदिनीनगर के पटेल नगर स्थित आवास पर प्रेस बयान जारी कर कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का भगवान राम की मुर्ति के आगे साष्टांग दंडवत से ना तो उनके जघन्य पाप धूलने वाले हैं और ना ही इस बार भगवान राम उन्हें माफ करने वाले हैं। बयान में उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी जी के निदेर्शानुसार जब भी पलामू संसदीय क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता भाजपा प्रत्याशी व नाकाम/नकारा सांसद बीडी राम के लिए घर-घर वोट मांगने आयें तो मतदाता उनसे अवश्य पूछें कि बीफ कम्पनियों से इलेक्टोरल बॉण्ड के जरिए 200 करोड़ रुपए से ज्यादा चंदा लेने वाली व सरकार के कार्यकाल में गऊ माता का वध करवाकर बीफ निर्यात में भारत को शीर्ष देश बनानेवाली व हजारों करोड़ रुपए के भ्रष्टाचारियों व व्याभिचारियों को गले लगानेवाली पार्टी भाजपा को क्यों मतदान किया जाए?




बयान में जेकेएम अध्यक्ष ने कहा है कि देश व पलामू के ज्वलंत मुद्दों पर बुरी तरह फेल हो चुके व एक शब्द नहीं बोलने वाले प्रधानमंत्री मोदी व बाहरी व विफल सांसद प्रत्याशी बीडी राम अब राम भरोसे रामलीला पार्टी की नाटक मंडली के जोकर बन चुके हैं। निश्चित रूप से वे और उनकी पार्टी विपक्ष की पार्टियों से ज्यादा भ्रष्ट हैं। अगर आज मंत्री आलमगीर आलम व अन्य कैश कांड के आरोटी लोग मधु कोड़ा व गीता कोड़ा की तरह भाजपा शरणं गच्छामि हो जायें तो पीएम मोदी उनकी आरती उतारने लगेंगे। बयान के अंत में झारखण्ड क्रांति मंच के अध्यक्ष ने कहा है कि देश के लिए राहू-केतु बन चुके पीएम व गृह मंत्री अपनी निश्चित हार को देखकर बौखला गए हैं। जिस तरीके से गुजरात/मध्य प्रदेश में प्रत्याशियों की खरीद-फरोख्त के बाद उत्तर प्रदेश में कुछ पार्टियों व प्रभुत्व वाले क्षत्रपों को मैनेज करने की कवायद जारी रखी है,उससे स्पष्ट है कि अबकी बार,भाजपा की निश्चित हार तय है। जिसकी शुरूआत झारखण्ड में पलामू संसदीय क्षेत्र से होनेवाली है।

## संक्षिप्त खबरें

### न्याय रथ पहुंचा पोलपोल, लोगों ने रखी समस्याएं



**मेदिनीनगर :** झालसा के दिशा निर्देश व पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में मंगलवार को सदर प्रखंड के पोलपोल बाजार में चलन्त लोक अदालत सह न्याय रथ पहुँचा। इसके तहत लोगों को कानूनी जानकारी के अलावे जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा उपलब्ध पंपलेट, कानूनी पुस्तक, आदि का वितरण किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों ने आवास, वृद्धावस्था पेंशन, राशन कार्ड, चापानल, व मुवावजा भुगतान नही किए जाने से सम्बंधित समस्याएं को रखा। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट पुष्कर राज ने कहा कि चलन्त लोक अदालत का आयोजन एक मई से आरंभ किया गया है। जिसके तहत गांव-गांव में जाकर लोगों को कानून के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही सरकार द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की जानकारी दी जा रही हैं। ताकि लोग जागरूक होकर अपना हक अधिकार प्राप्त कर सके। उन्होंने लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति केस लड़ने से वंचित नहीं रहेगा। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के माध्यम से लोगों को मुफ्त केस लड़ा जा रहा है। साथ ही डालसा के द्वारा कई स्कीम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ित प्रतिकर अधिनियम के तहत मुआवजा राशि प्रदान किया जा रहा है। इस मौके पर नई दिशाएं के सचिव इन्दु भगत ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत मध्यस्तता, लोक अदालत, विधिक जागरूकता शिविर आदि का आयोजन किया जाता है। इससे लोगों में काफी जागरुकता आया है। उन्होंने कहा कि जिनकी आमदनी तीन लाख सालाना से कम है, प्राकृतिक आपदा से ग्रसित है, दिव्यांग है, एसी, एस टी परिवार से आते हैं, महिला हैं, कारा में बंद है, बच्चे हैं। ऐसे लोगों को मुफ्त विधिक सहायता उपलब्ध कराया जाता है। जिसके तहत केस लड़ने के लिए मुफ्त वकील उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही कोर्ट फीस माफ किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज न्याय आपके द्वारा पहुंचा है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की समस्या हो तो आप जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में एक सादे कागज पर आवेदन दे सकते हैं। जिस पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। इस मौके पर ग्रामीणों ने चलंत लोक अदालत में कई समस्याएं रखा। ग्रामीण का आवेदन लिया गया। इस मौके पर पीएलभी विजय कुमार, सुचिता एक्का समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### एनसीपी कार्यकर्ता घर- घर मांगेंगे भाजपा प्रत्याशी के लिए वोट : कमलेश



**हुसैनाबाद,पलामू :** एनडीए के घटक दल एनसीपी अजीत गुट के कार्यकताओं की बैठक हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय में हुई। बैठक में पार्टी द्वारा प्रतिनयुक्त पलामू लोस प्रभारी अजीत सिंह हुए शामिल। बैठक को एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उन्हें खुद भी बैठक में रहना था। मगर चुनावी कार्यक्रमों में व्यस्तता की वजह वह शामिल नहीं हो सके। इसका उन्हें काफी मलाल भी है। उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान किया कि घर घर पहुंच कर एनडीए प्रत्याशी वीडी राम के पक्ष में वोट मांगे। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार में किसान गरीब मजदूर व आम लोगों के हित में किए गए कार्यों से जनता को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि देश की मजबूती व लोकतंत्र को कायन रखने के लिए नरेंद्र भाई मोदी को प्रधानमंत्री बनाना जरूरी होगा। इसके लिए हमे अपना अपना बूथ जीतना जरूरी है। एनसीपी के पलामू लोस प्रभारी अजीत सिंह ने कहा कि पार्टी तन मन धन से तैयार है। एक एक कार्यकर्ता अपने अपने गांव के एक एक घर में केंद्र सरकार की उपलब्धियां पहुंचने के साथ उनका वोट मांगने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव के दिन अधिक से अधिक लोगों को बूथ तक जाकर मतदान करने को भी प्रेरित करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस चुनाव देश में स्वाभिमान की रक्षा के लिए एनडीए प्रत्याशी को विजयी बनाने का दायित्व सभी का है। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संदीप पासवान ने की। संचालन प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने किया। बैठक में हुसैनाबाद के सभी प्रखंडों के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी ने एकजुटता के साथ एनडीए प्रत्याशी को भारी मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया।

### आने वाला समय ओबीसी समाज के लोगों का है : बीडी प्रसाद

**पलामू :** लोकसभा चुनाव 2024 में झारखण्ड के आठ (08) सामान्य सिटों में से छह (06) पर एन.डी.ए. तथा तीन (03) पर इण्डिया गठबंधन द्वारा पिछड़ा वर्ग के लोगों को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं एक (01) सीट पर अनुसूचित जाति तथा पांच (05) सीट पर अनुसूचित जन जाति के लिए आरक्षित है इस मंच के माध्यम से मैं ओ0बी0सी0 के अन्तर्गत आने वाले सभी जाति समुदाय एवं सम्प्रदाय के लोगों से आहवान करता हू कि दल पार्टी एवं जाति से उपर उठकर अपने ओ.बी.सी पिछड़ा वर्ग के प्रत्याशियों के पक्ष में भारी संख्या में मतदान करके एवं करवाकर विजय बनाने का कार्य करें ताकि लोक सभा में ओ.बी.सी पिछडा वर्ग के आवाज को मजबूती से रख सके। वहीं आरक्षित संसदीय सीटों जैसे झ्र लोहरदगा, चाईबासा, दुमका, राजमहल, खूंटी एंव पलामू में जो प्रत्याशी चाहे वो किसी भी दल पार्टी गठबंधन में हो अगर वह ओ.बी.सी समाज के हक और अधिकार की बात करेगा साथ ही ओ.बी.सी समाज के व्यवसायियों के सुरक्षा एंव अपने संसदीय क्षेत्र में जिला एंव प्रखंड मुख्यालय में ओ.बी.सी क्षात्र-क्षात्राओ के लिए सांसद निधि से ओ.बी.सी छात्रावास का निर्माण सभी सुविधओं के साथ निशुल्क व्यवस्था करते है तो ओ.बी.सी समाज एंव मंच उनका समर्थन करेगा उन्हें हमारा मंच के लोग तन-मन-धन- से उन्हें पक्ष में मतदान करने के लिए ओ.बी.सी समाज के लोगो को एकजुट करने का कार्य करेगी ओ.बी.सी. समाज का जाति अधारित जनगणना कराकर जनसंख्या के अनुपात में सामाजिक, राजनैतिक, शैक्षणिक एवं सभी सरकारी नौकरियों एंव उच्च शिक्षा संस्थानों में आरक्षण कि व्यवस्था हो एंव ओ.बी.सी समाज के व्यवसायियों का सुरक्षा के लिए केन्द्र सरकार अलग से सुरक्षा निति तैयार कर ओ.बी.सी समाज को सुरक्षा प्रदान करे तथा जो व्यवसायियों द्वारा जीएसटी एवं इनकम टैक्स के माध्यम से सरकार को 22 से 24 हजार करोड़ सलाना कर देकर देश कि अर्थव्यवस्था को चलाने का काम करते है उसमें से व्यवसायियों को 60 वर्ष की आयू के बाद पेंशन कि व्यवस्था केन्द्र सरकार लागू करें एवं देश, राज्य, जिला व प्रखण्ड स्तर पर ओ.बी.सी के छात्र-छात्राओं के लिए सभी सुविधाओं से संपन्न नि:शुल्क छात्रावास कि व्यवस्था करें एवं सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में नि:शुल्क शिक्षा कि व्यवस्था हो। हम ओ.बी.सी समाज के लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहकर भी लोगों रोजगार देने का कार्य करते है ओ.बी.सी समाज राजनैनिक क्षेत्र में अपनी जागरूकता दिखाकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें आने वाला समय ओ.बी.सी समाज के लोगों का है।

# जिले में तीन माह से नहीं मिल रही है डॉट्स की दवा, तड़प रहे हैं टीबी मरीज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**देवघर :** देवघर में तीन महिनों से टीबी मरीज को दवा उपलब्ध नहीं हो पा रहा है इस दौरान पुराने मरीज को भी दवा उपलब्ध नही हो पा रही है। दरअसल यह दवा विशेषकर टीबी मरीज के लिए डॉट्स के नाम से दिया जाता था जिसमें छह महिना के कोर्ष करने के बाद टीबी से मुक्ति पाई जा सकती है। इस तरह की दवाईयां पुरी तरह से सरकारी होती है जिसका बाजारों में बिक्री पर पुर्णतः रोक रहती है यहीं कारण है कि दवा की उपलब्धता नही रहने के कारन मरिजों के पास काई और वैक्लपीक व्यवस्था नहीं रहती है अगर इसके बदले में काई और दवा मरिज खरिदते है तो उन्हे काफी मंहगे दाम चुकाने पड़ते है जा हर किसी से संभव नहीं है। मोहनपुर का बासुकी रॉय डॉट्स का तीन महिनों से कर रहा है इंतजार




जिला के मोहनपुर प्रखंड स्थित भगवानपुर निवासी 65 वर्षिय बासुकी राय की तबीयत बिते तीन महिनों में ज्यादा बिगड़ गई है। बासुकी बताते है कि उन्हे खांसी के साथ बलगम में खुन भी आता है जिससे वो काफी खबरा गये है यहां के एक निजी क्लीनीक में जांच करवाने के बाद पता चला कि उन्हे फेफड़े में टीबी की शिकायत है। इसके बाद बासुकी की आर्थिक स्थिति को देखते हुए नीजी चिकित्सक ने उसे सरकारी अस्पताल से दवा लेने की बात कही इसके बाद बासुकी मोहनपुर प्रखंड के पीएचसी में दवा लेने के लिए पंहुचे थे जहां उसकी सारी प्रक्रिया पुरी करने के बाद उसे दवा के लिए इंतजार करने को कहा गया इंतजार लंबी होते देख बासुकी खबरा गया और ईलाज कराने के लिए दुमका पंहुच गया लेकिन वहां पर भी उसे डॉट्स की दवा नहीं मिल पाई। इसके बाद जब मोहनपुर पीएचसी में दवा के बारे में पुछा गया तो पता चला की तीन महिने से दवा नहीं मिल रही है कई बार डिमांड भेजा गया है लेकिन दवा उपलब्ध नही हो रहा है।

**क्या कहते है यक्ष्मा पदाधिकारी**

युगल किशोर चौधरी ने फोन के जरीए बात करने के दौरान कहा कि दवा राज्य से नहीं भेजी जा रही है इसलिए जिले में दवा उपलब्ध नहीं है यहां से बार बार दवा की डिमांड की जा रही है लेकिन दवा नहीं भेजी जा रही है। ये दवा बाजार में कहीं मिलता भी नही है कि इसे खरीद लिया जाए इसके लिए किसी तरह की कोई वैक्लपिक व्यवस्था सबंधित विभाग के पास नहीं है।

## एक नजर

### 10 कुख्यात अपराधियों के खिलाफ सीसीए के तहत हुई कार्रवाई : एसपी

**साहिबगंज :** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए साहिबगंज जिला पुलिस प्रशासन ने जिले के 10 कुख्यात अपराधियों के खिलाफ सीसीए के तहत कार्रवाई की है। यह जानकारी एसपी कुमार गौरव ने मंगलवार को दी। उन्होंने बताया कि नगर थाना क्षेत्र के कमल टोला निवासी अजय पासवान व पुरानी साहिबगंज निवासी मनीष प्रताप को जिला बदर किया गया है। वहीं जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के चानन निवासी विक्की रविदास व निर्मल साव, पुरानी साहिबगंज के चतुर चौधरी, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भोज टोला निवासी बच्चू यादव, राधानगर थाना क्षेत्र के मोहनपुर निवासी राजा ठाकुर, फुदकीपुर के मिथुन मंडल, नगर थाना क्षेत्र के कमल टोला निवासी अर्जुन पासवान व बरहेट थाना क्षेत्र के रोकड़ा निवासी शरीफ अंसारी को थाना में हाजिरी देने का निर्देश दिया गया है।

### गोड्डा लोकसभा सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**गोड्डा :** गोड्डा एवं राजमहल लोकसभा क्षेत्र में गोड्डा तथा साहिबगंज जिला मुख्यालय में नामांकन पर्ची की बिक्री एवं नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया आरंभ हो गई। दोनों लोकसभा क्षेत्र में दर्जनों उम्मीदवार ने नामांकन पर्ची खरीदी जबकि गोड्डा में दो लोगों ने नामांकन पर्चा भरे।गोड्डा में नामांकन भरने वाले लोगों में केतन कुमार तथा अनूप कुमार के नाम शामिल है जबकि राजमहल लोकसभा क्षेत्र से बहुचर्चित निर्दलीय उम्मीदवार व झारखंड मुक्ति मोर्चा के वर्तमान विधायक ने अपने हजारों समर्थकों के साथ नामांकन पर्चा भरा। इसी के साथ आने वाले दिनों में इन दोनों लोकसभा क्षेत्र में चुनावी पारा चढ़ना आरंभ हो जाएगा।

## झामुमो का विधानसभा स्तरीय कार्यालय खुला



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पोटका :** पोटका के हाता में मंगलवार को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती ने विधानसभा स्तरीय प्रधान चुनावी कार्यालय का उद्घाटन विधायक संजीव सरदार के साथ फीता काट कर किया। इस अवसर पर समीर मोहंती ने कहा कि लोकसभा में बदलाव का जनता ने मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि बढ़ती मंहगाई से समाज का हर वर्ग परेशान है। महंगाई को कम करने में मोदी सरकार नाकाम साबित हुई है। 10 वर्षों से जमशेदपुर के लोकसभा सांसद रहने के बावजूद कोई उपलब्धि हासिल नहीं कर पाए.समीर मोहंती ने कहा कि पूरे लोकसभा क्षेत्र की जनता वर्तमान सांसद से नाखुश। लोगों ने बदलाव का संकेत दिया है। पोटका विधायक संजीव सरदार ने कहा कि झामुमो गठबंधन के साथ पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में है। जनता का आशीर्वाद गठबंधन के प्रत्याशी को मिलेगा। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन, शेख बदरुद्दीन, सुनील महतो, हीरामणि मुर्मू, बबलू चौधरी, चन्द्रावती महतो, वकील भकत, शिवचरण हांसदा समेत झामुमो व गठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पत्थर डस्ट लदा हाइवा पलटने से चालक दबा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मंडरो :** मिजाचौकी थाना क्षेत्र के अंतर्गत नयानगर पावर सबस्टेशन के पास मंगलवार को सुबह पहाड़ के तरफ से पत्थर डस्ट लोडिंग कर एक हाईवा संख्या जेएच 05एएन 5911 नयानगर गांव के रास्ते उतर रहा था उसी के दौरान हाईवा का संतुलन बिगड़ गया। जिसके कारण सड़क के किनारे गड्ढे में जा गिरा जिससे कि हाईवा पर सवार खलासी घटना से पूर्व आशंका होने पर खुद कर फरार हो गया। वही हाईवा चालक उसी में दब गया जिससे कि उसका पैंर के साथ-साथ कई हिस्सों में गंभीर चोट आई है इधर घटना की सूचना के बाद आसपास के सैकड़ो ग्रामीणों का भीड़ इकट्ठा हो गया। वहीं बुद्धिजीवी की मदद से चालक को बाहर निकला और उसे ईलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही मिजाचौकी



थाना के एसआई पवन कुमार अपने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गए हैं। घायल हाईवा चालक का पहचान पीरपैंती थाना क्षेत्र के परसबन्ना गांव निवासी टिंकू पासवान के रूप में हुई है,जिसका ससुराल कीर्तनिया गांव के आसपास बताया जा रहा है। इस संबंध में थाना प्रभारी रोहित कुमार ने मीडिया को बताया कि दुर्घटनाग्रस्त हाईवा को सीज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। अब तक किसी व्यक्ति के द्वारा कोई भी शिकायत नहीं किया गया है। मालूम हो कि अधिकतर क्रशर मील से पत्थर चिप्स, पत्थर डस्ट समेत खनिज संप्रदाय की ढुलाई करने वाले वाहन का सभी कागजात के साथ-साथ दूष्टि प्रमाण पत्र नहीं रहने के बावजूद खुलेआम परिवहन नियम का उल्लंघन करते हुए क्रशर मालिक वाहनों का परिचालन करते हैं। जबकि परिवहन विभाग ऐसे वाहनों के विरुद्ध ना के बराबर कोई कार्रवाई करती है।

# धरमडीह टोला में भारी मात्रा में नकली शराब की बोतलें जब्त, महिला गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**घाटशिला :** जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के ईचड़ा पंचायत अंतर्गत धरमडीह टोला में पवनी उरांव नामक महिला के घर से विभिन्न ब्रांड के 184 पीस केन बियर एवं विभिन्न ब्रांड के 224 पीस नकली शराब की बोतल तथा 8 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद किया गया जिसका अनुमानित मूल्य 1लाख रुपया है, उक्त जानकारी मंगलवार को घाटशिला सीडीपीओ कार्यालय में पत्रकारों को वरीय पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर ने दी। उन्होंने बताया कि उक्त महिला अपने घर



से अवैध शराब का व्यापार करती थी.सूचना के आधार पर महिला आरक्षी और सहस्त्र बल के साथ उत्तरी ईचडा के धरमडीह टोला में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सत्यनारायण कुमार, महिला आरक्षी उर्मिला देवी, हवलदार सुधांशु कुमार महतो एवं सहस्त्र बल ने अवैध शराब जप्त करते हुए महिला को गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के मध्य नजर अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार छापामारी की जा रही है इसी क्रम में सोमवार की रात कार्रवाई की गई। प्रेस वार्ता में घाटशिला एसडीपीओ, मुसाबनी डीएसपी, थाना प्रभारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा ने चलाया जनसंपर्क अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहेट :** राजमहल लोकसभा के झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा के पक्ष में बरहेट के भोगनाडीह तथा छोटा कदमा पंचायत के विभिन्न गांव में चुनावी जनसंपर्क अभियान कार्यकताओं ने चलाया। यह अभियान झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजाराम मरांडी सचिव मुजिबुर रहमान के नेतृत्व में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया।पंचायतों के विभिन्न गावों में बैठक कर राजमहल लोक सभा के इंडिया गठबंधन के तरफ से झामुमो के प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा को अधिक से अधिक मतो से विजयी बनाकर इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाने का आह्वान किया गया। वहीं मौके पर मौजूद प्रखंड कोषाध्यक्ष पुसा टुडू, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सुनिल सोरेन, जिप सदस्य जेठा मुर्मू, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मजीद, नूर हुसैन अंसारी, ईसलाम अंसारी, समदा सोरेन, आरिफ अंसारी, सामयेल मुर्मू, देवीलाल तुरी, शाम हेमब्रम, लुखीराम हेमब्रम, सुनिल मरांडी, मरांग हेमब्रम, जलालुद्दीन अंसारी, सुनिल किस्कू दोंनो पंचायत के अध्यक्ष सचिव, कार्यकर्ता व ग्रामीण थे।

# उप विकास आयुक्त के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

- सभा का आयोजन कर हैशटैग कम्पेन का किया गया शुभारंभ
- जिला अंतर्गत गंगा किनारे बसे कुल 78 ग्रामों में आयोजित होगी सभा

**साहिबगंज :** मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर हैसटैग कम्पेन मे भाग लेने हेतु यात्रियों के साथ-साथ बीएलओ तथा एस एच जी के दीदी के अलावे वहा उपस्थित महिला एवं पुरुष एवं ग्रामीण से किया गया अपील। जानकारी देते हुए उप विकास आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांक ने कहा की इस बार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से हर वर्ग के मतदाता के टारगेट कर गतिविधि आयोजित की जा रही है। जिससे जिले का मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सके। साथ ही साथ स्टिमर मे उपस्थित सभी यात्रियों से अपील किया कि चुनाव आयोग के द्वारा आगामी 7 मई को समय 6:00 बजे अपराहन से लेकर 8:00 बजे अपराह्न तक एक हैसटैग कैंपेन चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिलेवासी मतदाता जागरूकता संबंधी संदेश जैसे फोटोग्राफ या वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से हैसटैग लगाकर पोस्ट करेंगे, जिससे कि पूरे जिले में जन जागरूकता का एक माहौल तैयार हो सके। साथ ही साथ सोंस सभा के माध्यम से 50 प्रतिशत से कम मतदान वाले मतदान केन्द्रो मे टीम के द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा मे कार्य किया जायेगा। इसी क्रम में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी ने



बताया की जिले के 78 ग्रामो मे बिशेष रूप से सोंस सभा का आयोजन कर डॉल्फिन यानी सोंस की सुरक्षा के साथ- साथ मतदाताओं को भी जागरूक किया जायेगा की आगामी 1 जून 2024 को लोग अपने अपने घरों से निकल कर वोट देने मतदान केंद्र जरूर आये। अनुमंडल पदाधिकारी, साहेबगंज ने कहा की लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदार बनना हम सभी का कर्तव्य है और ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान के दिन लोग मतदान प्रक्रिया में भाग लेने हेतु मतदान केंद्र में जरूर पहुंचे। चर्चा में अपनी बात रखते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने उपस्थित महिलाओं के बीच यह संदेश दिया कि हर हाल में आगामी 1 जून 2024 को अपने मतदान केंद्र में जाकर मतदान प्रक्रिया में जरूर भाग ले। चुनावी चर्चा के दौरान जिला खेल पदाधिकारी राजमहल मॉडल महाविद्यालय राजमहल के रंजीत सिंह नगर प्रसाशक साहेबगंज, प्रखंड विकास पदाधिकारी साहेबगंज, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी साहेबगंज एवं अन्य ने भाग लिया।

**सभी यात्रियों ने लिया मतदान संकल्प**

फेरी सेवा में संचालित स्टीमर में उप विकास आयुक्त ने सवार सभी यात्रियों को मतदान प्रतिज्ञा संकल्प दिलवाया सभी यात्रियों ने यह संकल्प लिया कि आगामी 1 जून 2024 को होने वाले मतदान के दिन वह मतदान केंद्र में जाकर वोट जरुर डालेंगे। वहीं मौके पर उप विकास आयुक्त साहिबगंज सतीश चंद्रा, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी, अनुमंडल पदाधिकारी अंकारनाथ, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, जिला खेल पदाधिकारी राजेश कुमार, राजमहल मॉडल महविद्यालय रंजीत सिंह, जिला समन्वयक एसबीएम आशीष यादव के साथ-साथ स्विप सेल के सभी कर्मी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### राजमहल लोकसभा सीट से लोबिन हेंब्रम ने दाखिल किया नामांकन



**साहिबगंज :** राजमहल एसटी लोकसभा सीट से मंगलार को निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जेएमएम के बागी नेता लोबिन हेंब्रम ने नामांकन किया। उन्होंने समाहरणालय पहुंचकर साहिबगंज के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती को नामांकन पत्र सौंपा। नामांकन दाखिल करने के बाद लॉबिन हेंब्रम ने समाहरणालय गेट के बाहर प्रत्रकारों से बातचीत में झामुमो पर जमकर निशाना साधा। कहा कि सांसद विजय हांसदा ने क्षेत्र के लिए कुछ नहीं किया, विजय हांसदा को उन्होंने नोट गिनवा बताया। चुनाव आयोग के तय कार्यक्रम के अनुसार, राजमहल में नामांकन करने की अंतिम तिथि 14 मई है। अगले दिन 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी, 17 मई तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतदान सातवें चरण में एक जून को होगा। राजमहल लोकसभा क्षेत्र में कुल 1702033 मतदाता हैं, जिनमें साहिबगंज जिले के 860854 व पाकुड़ जिले के 841179 मतदाता शामिल हैं।

### नामांकन प्रक्रिया के उपरांत उपायुक्त ने सुनी आम जनों की समस्याएं



**साहिबगंज :** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपायुक्त हेमंत सती ने लोकसभा चुनाव-2024 नामांकन प्रक्रिया के उपरांत जनता दरबार के माध्यम से जिला के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान उपायुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी गयी एवं आशवस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए, जो कि जिला के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके साथ ही उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जल्द प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।

### बजरंगबली मंदिर में साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ व आरती का हुआ आयोजन



**उधवा :** प्रखंड क्षेत्र के राधानगर गांव में मंगलवार को बजरंगबली मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ व आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार राधानगर गांव के दुर्गा मंदिर प्रांगण स्थित बजरंगबली मंदिर में प्रत्येक मंगलवार संध्या को श्री हनुमान चालीसा पाठ व आरती कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस दौरान हिन्दू समाज के अधिक संख्या में माताएं, बहने, युवा व बुजुर्ग सम्मिलित होते हैं। आयोजक कुणालकांत घोष, गोपाल मंडल, उत्पल घोष, वासुदेव मंडल, बताते हैं कि हिन्दुओं की सामाजिक, धार्मिक व सांस्कृतिक एकता को मजबूती प्रदान करने के लिए हम सब मिलकर मंदिर प्रांगण में साप्ताहिक अर्थात प्रत्येक मंगलवार को एकत्रित होते हैं और श्री हनुमान चालीसा व आरती कार्यक्रम का आयोजन करते हैं।वहीं ये भी बताते हैं कि आज के आधुनिक प्रोद्योगिक युग में लोगों का झुकाव धर्म के प्रति कम और मानवीयकरण के प्रति अधिक होते जा रहा है। इसीलिए समाज को हिन्दू सांस्कृतिक के प्रति जागरूक कर एक सकारात्मक दिशा में विकास के पथ पर अग्रसर करने का यह एक प्रयास हम समाजसेवीयों के द्वारा किया जा रहा है।

### विद्यालयों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक



**उधवा :** जिले में शतप्रतिशत मतदान को लेकर जिले भर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जोरों पर किया जा रहा है। प्रखंड क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय उधवा में मंगलवार को संकुल के अंतर्गत सभी प्रधानाध्यापकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी दिपक कुमार मंडल ने किया। इस दौरान बीपीओ दिपक कुमार मंडल ने सभी प्रधानाध्यापकों को रेल प्रोजेक्ट, प्रोजेक्ट इमपेंक्ट तथा प्रयास के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने लोकसभा चुनाव को लेकर अपने-अपने विद्यालयों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। वहीं मौके पर बीआरपी मझारूल हक, सीआरपी बाबूलाल मंडल, शिक्षक सकलदेव मंडल, हारुन रशीद, मुख्तार हुसैन, मुबारक शेख सहित अन्य मौजूद थे।

# विजय सिन्हा बोले-राम कृपाल यादव से लालू चप्पल उठवाते थे

**भोजपुर।** एनडीए समर्थित भाजपा पार्टी से आरा लोकसभा के उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने मंगलवार को नामांकन किया। नामांकन से पहले वे लोगों से मिले। जनता से पूछा नामांकन करूं या नहीं। जानता ने समर्थक देते हुए कहा हां, बिल्कुल नामांकन करें। दो लाख वोट से विजयी बनाएंगे। उनके साथ उनकी पत्नी भी थीं। जिनके साथ आरके सिंह नामांकन से पहले मां आरण्य देवी मंदिर भी पहुंचे, जहां भाजपा महिला मोर्चा ने उनका और उनकी पत्नी का तिलक लगाकर स्वागत किया। आरके सिंह





ने मां आरण्य देवी की आरती की। आरण्य देवी मंदिर परिसर में केंद्रीय मंत्री आरके सिंह का ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। सैकड़ों की संख्या में समर्थक मंदिर में पहुंचे हुए हैं। आरण्य देवी मंदिर परिसर से माता की आरती के बाद आरके सिंह नामांकन के लिए निकल गए हैं। आरके सिंह ने कहा कि मां आरण्य देवी का आशीर्वाद है कि विजय हमारी होगी, मोदी की होगी। यह देश महाशक्ति बनेगा। नरेंद्र मोदी पुनः प्रधानमंत्री बनेंगे। यह देश पुनः महाशक्ति बनेगा। हम लोग आरा का कायाकल्प कर रहे है। नामांकन सभा में डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा कि यह चुनाव बिहार का भविष्य बनाने के लिए है, जिस जंगलराज ने जातीय लहर के कहर से डरा दिया था। बिहारी शब्द को जिसने बदनाम किया। परिवारवाद को बढ़ाता हो। आज नोटों के ढेर पर बैठने वाला, बिहारी को लूटने वाला नहीं बल्कि बिहारी की सेवा करने वाला सेवक चाहिए। राम कृपाल यादव राजद छोड़कर भाजपा में क्यों आए ? लालू का चप्पल-जूता उठाते थे, बेटी का चप्पल उठाने के लिए बोलते थे। लोगों को पक्का मकान मिल रहा है।

## संक्षिप्त डायरी

### जेपी यूनिवर्सिटी में पीजी के एडमिट कार्ड मिल रहे



**छपरा।** जय प्रकाश विश्वविद्यालय में पीजी सेकंड और थर्ड सेमेस्टर के लिए एडमिट कार्ड का वितरण शुरू कर दिया गया है। सोमवार और मंगलवार को एडमिट कार्ड का वितरण किया जाएगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राजेश पांडेय ने दी है। सोमवार को एडमिट कार्ड जारी हुआ था, लेकिन वेबसाइट पर सूचना ससमय जारी नहीं किये जाने से छात्रों को परेशानी हो रही है। सोमवार को कम संख्या में छात्रों ने एडमिट कार्ड लिया था जिसको लेकर आज मंगलवार को सभी कॉलेज और यूनिवर्सिटी के पीजी विभाग में एडमिट कार्ड का वितरण किया जाएगा। यूनिवर्सिटी के पीजी सत्र 2020-22 के थर्ड सेमेस्टर और 2021-23 के सेकंड सेमेस्टर का एग्जाम 8 मई से विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होना है। मंगलवार को सभी कॉलेज में विशेष रूप से एडमिट कार्ड का वितरण किया जा रहा है। सभी छात्र अपना एडमिट कार्ड ले सकते हैं। ऑनलाइन एडमिट कार्ड जारी किए जाने को लेकर पूर्व में सूचना जारी किया गया था। इसे लेकर छात्र वेबसाइट देखते रहे लेकिन टेक्निकल त्रुटि के कारण ससमय एडमिट कार्ड और सूचना जारी नहीं हो सकी है। इसे लेकर छात्रों को थोड़ी सी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यूनिवर्सिटी के पीजी डिपार्टमेंट सहित सभी संबंधित कॉलेजों में आज एडमिट का का वितरण हो रहा है। पीजी का परीक्षा कल बुधवार 8 मई से विश्वविद्यालय स्थित नव निर्मित परीक्षा भवन में आयोजित होगा।

### शिक्षिका ने वीडियो जारी कर बताई समस्या 30 अप्रैल से हेड मास्टर गायब व्यवस्था बदहाल




**जमुई।** के सदर प्रखंड के हरला गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय। यह विद्यालय पिछले 8 दिनों से बंद है। शिक्षक और छात्र हर रोज मिशन दक्ष के तहत स्कूल आ रहे हैं, लेकिन कमरे का ताला बंद होने की वजह से बरामदे में बैठते हैं और यही पढ़ते हैं। छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की परेशानी को लेकर शिक्षिका सरिता कुमारी ने मंगलवार को एक वीडियो बनाया और उसे वायरल कर लिया। वायरल वीडियो में शिक्षिका जिला प्रशासन से स्कूल खुलवाने की गुहार लग रही है। वीडियो में शिक्षिका अव्यवस्था को दिखाते और बताते दिख रही है। विभाग से सवाल करती है कि इस अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ अब तक कोई आदेश क्यों नहीं आया है। कब तक बरामदे पर शिक्षक और बच्चे बैठे रहेंगे। जबकि हर रोज समय पर सब आते है और फिर चले जाते है। समान्य दिनों में अगर एक दिन भी स्कूल बंद होता है तो अफरा-तफरी मच जाती है। 30 अप्रैल से विद्यालय का ताला नहीं खुला है। इसके बाद भी विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। वीडियो के अंत में शिक्षिका सभी से निवेदन करती है और कहती हैं वीडियो को जितना हो सके शेयर करिए, ताकि विद्यालय खुल सके और बच्चों की क्लास अच्छे से हो सके। बताया जा रहा है कि स्कूल के हेड मास्टर चमक लाल पासवान की मनमानी और लापरवाही के कारण स्कूल का हाल बेहाल है। स्कूल के शिक्षक टुनटुन सिंह ने बताया कि हेड मास्टर स्कूल क्यों नहीं आ रहे है।

### बिलासपुर में सिटी कोतवाली का किया घेराव; कैंपस सिलेक्शन के नाम पर पैसे वसूल कर भाग गया एचआर



**बिहार।** के बेगूसराय स्थित ITI के स्टूडेंट्स ने बिलासपुर के सिटी कोतवाली थाने का घेराव कर जमकर हंगामा किया। दरअसल, 120 छात्रों को कैंपस सिलेक्शन के बाद बिलासपुर लाकर होटल में ठहराया गया था, जहां उनसे कथित कंपनी का एचआर पैसे वसूल कर भाग गया। इससे परेशान ठगी का शिकार छात्रों ने उसके खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की। लेकिन, पुलिस ने उनकी शिकायत पर कार्रवाई से इनकार कर दिया और उन्हें बिहार जाकर शिकायत करने को कहा। बिहार के बेगूसराय के रहने वाले आदित्य कुमार ने बताया कि वह ताजपुर के गौतम बुद्ध आइटीआई में पढ़ता है। संस्थान में दिल्ली की एक कंपनी की ओर से कैंपस सिलेक्शन का आयोजन किया गया था। इसमें 200 से ज्यादा बेरोजगार छात्र शामिल हुए। इनमें से 120 छात्रों का चयन पुणे स्थित एक फर्म में होने की जानकारी दी गई। कैंपस सिलेक्शन के बाद 120 छात्रों को नौकरी देने की बात कहकर ट्रेन से बिलासपुर लाया गया।

## जवान की मौत कहा था-मतदान खत्म करवाकर घर लौटूंगा



**अररिया।** में मंगलवार को इलेक्शन ड्यूटी के दौरान होम गार्ड जवान की मौत हो गई। मृतक होम गार्ड जवान की पहचान सीतामढ़ी के रंजीतपुर गांव निवासी महेंद्र साह(56) के रूप में हुई है। वे 1989 बैच के थे। 4 साल बाद वो रिटायर होने वाले थे। पूरा मामला अररिया के प्लासी थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पचैली स्थित बूथ सेंटर 49 ,50, 51 से जुड़ा है। मृतक होम गार्ड जवान के साथी राम किशुन साह ने बताया कि महेन्द्र सीतामढ़ी के डुमरा में पोस्टेड थे। लोकसभा चुनाव के दो चरणों के बाद तीसरे चरण के चुनाव की ड्यूटी अररिया के प्लासी थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पचैली स्थित बूथ सेंटर 49 ,50, 51 पर लगी थी। इसे लेकर वे बाकी साथियों की तरह कल ही बूथ पर ड्यूटी देने पहुंच थे। शाम की चाय पी और सोने से पहले खाना खाया। रात में उन्होंने सभी से हंस बोलकर बातचीत की। इसके बाद उन्होंने घर वालों से बातचीत की। घर वालों से कहा था कि चुनाव खत्म कराकर आऊंगा और घर में इत्मीनान से कुछ दिन अपनों के साथ रहूंगा। इसके बाद बाकी जवानों की तरह वे भी सोने चले गए। सुबह काफी समय हो जाने के बाद भी जब वे नहीं उठे तो वे लोग उन्हें नींद से जगाने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने देखा कि महेंद्र साह लंबी सांसें ले रहे हैं। इसके बाद उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। सीतामढ़ी में रहने वाले परिजनों को दे दी गई है। जिसके बाद परिजन वहां से अररिया के लिए रवाना हो चुके हैं।

## राजभवन और शिक्षा विभाग के बीच तनातनी जारी दोनों मीटिंग में नहीं पहुंचे एसीएस

**बिहार।** में राजभवन और शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के बीच तनातनी की स्थिति बनी हुई है। इसी बीच पटना में सोमवार को शिक्षा विभाग और राजभवन के बीच दो अहम बैठकें हुई। बड़ी बात यह है कि किसी भी मीटिंग में केके पाठक शामिल नहीं हुए। पहली मीटिंग आज राजधानी के होटल मौर्या में हुई। यह मीटिंग



पटना हाई कोर्ट के आदेश पर शिक्षा विभाग ने आयोजित की थी। इसमें सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति (वाइस चांसलर) शामिल हुए। इस मीटिंग में शिक्षा विभाग के कई बड़े अधिकारी मौजूद थे। इसके बाद शाम 5 बजे के करीब राजभवन में दूसरी मीटिंग हुई। होटल मौर्या के बाद सभी कुलपति राजभवन पहुंचे। इस बैठक में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक को भी निमंत्रण भेजा गया था। लेकिन, यहां भी वह नहीं पहुंचे। राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के निर्देश पर सभी कुलपतियों की बैठक बुलाई गई है। पर समीक्षा की गई। राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चांग्थू ने बैठक को लेकर सभी कुलपतियों को पिछले सप्ताह गुरुवार को पत्र भेजा था।

## नाबालिगों को फंसाकर शादी कराने वाले गिरोह का खुलासा

**सीतामढ़ी।** में नाबालिग बच्चियों की शादी से जुड़े रैकेट का खुलासा हुआ है। बचपन बचाव आंदोलन की टीम और पुलिस को रविवार की रात एक नाबालिग बच्ची की शादी की सूचना मिली थी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने नाबालिगों को फांस कर शादी कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। वहीं, इस रैकेट में शामिल यूपी के तीन आरोपी समेत आधा दर्जन लोगों को भी गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार घटना रुन्नी सैदपुर प्रखंड के एक गांव की है। जहां नाबालिग लड़कियों को झांसे में लेकर शादी कराई जा रही थी। जिसकी गुप्त सूचना मिलने पर बचपन बचाओ आंदोलन की टीम व जिला के



ाेडल पुलिस पदाधिकारी और स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले लड़की की शादी हो चुकी थी। पुलिस ने लड़की को उसके बंधन से मुक्त कराया। वहीं, मौके पर मौजूद दूल्हे और विवाह कराने वाले पंडित को गिरफ्तार कर लिया गया। बचपन बचाओ आंदोलन के सहायक प्रोजेक्ट अधिकारी मुकुंद कुमार चौधरी ने बताया, बीडीओ और स्थानीय थाना से समन्वय स्थापित किया गया। जिसके बाद टीम तुरंत मौके पर पहुंची। लेकिन, तब तक नाबालिग लड़की की शादी करवा दिया गया था। पूछताछ में यह उजागर हुआ कि नाबालिग से शादी करने वाला तीस वर्षीय युवक पहले से ही शादीशुदा था। बाल-विवाह गिरोह के मास्टरमाइंड यूपी के लखीमपुर खीरी के रहने वाले मो. इकबाल ने यह शादी तय की थी। शादी के एवज में दुल्हा ने उसे 70 हजार रुपए का भुगतान किया था। इस धंधे में सहयोगी के तौर पर तरुण कुमार और भगलू प्रसाद शामिल है। जो उत्तर प्रदेश से एक पिकअप वैन पर सवार होकर रुन्नी सैदपुर पहुंचे थे।

## बांका में किराएदार की शादीशुदा बेटी से था अफेयर भाई-पति ने किया मर्डर

**बांका।** में किराएदार की शादीशुदा बेटी से अवैध संबंध में व्यवसायी के बेटे आशीष मोदी(35) की हत्या कर दी गई। मृतक आशीष पेशे से ढलएऊ कॉन्ट्रैक्टर था, और रविवार से गायब था। सोमवार शाम पुलिस ने 12 घंटे के भीतर उसका शव सुईया थाना क्षेत्र से एक जले हुए कार से बरामद किया है। आशीष का शव भी पूरी तरह से जल गया है। मामला अलीगंज मोहल्ले का है। पुलिस का मानना है कि आशीष की हत्या कर उसके



शव को डिक्की में डालकर कार को जला दिया गया है। शव भी पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गया। इस दौरान कार भी धू-धू कर जल गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। घटना में शामिल मुख्य आरोपी गोलू को पुलिस की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा कि घटना को अंजाम देने के बाद बचने के लिए लड़की के भाई गोलू कुमार और पति सहित अन्य आरोपी ने कार के अंदर ढलएऊ कॉन्ट्रैक्टर के शव को रखकर उसमें आग लगा दी। जिसमें कार सहित बॉडी दोनों जलकर नष्ट हो गई। बताया जाता है कि अशोक मोदी बेटे आशीष मोदी रविवार की सुबह से गायब था। घर वालों ने जब काफी खोजबीन की, लेकिन आशीष का कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद परिजनों ने शाम को बांका थाने में इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद बांका पुलिस मामले के छानबीन में जुट गई थी। सोमवार शाम सूचना पर पुलिस ने बांका के सुईया थाना क्षेत्र स्थित गड़वा जंगल से जली हुई कार के अंदर से जला हुआ शव बरामद किया। आशीष का शादी 31 जनवरी 2023 को कहलगांव में हुई थी।

## मधेपुरा में 3 बजे तक 46.59% वोटिंग हुई



**मधेपुरा।** में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान जारी है। दोपहर 3 बजे तक 46.59% वोटिंग हुई है। उदाकिशुनगंज में पहली बार मतदान करने निकले युवा मतदाताओं में उत्साह दिख रहा। युवाओं ने वोट देने के बाद कहा कि देशहित में मतदान किया है। प्रमानंदपुर के हरिजन बूथ पर वोट करने के लिए महिलाओं की लंबी लाइन लगी है। मतदान में पुरुषों से ज्यादा महिलाओं की भागीदारी देखने को मिल रही है। SNPM बूथ पर राजद प्रत्याशी प्रो. कुमार चंद्रदीप ने अपना वोट डाला है। उन्होंने लोगों से वोट देने की अपील की है। कहा कि जनता अगर जिताएगी तो विकास और रोजगार दोनों मिलेगा। मदनपुर पंचायत के वार्ड 11 में उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय मैनिरही की बूथ संख्या 187 पर लोगों ने सड़क की मांग को लेकर वोट बहिष्कार किया था। हालांकि दोपहर में अधिकारियों के समझाने के बाद लोगों ने वोट बहिष्कार के निर्णय को वापस ले लिया है।

## नाव से बूथ तक पहुंचे वोटर्स महिलाओं का भी जोश हाई



**पटना।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में बिहार की 5 सीटों पर मंगलवार को वोटिंग हो रही है। इसमें मधेपुरा, सुपौल, अररिया, खगड़िया और मिथिलांचल का झंझारपुर शामिल हैं। वोटिंग के दौरान कई ऐसी तस्वीरें सामने आई, जिसे लोकतंत्र की खूबसूरती से नवाजा जा सकता है। कई बूथ पर महिला वोटर्स की लंबी कतार नजर आई तो कहीं पहली बार मतदान की करने की खुशी नजर आई। कहीं दिव्यांगता को हरा मतदान के लिए बुजुर्ग महिला बूथ तक पहुंचीं।

## बेतिया में आंधी के साथ बारिश दिन में रात सा नजारा

**बिहार।** में एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। बेतिया में दोपहर डेढ़ बजे बाद तेज आंधी के साथ बारिश हुई। दिन में रात सा नजारा देखने को मिला। अंधेरा छा गया। इधर, बगहा में भी बारिश हुई है। कई शहरों में सुबह से बादल छाए हुए हैं।पश्चिम चंपारण के कुछ भागों में अगले एक से तीन घंटे में बारिश और आकाशीय बिजली का अलर्ट जारी किया गया है। किशनगंज, गोपालगंज और सीवान जिले के कुछ भागों में अगले एक से 3 घंटे में आकाशीय बिजली और बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को उत्तर बिहार के अधिकतर हिस्सों में आंधी के साथ बारिश होने के आसार हैं। इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात के साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती



है। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान 28.3 डिग्री सेल्सियस के साथ अररिया जिला का रहा। वहीं प्रदेश का सबसे गर्म 40 डिग्री सेल्सियस के साथ डेहरी रहा। मौसम विभाग ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में बारिश को लेकर येलो और ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया



है। कटिहार, पूर्णिया,अररिया, मधेपुरा, किशनगंज, सुपौल और सहरसा के यलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, मुजफ्फरपुर शिवहर, सीतामढ़ी, वैशाली,समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बिहार में बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवा का प्रवेश होने जा रहा है जिससे मौसम बदलने की पूरी संभावना बनी हुई है। 5 मई की शाम से कई जिलों में नमी युक्त हवा का प्रवाह होने के साथ बादल छाए रहेंगे। इसके प्रभाव से नमी की मात्रा में वृद्धि होने के साथ अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी। छह मई से नौ मई के दौरान पटना समेत प्रदेश के मौसम में बदलाव की संभावना है।



# इंजीनियरिंग में बेस्ट आप्शंस

स्टूडेंट्स के बीच इंजीनियरिंग हमेशा से हॉट सब्जेक्ट रहा है, क्योंकि बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग के बाद करियर के कई ऑप्शंस खुल जाते हैं। कोर्स कंप्लीट करने के बाद इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस, पीएसयू, प्राइवेट सेक्टर में शानदार जॉब हासिल कर सकते हैं। अगर आप इंजीनियरिंग में एडमिशन लेने जा रहे हैं, तो जानें यहां आपके लिए क्या बेस्ट ऑप्शंस हैं..

## एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग

एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग में एडमिशन के लिए 12वीं में साइंस सब्जेक्ट यानी फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथमेटिक्स/ बायोलॉजी जैसे सब्जेक्ट होने चाहिए। अधिकतर एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट और यूनिवर्सिटी एग्रीकल्चर इंजीनियर के बीई/बीटेक प्रोग्राम्स में एडमिशन के लिए एंट्रेंस टेस्ट का आयोजन करती है। इस कोर्स की अवधि चार वर्ष की होती है। इसमें डिप्लोमा कोर्स भी किया जा सकता है। कुछ संस्थानों में एडमिशन बारहवीं के अंक के आधार पर भी होता है। आज इस फील्ड में अवसर भी कम नहीं है। स्किल्ड प्रोफेशनल्स प्रोडक्शन, सेल्स, मैनेजमेंट, रिसर्च आदि फील्ड में जॉब की तलाश कर सकते हैं।

## एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग



12वीं साइंस (मैथ्स) के स्टूडेंट्स बीई/बीटेक एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं या एयरोनॉटिक्स में डिप्लोमा भी कर सकते हैं। विभिन्न कॉलेजों और आईआईटीज में एयरोनॉटिक्स में डिग्री और पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री कोर्स उपलब्ध है। कई पॉलिटेक्निक्स द्वारा एविएशन में डिप्लोमा कोर्स कराए जाते हैं। देश में कुछ संस्थान एविएशन में पोस्ट ग्रेजुएट (एमटेक) और डॉक्टोरल प्रोग्राम (पीएचडी) भी कराते हैं। एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग का बीई/ बीटेक कोर्स चार साल का होता है, जबकि डिप्लोमा कोर्स की अवधि दो-तीन साल होती है। एयरोनॉटिकल इंजीनियर गवर्नमेंट और प्राइवेट एयरलाइंस में जॉब की तलाश कर सकते हैं। इसके अलावा, नेशनल एयरोनॉटिकल लैब, एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन, इसरो आदि में भी जॉब पा सकते हैं।

## ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग

इन दिनों ऑटोमोबाइल इंजीनियर्स की डिमांड काफी बढ़ गई है। आप आईआईटी (गुवाहाटी) से बीटेक इन डिजाइनिंग (चार वर्षीय) का कोर्स कर सकते हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन (एनआईडी) अहमदाबाद, इंडस्ट्रियल डिजाइनिंग में चार वर्षीय प्रोग्राम ऑफर करती है। इन सभी कोर्स में 12वीं (पीसीएम) के बाद जेईई मेन्स और एडवांस क्वालिफाई करके एडमिशन लिया जा सकता है। आईआईटी, दिल्ली से इंडस्ट्रियल डिजाइनिंग में मास्टर डिग्री (दो वर्षीय) हासिल कर सकते हैं। आईआईटी, कानपुर भी इंडस्ट्रियल डिजाइनिंग में दो वर्षीय मास्टर डिग्री कोर्स कराती है। इसके अलावा, इंडस्ट्रियल डिजाइन सेंटर, आईआईटी-मुंबई से इंडस्ट्रियल डिजाइनिंग में मास्टर डिग्री (दो वर्षीय) प्राप्त कर सकते हैं।

## जेनेटिक इंजीनियरिंग

इस कोर्स में एंट्री के लिए 12वी बायोलॉजी, केमिस्ट्री और मैथ्स से पास होना जरूरी है। इस समय अधिकतर यूनिवर्सिटी और इंस्टीट्यूट में जेनेटिक इंजीनियरिंग के लिए अलग से कोर्स ऑफर नहीं किया जाता है, लेकिन इसकी पढ़ाई बायोटेक्नोजी, माइक्रोबायोलॉजी और बायोकेमिस्ट्री में सहायक विषय के रूप में होती है। बायोटेक्नोलॉजी के अंडर ग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट में जेनेटिक इंजीनियरिंग में स्पेशलाइजेशन कर सकते हैं। गेजुएट कोर्स, बीई/बीटेक में एंट्री प्रवेश परीक्षा के आधार पर होती है। जेनेटिक इंजीनियर के लिए भारत के साथ-साथ विदेश में भी जॉब के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। मेडिकल और फार्मास्युटिकल कंपनी, एग्रीकल्चर सेक्टर, प्राइवेट और गवर्नमेंट रिसर्च और डेवलपमेंट सेंटर में जॉब हासिल कर सकते हैं। टीचिंग को भी करियर ऑप्शन के रूप में आजमाया जा सकता है।

## इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग

इलेक्ट्रिकल इंजीनियर बनने के लिए स्टूडेंट को जेईई या फिर स्टेट लेवल पर आयोजित होने वाले इंजीनियरिंग एग्जाम को क्वालिफाई करना जरूरी है। 12वीं साइंस के स्टूडेंट्स इस कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं। इसके लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ होना चाहिए। मौजूदा समय में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर्स की मांग में जबरदस्त इजाफा हुआ है। इंडस्ट्रीज मैन्युफैक्चरिंग, टेलीविजन, कंप्यूटर, माइक्रोवेब्स से संबंधित इंडस्ट्रीज में इसकी खूब मांग है। इसके अलावा, एटमी प्लांट्स, हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर प्लांट्स, थर्मल पावर आदि के डिजाइन और डेवलपमेंट इलेक्ट्रिक इंजीनियर की अहम भूमिका होती है।

## फायर इंजीनियरिंग

फायर इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन के लिए साइंस सब्जेक्ट्स से बारहवीं पास होना जरूरी है। इसके अलावा, इन कोर्सेज में प्रवेश के लिए कई संस्थान नेशनल लेवर पर एंट्रेंस एग्जाम और साक्षात्कार आदि भी आयोजित करते हैं। फायर इंजीनियरिंग से रिलेटेड सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स भी कर सकते हैं। कोर्स के दौरान आग बुझाने के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी जाती है। इन कोर्सेज में फिजिकल फिटनेस के मार्क्स भी जोड़े जाते हैं। दिल्ली कॉलेज ऑफ फायर ऐंड सेफ्टी इंजीनियरिंग के डायरेक्टर जेड एस लाकड़ा के मुताबिक, फायर इंजीनियरिंग से जुड़े प्रोफेशनल्स के लिए गवर्नमेंट और पब्लिक सेक्टर में काफी संभावनाएं है। इस फील्ड में जुड़े प्रोफेशनल्स रेलवे, एयरफोर्ट ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया, डिफेंस फोर्स, इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड, ओएनजीसी, माइंस, रिफाइनरिज, पेट्रोकेमिकल्स कॉम्प्लेक्स आदि में जॉब की तलाश कर सकते हैं।

## कंप्यूटर साइंस

कंप्यूटर साइंस में करियर बनाने के लिए मैथ्स और साइंस (फिजिक्स, कैमेस्ट्री) में अच्छी पकड़ होनी चाहिए। इस ब्रांच में बीई या बीटेक करने के बाद पोस्टग्रेजुएशन यानी एमई/एमटेक किया जा सकता है। कंप्यूटर इंजीनियर्स के लिए देश-विदेश दोनों जगहों पर अच्छी संभावनाएं हैं। ये सॉफ्टवेयर्स को डिजाइन, डेवलप और मेंटेन करते हैं। इस फील्ड से जुड़े लोगों को सॉफ्टवेयर कंपनीज और आईटी कंपनियों में जॉब मिलती है। कंप्यूटर इंजीनियर अपनी टीम के साथ मिलकर मैथ और साइंस का प्रयोग करके कंप्यूटर को डिजाइन और डेवलप करते हैं। आमतौर पर कंप्यूटर के पुजरें के साथ काम करने वाले प्रोफेशनल्स को हार्डवेयर इंजीनियर कहा जाता है और जो कंप्यूटर के प्रोग्राम्स के साथ काम करते हैं, उन्हें सॉफ्टवेयर इंजीनियर कहा जाता है।

## पेट्रोलियम इंजीनियरिंग

इन दिनों पेट्रोलियम इंजीनियर्स की काफी डिमांड है। अन्य इंजीनियरिंग ब्रांच की ही तरह पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में एडमिशन के लिए स्टूडेंट्स का 12वीं साइंस (फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथमेटिक्स) से पास होना जरूरी है। इस कोर्स में एडमिशन के लिए जेईई पास करना जरूरी है। कोर्स कंप्लीट करने के बाद इंडियन ऑयल, ऑयल इंडिया लिमिटेड, एचपीसीएल, ओएनजीसी, बीपी आदि में जॉब की तलाश की जा सकती है।

## माइनिंग इंजीनियरिंग

माइनिंग इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन के लिए मैथ, फिजिक्स और केमिस्ट्री से 12वीं पास होना जरूरी है। माइनिंग इंजीनियरिंग में एडमिशन के लिए जेईई जैसे एंट्रेंस एग्जाम को पास करना जरूरी है। कोर्स कंप्लीट करने के बाद स्टील अर्थॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, कोल इंडिया लिमिटेड, आईपीसीएल, नेवली लिग्नाइट कॉरपोरेशन, यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, आदि में जॉब की संभावनाएं तलाश सकते हैं। इसके अलावा, रिसर्च और टीचिंग में भी काफी स्कोप है।

# हॉबी भी बन सकती है कमाई का साधन



यदि आपकी भी कोई हॉबी है, तो वह आपको अच्छा रिटर्न भी दे सकती है। जरूरत है कि आप अपनी हॉबी को अपना पैशन बना लें, तभी तो वह आपको लाभ देगी। पैशन को निवेश में बदलने की शुरूआत करने पर उससे संबंधित कुछ बातों को जानना जरूरी है, तभी तो आप उसकी सही कीमत पा सकती हैं और अपनी कड़ी मेहनत से जुटाई संग्रहणीय वस्तुओं को भी सुरक्षित रख सकती हैं।

**कलैक्शन के लिए जुनून**

कलैक्शन की ललक किसी में बचपन या बुढ़ापे से ले कर कभी भी पैदा हो सकती है। कला, पेंटिंग, स्कल्पचर, स्टांप, सिक्के और नोट सरीखी वस्तुओं का कलैक्शन लंबे समय में आपको अच्छी रिटर्न दे सकता है।

**शुरूआत के लिए**

यदि आप कुछ संग्रह करना शुरू करने वाली हैं, तो बेहतर है कि आप आम कलैक्शन के साथ शुरूआत करें। उदाहरण के लिए यदि आप स्टांप इकट्ठी करने वाली हैं, तो जितनी ज्यादा संभव हो, उतनी स्टांप इकट्ठी करें और जब कुछ समय के बाद आपके पास स्टांप का अच्छा-खासा कलैक्शन हो जाए, तो आप किसी खास देश की खास स्टांप पर भी फोकस कर सकती हैं। इससे मिलने वाली खुशी एक संकलनकर्ता का प्रोत्साहन होती है, न कि उसके संकलन की मार्कीट वैल्यू उसके लिए मायने रखती है।

**अभिभावकों की भूमिका**

अगर किसी बच्चे में कलैक्शन की हॉबी है तो अभिभावक और शिक्षकों को उसे प्रोत्साहित करना चाहिए। अभिभावकों में अपने बच्चे के टैलेंट को पहचानने की क्षमता होनी चाहिए। प्रत्येक माता-पिता का दायित्व है कि वे अपने बच्चे की कलैक्शन की आदत को पैशन बनाने में उसे प्रोत्साहन दें। वे अपने बच्चे का परिचय ऐसी विभिन्न सोसायटियों से करा सकते हैं, जहां पर पुराने और बड़े संकलनकर्ता दूसरों को प्रोत्साहित करने के लिए मीटिंग और सैमीनार आयोजित करते हैं। ये सोसायटियां किसी संकलनकर्ता के संकलन की जानकारी को लोगों से सांझा करने और उनके संकलन को विस्तृत बनाने के लिए जानकारियां देने में मददगार होती हैं।

विशिष्ट कलैक्टरों की जमात में शामिल होने के लिए संकलनकर्ता को अपने संकलन के विषय की गहन जानकारी होनी चाहिए। उसके लिए अपने विषय के अन्य संकलनकर्ताओं और उनके संकलन के स्तर के बारे में जानना भी बेहद जरूरी है, सो इसके लिए आप प्रदर्शनियों में जाएं तथा नैट पर सर्च करती रहें।

**उपलब्धता भी रखती है मायने**

आप जिस चीज का संकलन करने जा रहे हैं, उसकी उपलब्धता का स्तर जानना बेहद महत्वपूर्ण है। यह भी समझें कि विशिष्ट संकलनकर्ताओं के पास संजोई गई चीजें आसानी से नहीं मिलतीं।

**डीलर की पहचान जरूरी**

स्टांप, स्कल्पचर और सिक्के बेचने वाले डीलरों से कोई चीज खरीदने से पहले आप अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें कि वास्तव में वह वस्तु अपने दाम के अनुरूप है या नहीं। एंटीक वस्तुएं खरीदते समय प्रत्येक आइटम का गहनता से परीक्षण करना होगा। इसकी भी जांच कर लें कि वह चीज अच्छी स्थिति में हो और किसी अधिकृत संस्था द्वारा प्रमाणित हो। एंटीक वस्तुएं खरीदते समय इस बात का भी ध्यान रखें कि कहीं आप धोखाधड़ी का शिकार तो नहीं हो रहे हैं, क्योंकि बहुत सी नई चीजों को पुराना रूप देकर एंटीक बता दिया जाता है।

**संग्रहणीय वस्तुओं की सुरक्षा**

एक संकलनकर्ता को अपनी संग्रहणीय वस्तुओं की गुणवत्ता के साथ किसी हाल में समझौता नहीं करना चाहिए। उन्हें अपने संग्रहण की स्थिति की समय-समय पर जांच करनी चाहिए। ऐसी चीजों को इकट्ठा करने से बचना चाहिए, जो सही स्थिति में न हों, हालांकि पुराने इस्तेमाल हो चुके स्टांप इसके अपवाद हो सकते हैं। संकलनकर्ता आम तौर पर अपनी कलैक्शन को लेकर बेहद पोजैसिव होता है। अपनी कलैक्शन को लोगों के हाथ में देकर दिखाने की अपेक्षा दूर से दिखाना बेहतर तरीका है। सिक्कों के संग्रहणकर्ताओं को अपने सिक्के साफ पानी से धोने चाहिए। ऐसे रसायनों से बचना चाहिए जिनसे सिक्कों की वास्तविक चमक कम हो जाती हो।

संकलनकर्ताओं को अपने संकलनको दुर्लभ, अति दुर्लभ जैसी श्रेणियों में वर्गीकृत कर उनका कैटालॉग बनवा कर उनके विषय में लोगों को जानकारी देनी चाहिए।

**संकलन का बाजार**

संकलनकर्ताओं को देखना चाहिए कि उनके संकलन के लिए आसान खरीद और बिक्री का बाजार हो। संकलित वस्तुओं को किसी मान्यता प्राप्त अर्थॉरिटी से प्रमाणपत्र मिला होना चाहिए। संग्राहक के पास अपने संकलन को बेहतर स्थिति में सुरक्षित रखने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर भी होना चाहिए।

**पैशन को दें दिशा**

अपने पैशन को यूं ही मत जाने दें। आपका यह पैशन आपको किसी बड़े निवेश की ओर ले जा सकता है। अगर आपको सिक्के इकट्ठे करने का शौक है तो आप सिक्कों का एक बड़ा कलैक्शन कर इन्हें बेच कर अच्छी-खासी कमाई कर सकते हैं अर्थात आपकी हॉबी भी पूरी होगी और पैसा कमाने की चाहत भी। पेंटिंग, स्कल्पचर, स्टांप तथा दुनिया के तमाम देशों की करंसी इकट्ठा करने की आपकी हॉबी आपको धनवान बना सकती है।

# आफिस और आपका व्यवहार

ऑफिस में कभी काम को कल पर टाल कर, तो कभी काम ज्यादा होने पर छुट्टी ले लेना जैसी आदतें पुरुषों में ही नहीं, बल्कि महिला कर्मचारियों में भी पाई जाती हैं। उन्हें तो शायद यह महसूस भी नहीं होता कि उनकी यह आदत धीरे-धीरे उनकी ही परफार्मेंस पर भारी पड़ते हुए उन्हें बॉस की नजरों में गैर-जिम्मेदार ठहराती जा रही है।

महिलाएं अक्सर दूसरों के सामने यह राग अलापती हैं कि वे तो मजे की नौकरी कर रही हैं। ऐसी बातें जब बॉस के कानों में पहुंचती हैं, तो वह निल-परफार्मेंस के साथ सहज ही आपकी तुलना कर लेता है। यही कारण है कि जब प्रमोशन की बात आती है तो कई बार आपके जूनियर बाजी मार जाते हैं। ऐसी कई गलतियां हैं, जिनकी आदी हो चुकी महिला कर्मचारी इन्हें अपनी आदत बना लेती हैं। यदि आप में भी कोई ऐसा अवगुण है तो उसे समय रहते ही सुधार लेना आवश्यक है।

## अपनी गलती दूसरों के सिर न मढ़ें

अपनी गलती को छिपाने वाले तथा बॉस की नजरों में अच्छी इमेज साबित करने वाले लोग हर जगह होते हैं। ऐसे लोग अपनी गलती दूसरे के सिर मढ़ कर बच निकलना चाहते हैं, परंतु अपनी इस आदत के कारण दूसरों की परेशानी की वजह बन जाते हैं। यदि आप में भी यह आदत है तो इसे सुधार लेना ही बेहतर है। हो सकता है कि आरंभ में अपनी गलती मानते हुए आपको शर्मिंदगी महसूस हो, लेकिन यकीन मानें कि उसे छिपाने में आपको कहीं ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ती है। अपने किसी कुलीग के सिर गलती मढ़ने की कोशिश हर बार कामयाब नहीं हो सकती और गलती साबित हो जाने पर वह स्थिति अधिक कष्टदायक हो सकती है।



## रोज की बहानेबाजी तौबा-तौबा

कई बार आप सुबह उठती हैं और काम पर जाने का मन नहीं हो रहा या बच्चों ने घूमने की फरमाइश कर दी तो तुरंत फोन कर बॉस से पेट दर्द, सिरदर्द या किसी और बीमारी का बहाना बना कर आप लीव ले लेती हैं। छुट्टी लेना तो आपका अधिकार है और उस समय आप अभिनय में कलाकारों को भी मात दे देती हैं। कुछ दिन की छुट्टी चाहिए तो मैडीकल सर्टीफिकेट देकर लंबी छुट्टी ले ली परंतु ऐसी बहानेबाजी आपके दूसरे कुलीग्स का वर्क प्रैशर बढ़ा देती है। कभी यह सोचा है कि आपकी इस आदत के चलते आप अपने सहयोगियों का ही नहीं, बल्कि अपने बॉस का भी विश्वास खोने लगती हैं, क्योंकि वह आपको जिम्मेदारी का काम या ओहदा देने से कतराने लगते हैं।

## व्यवहार हो संतुलित

किसी ने आपके काम पर उंगली उठाई या फिर आपको क्रिटीसाइज किया तो आप अपने गुस्से पर काबू नहीं रख पातीं और गुस्से में लाल-पीली होकर सामने वाले पर बरस उठती हैं या फिर आप सामने वाले की कही गलत बातों को भी चुपचाप सुन स्वयं में ही सिमटे हुए वहां से उठ कर चल देती हैं। प्रोफैशनल नजरिए से देखा जाए तो दोनों तरह के व्यवहार सही नहीं हैं, क्योंकि तुरंत रिएक्ट करने से आप सबकी नजरों में एग्रैसिव साबित होते हैं तो चुपचाप हर किसी की नाराजगी झेलने से आप सॉफ्ट टार्गेट बन जाते हैं। इसलिए बेहतर है कि व्यवहार को संतुलित रखें क्योंकि दोनों ही स्थितियों में आप अपना सही पक्ष नहीं रख सकतीं। इसलिए बेहतर है कि भीतर का आक्रोश थम जाने पर ही सामने वाले से बात करें। इससे आप जहां सही ढंग से अपना पक्ष रख सकेंगी, वहीं आपकी एनर्जी बेकार की बातों में वेस्ट नहीं होगी और काम पर भी उसका नैगेटिव असर नहीं पड़ेगा।

## पर्सनल काम करें अवॉयड

ऑफिस के फोन से पर्सनल कॉल करना, ई-मेल पर चैट करना, प्रिंट पर पर्सनल डॉक्यूमैंट्स के प्रिंट लेना या फिर घरेलू कामों को निपटाना जैसे काम एक दिन बॉस के नोटिस में आ ही जाते हैं। ये सब आपकी कार्यक्षमता पर सवालिया निशान भी लगाते हैं। इसलिए बेहतर है कि इस प्रकार के पर्सनल कामों को अवॉयड किया जाए।

## शालीन पहनावा

जब बात ऑफिस में प्रोफैशनल बिहेवियर की चल रही हो तो सही ड्रैसिंग भी उसी में आती है। यदि ऑफिस में कोई ड्रैस कोड नहीं है तो आपकी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, इसलिए ऑफिस में हमेशा ग्रेसफुल पोशाक ही पहनें, क्योंकि इसी से आपके सहयोगी आपके बारे में अपनी राय कायम करते हैं।

# आईपीएल में आज होगा सनराइजर्स और सुपर जायंट्स में मुकाबला

**हैदराबाद (एजेंसी)।** सनराइजर्स हैदराबाद बुधवार को आईपीएल में अपने घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना करेगी। दोनो ही टीमें इस मैच को जीतकर प्लऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बरकरार रखने का प्रयास करेगी। जो भी टीम इस मैच में हारी उसका बाहर जाना तय है। ऐसे में इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देंगी। इस मैच के परिणाम से अन्य टीमों की प्लेऑफ की संभावनाओं पर भी प्रभाव पड़ेगा। सनराइजर्स को पिछले मैच में मुम्बई इंडियंस से हार का सामना करना पड़ा था जिससे उसका मनोबल कमजोर हुआ है। शुरुआती मैच में जमकर रन बनाने वाले सनराइजर्स के बल्लेबाज पिछले कुछ मैचों से विफल रहे हैं। टीम हालांकि इस मैच में अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड से आक्रामक शुरुआत की उम्मीद करेगी। उसका लक्ष्य अधिक से अधिक रन बनाना रहेगा क्योंकि उसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी कमजोर है। कप्तान पीट कमिंस के अलावा उसके अन्य गेंदबाज अब तक प्रभावी नहीं रहे हैं। दूसरी ओर केएल राहुल की कप्तानी में लखनऊ की टीम भी पिछले मैच में केकेआर से हारी थी। तब लखनऊ की टीम बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी में भी नाकाम रही। उसकी बल्लेबाजी की कमान राहुल के अलावा मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन के पास रहेगी। टीम की गेंदबाजी यश ठाकुर के अलावा रवि बिश्नोई के पास रहेगी। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज मयंक यादव आईपीएल से बाहर हो गए हैं जबकि बायें हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान को भी चोट लगी है इससे उसे नुकसान हुआ है।

हेड को छोड़कर सनराइजर्स के अन्य बल्लेबाज पिछले कुछ मैचों में खराब फॉर्म में रहे हैं। युवा अभिषेक शर्मा पिछले चार मैचों में 30 रन से आगे नहीं जा सके हैं। सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि हर बार सलामी बल्लेबाजों पर ही जिम्मेदारी नहीं छोड़ी जा सकती, मध्यक्रम को भी कमान संभालनी होगी। हेनरिच क्लासेन लगातार अच्छा खेलने में नाकाम रहे हैं और नीतिश रेड्डी ने भी कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है। टी नटराजन ने अच्छी गेंदबाजी की है जबकि अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने भी लय हासिल कर ली है। दूसरी ओर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने कोलकाता के खिलाफ इकाना स्टेडियम पर निराशाजनक प्रदर्शन किया और 137 रन पर आउट हो गई। कप्तान केएल राहुल नाकाम रहे जबकि मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन भी बड़ी पारियां नहीं खेल सके।




इस मैच में हालांकि बारिश से बाधा आ सकती है। हैदराबाद में मैच के दिन सुबह मौसम साफ रहने की उम्मीद है पर मैच शुरू होने से पहले बारिश के आसार हैं। ऐसे में अगर बारिश के कारण ये मैच नहीं होता है तो लखनऊ और सनराइजर्स को झटका लगेगा।

अब तक सनराइजर्स हैदराबाद ने 11 मैचों में से 6 जीते है और वह अंक तालिका में चौथे स्थान पर है उसके 12 अंक हैं वहीं नेट रन रेट -0.065 का है जबकि दूसरी ओर, लखनऊ सुपर जायंट्स ने भी 11 मैचों में से 6 जीते हैं और वह भी 12 अंकों और -0.371 के नेट रन रेट के साथ तालिका में 5वें स्थान पर हैं। ऐसे में इस मैच को जीतने वाली टीम 14 अंकों के साथ तीसरे नंबर पर पहुंच जाएगी पर बारिश के कारण अगर खेल नहीं हो पाता है तो दोनों ही टीमों को एक-एक अंक मिलेगा और दोनों टीमें 13 अंक तक पहुंच जाएंगी। जिससे चेन्नई सुपर किंग्स अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच जाएगी। अभी वह 12 अंकों के साथ ही तीसरे नंबर पर है।

**टीम**

**सनराइजर्स हैदराबाद** = पैट कमिंस (कप्तान), अभिषेक शर्मा, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, मार्को जानसन, भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन, सनवीर सिंह, ट्रैविस हेड, मयंक अग्रवाल, नितीश कुमार रेड्डी

**लखनऊ सुपर जाइंट्स** = केएल राहुल (कप्तान/विकेटकीपर), मार्कस स्टोइनिस, एश्टन टर्नर, आयुष बदोनी, क्रुणाल पंड्या, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, मोहसिन खान, यश ठाकुर, अर्शिन कुलकर्णी, युद्धवीर सिंह, दीपक हुडा, निकोलस पूरन।

# शुभमन गुजरात टाइटंस की कप्तानी के लिए सबसे बेहतर पर उन्हें काफी कुछ सीखना होगा: मिलर



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज डेविड मिलर ने कहा कि युवा शुभमन गिल गुजरात टाइटंस की कप्तानी के लिए सबसे उपयुक्त खिलाड़ी हैं पर उन्हें अभी काफी कुछ सीखना होगा। शुभमन को इस सत्र की शुरुआत में हार्दिक पंड्या के मुम्बई टीम में जाने के कारण नया कप्तान बनाया गया था। उनके लिए ये सत्र हालांकि अच्छा नहीं रहा और टीम के साथ ही शुभमन का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा। इसके बाद भी मिलर इस युवा खिलाड़ी को कप्तानी देने को सही मानने हैं। मिलर ने आरसीबी और जीटी मैच के बाद कहा कि शुभमन एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं, जैसा कि हम सभी जानते हैं। वह अब भी युवा है लेकिन मुझे अब भी लगता है कि वह कप्तानी के लिए सबसे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। शुभमन ने आरसीबी के खिलाफ 7 गेंदों में 2 रन बनाए जबकि मिलर ने 20 गेंदों में 30 रन बनाये। मिलर ने इसी को लेकर कहा कि शुभमन एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं, जैसा कि हम सभी जानते हैं, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने को साबित किया है। शुभमन गिल की कप्तानी वाली गुजरात टाइटंस का प्रदर्शन इस सत्र में अच्छा नहीं रहा है और आईपीएल 2024 के प्लेऑफ में पहुंचने की उसकी उम्मीदें तकरीबन समाप्त हो गयी हैं। टीम को अपने 11वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों चार विकेट से हार का सामना करना पडा था। इस मैच में गुजरात टाइटंस गुजरात आईपीएल 2024 की अंक तालिका में 9वें स्थान पर आ चुकी है। टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहने से शुभमन पर सवाल उठ रहे हैं।

# आईपीएल में एक शतक और लगते ही बनेगा सबसे अधिक शतकों का रिकार्ड

## अब तक 12 शतक लगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल में इस बार जिस प्रकार से शतक लग रहे हैं। उससे साफ है कि शतकों के मामले में एक नया रिकार्ड बनेगा। आईपीएल में मुम्बई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में सूर्यकुमार यादव के शतक के साथ ही इस सत्र में अब तक 12 शतक लग गये हैं। इससे पहले 2023 सत्र में इतने शतक लगे थे। वहीं एक और शतक के साथ ही आईपीएल में सबसे अधिक शतक का नया रिकॉर्ड बन जाएगा क्योंकि सत्र में अभी 19 मैच और होने हैं। सनराइजर्स के खिलाफ 102 रन की पारी खेलने के साथ ही सूर्यकुमार ने भी एक उपलब्धि हासिली की है। वह ऐसे दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने मुंबई इंडियंस की ओर से दो शतक बनाए हैं। उनसे पहले केवल रोहित शर्मा ने यह रिकार्ड बनाया था। मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 51 गेंद पर 102 रन बनाये। यह आईपीएल 2024 में 12वां मौका है, जब किसी बल्लेबाज ने शतकीय पारी खेली है।

सूर्यकुमार ने टी20 क्रिकेट में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए चौथा शतक बनाया है। इस नंबर पर उनसे ज्यादा शतक सिर्फ ग्लेन मैक्सवेल 5 ही लगा सके हैं। डेविड मिलर 4 शतक के साथ बराबरी पर हैं। सूर्यकुमार ने शतकीय पारी के दौरान तिलक वर्मा 37 के साथ 143 रन की नाबाद साझेदारी की। यह मुंबई इंडियंस के लिए चौथे विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड है। आईपीएल की बात करें तो ये लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। सूर्या-तिलक महज एक रन से रिकॉर्ड तोड़ने से दूर रह गए। 144 रन की साझेदारी का यह रिकॉर्ड गुरकीरत सिंह और शिमरन हेटमायर के नाम है। सूर्या का यह टी20 क्रिकेट में ओवरऑल छठा शतक है।

# टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम की जर्सी लॉन्च हुई

**मुम्बई(एजेंसी)।** अगले माह वेस्टइंडीज और अमेरिका में संयुक्त रुप से होने वाले टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम की जर्सी लॉन्च हो गयी है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस जर्सी को लॉन्च करने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर डाला है। इसमें भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और अनुभवी स्पिनर कुलदीप यादव भी नजर आ रहे हैं। वहीं भारतीय टीम ने भी इस वीडियो को रीपोस्ट किया। वीडियो के साथ लिख है- एक जर्सी। एक राष्ट्र। पेश है नई टीम इंडिया टी20 जर्सी। आगामी आईसीसी शोपीस इवेंट के लिए भारत की जर्सी में वी-आकार की गर्दन पर तिरंगे रंग की रेखाएं और केसरिया रंग की आस्तीन पर क्लासिक एडिडास धारियां होंगी। जर्सी के केंद्र में इंडिया लिखा होने के साथ आगे की तरफ नीला रंग शामिल किया गया है।

बीसीसीआई ने गत सप्ताह ही इस आईसीसी टूर्नामेंट के लिए 15 खिलाड़ियों की टीम भी घोषित कर दी थी। भारत को आईसीसी टूर्नामेंट के ग्रुप ए में पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और सह-मेजबान अमेरिका के साथ रखा गया है। भारतीय टीम इसमें अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत 5 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड के खिलाफ करेगा, इसके बाद 9 जून को उसी स्थान पर पाकिस्तान के खिलाफ अहम मुकाबला होगा। इसके बाद भारत क्रमशः 12 और 15 जून को अमेरिका और कनाडा से खेलना है।



## ब्रेट ली ने सुपर जाइंट्स के कप्तान राहुल के रवैये पर सवाल उठाये

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल के रवैये की अलोचना करते हुए कहा है कि उनके कम स्ट्राइक रेट के कारण अन्य बल्लेबाजों पर जरुरत से ज्यादा दबाव पड़ रहा है। ब्रेट ली के अनुसार राहुल की उतार-चढ़ाव वाली स्ट्राइक रेट के कारण आने वाले बल्लेबाजों को तेजी से खेलने के लिए मजबूर होना पड़ता है। आईपीएल के इस सत्र में पांच सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल होने के बाद भी राहुल की स्ट्राइक रेट पर काफी सवाल उठे हैं। ली ने कहा, मुझे लगता है कि अगर आप केकेआर और लखनऊ दोनों तरफ के शुरुआती बल्लेबाजों को देखें, तो समझ में आत है। केकेआर ने तेज से रन बनाये हैं।

# आईपीएल के समय पीएसएल का आयोजन पीसीबी के लिए होगा नुकसानदेह

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को अगले साल पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) का आयोजन अप्रैल-मई में करने जा रहा है। वहीं इसी समय पर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) आईपीएल का आयोजन करता है। ऐसे में पीएसएल का आयोजन पीसीबी को महंगा पड़ सकता है। इसका कारण ये है कि पीएसएल के लिए आईपीएल जैसी विश्व की सबसे महंगी टी-20 लीग का मुकाबला करना कठिन रहेगा। इसका कारण है कि पीएसएल को को विदेश खिलाड़ी मिलना कठिन हो जाएंगे क्योंकि सभी की पसंद आईपीएल होता है। अब तक रोवमैन पॉवेल, शेन रदरफोर्ड, सिकंदर रजा, ल्यूक वुड, राइली रूसो, शेमार जोसफ, शाई होप और डेविड विली ही आईपीएल के अलावा पीएसएल के इस सत्र में नजर आए थे। वहीं पिछले कुछ सत्र में आंद्रे रसेल, राशिद खान और सुनील नरेन ने भी पीएसएल में खेला था। यदि दोनों टूर्नामेंट एक ही समय हुए तो विदेशी खिलाड़ी आईपीएल की तरह आयेंगे और पीएसएल को दूसरे दर्जे के ही क्रिकेटर मिल पायेंगे। इसके अलावा पीसीबी को प्रसारण अधिकार के लिए भी मुश्किल होगी क्योंकि दोनो ही टूर्नामेंट एक ही समय पर होते हैं। ऐसे में मैच का समय एक होने से पीएसएल की व्यूवरशिप कम होना तय है। वैसे ही टूर्नामेंट के दौरान स्टेडियम में कम होते दर्शकों से पीसीबी पहले ही परेशान है। अब तक देखा गया है कि आईपीएल के दौरान कोई अन्य क्रिकेट बोर्ड अपनी घरेलू लीग नहीं आयोजित करता है।

# द्रविड़ से कही श्रीसंत की एक बात ने बदली सैमसन की तस्वीर

नई दिल्ली। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन का कहना है कि एस श्रीसंत का उनकी सफलता में बड़ा योगदान है। सैमसन के अनुसार तेज गेंदबाज एस श्रीसंत के बोले एक झूठ से उनकी किस्मत बदल गयी। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज एस श्रीसंत ने काफी पहले रॉयल्स के कप्तान राहुल द्रविड़ से कहा था कि एक स्थानीय मैच में संजू ने उनकी गेंदों पर छह छक्के मारे थे। इसके बाद ही मुझे अवसर मिले। सैमसन ने 2009 में कोलकाता नाइटराइडर्स की ओर से आईपीएल में प्रवेश किया हालांकि उन्हे खेलने का अवसर नहीं मिला। पहला खिताब जीतने के बाद फैंचाइजी ने सैमसन को बिना उतारे ही रिलीज कर दिया। यह वही समय था जब सैमसन को अपनी योग्यता साबित करने की जरूरत थी। एक वीडियो में सैमसन ने कहा, केकेआर के साथ होने के कारण मुझे कोई अवसर नहीं मिल रहा था पर पर आरआर के खिलाफ मैच के दौरान जब राहुल द्रविड़ उनकी कप्तानी कर रहे थे तो श्रीसंत ने उन्हें होटल लॉबी में देखा और मेरी सहायता की। उन्होंने उनसे कहा, केरल का एक लड़का है, जिसने मुझे स्थानीय टूर्नामेंट में एक ओवर में छह छक्के लगाए हैं। हमें निश्चित रूप से उसे एक ट्रायल का अवसर देना चाहिए। श्रीसंत की इस बात से सैमसन को सहायता मिली। रॉयल्स ने उन्हें चुना और 2013 में अपने डेब्यू के बाद से ही वे उनकी टीम में एक अहम खिलाड़ी बन गए हैं। एक होनहार बल्लेबाज से लेकर फैंचाइजी का पोस्टर बॉय बनने और अब इसके कप्तान बनने तक सैमसन ने सब कुछ देखा है। सैमसन की कहानी की पुष्टि तब हुई जब श्रीसंत ने स्वीकार किया कि युवा विकेटकीपर बल्लेबाज को आरआर सेट-अप में लाने के लिए उन्होंने झूठ बोला था हालांकि द्रविड़ ने उनकी बात को पकड़ लिया।



# टी20 विश्वकप में नजर नहीं आयेंगे आईपीएल में धूम मचाने वाले नरेन

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 सत्र में अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से धूम मचाने वाले वेस्ट इंडीज के सुनील नरेन आगामी टी20 विश्वकप कप में नजर नहीं आयेंगे। नरेन से विश्वकप में खेलने के लिए इंडीज टीम के कप्तान रोवमन पॉवेल ने संन्यास से वापसी की अपील की थी पर इस क्रिकेटर ने ये कहते हुए इंकार कर दिया कि ये स्थान किसी युवा क्रिकेटर को मिलना चाहिये। नरेन ने आईपीएल में 400 से ज्यादा रन बनाए हैं जबकि14 विकेट भी लिए हैं। वह आईपीएल में सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप की सूची में तीसरे नंबर पर हैं और सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप की सूची में छठे नंबर पर है। नरेन इस सत्र में कोलकाता नाइटराइडर्स की ओर से खेल रहे हैं। उन्होंने अब इस टी20 लीग में 41.90 की औसत और 183.66 स्ट्राइक रेट से 461 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने 14 विकेट भी लिए हैं। अब तक केवली 5 गेंदबाज ही उनसे ज्यादा विकेट ले पाए हैं इसके बाद भी वह वेस्टइंडीज की टीम में नहीं रहेंगे।

पॉवेल ने नरेन को मनाने की बहुत कोशिश की पर वह नहीं माने। पॉवेल ने कहा कि नरेन को वेस्टइंडीज की विश्व कप टीम का हिस्सा बनना चाहिये। पॉवेल ने कायरन पोलार्ड सहित कई दिग्गजों से भी अपनी बात नरेन तक पहुंचाई पर नरेन ने साफ इंकार कर दिया और कहा कि उन्होंने बहुत सोच समझकर संन्यास लिया है और अब वे इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी नहीं करेंगे। सुनील नरेन ने नवंबर 2023 में ही संन्यास का ऐलान किया है। 34 साल के सुनील नरेन ने वेस्टइंडीज के लिए 6 टेस्ट, 65 वनडे और 51 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच 2019 में खेला था। इसके बाद से वह वेस्टइंडीज के लिए कभी नहीं खेले हैं. हालांकि, आईपीएल समेत दुनिया की तमाम टी20 लीग में वह खेलते रहे हैं। उन्होंने अब तक 509 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने इन मैचों में 549 विकेट लिए हैं और 4195 रन भी बनाए हैं।



# सनराइजर्स की हार से सीएसके, सुपरजायंट्स और दिल्ली के प्लेऑफ की राह बनी

**मुम्बई(एजेंसी)।** आईपीएल लीग मुकाबले में मुंबई इंडियंस की सनराइजर्स हैदराबाद पर जीत से चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके), लखनऊ सुपरजायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स को लाभ हुआ है। वहीं सनराइजर्स के प्लेऑफ की उम्मीदें कमजोर हुई हैं। वहीं

सनराइजर्स हैदराबाद इस हार के बाद भी अंक तालिका में चौथे नंबर पर कायम है। सनराइजर्स की टीम एक समय अंक तालिका में पहले नंबर पर थी और तब वह टॉप-2 में रहने की उम्मीद कर रही थी पर अब उसे टॉप-4 के लिए भी कड़ा संघर्ष करना पड़ रहा है। अंक तालिका में चेन्नई सुपरकिंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपरजायंट्स के एक बराबर 12-12 अंक हैं। इस प्रकार नेट रनरेट के आधार पर उनकी रैंकिंग तीसरी, चौथी और पांचवीं है। तीनों ही टीमों के अब 3-3 मैच बचे हैं। ऐसे में एक गलती से ये टीमें प्लेऑफ से बाहर होंगी।




यही कारण है कि जब मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को हराया तो चेन्नई सुपरकिंग्स और लखनऊ सुपरजायंट्स के प्रशंसकों ने खुशी जाहिर की। चेन्नई और लखनऊ ही नहीं, दिल्ली कैपिटल्स के फैंस की प्लेऑफ की उम्मीद भी हैदराबाद की हार से जाग गई है। दिल्ली की टीम 11 मैचों में से 5 जीतकर 10 अंकों के साथ छठे नंबर पर है। दिल्ली के प्रशंसकों उम्मीद कर रहे हैं कि उनकी पसंदीदा टीम बाकी बचे तीन मैच जीतकर प्लेऑफ में जगह बना सकती है। ऐसा संभव भी है और अगर चेन्नई, हैदराबाद व लखनऊ में से कोई दो टीम जीत जाएं तो दिल्ली आगे निकल सकती है।

सनराइजर्स हैदराबाद की हार से कोलकाता नाइटराइडर्स और राजस्थान रॉयल्स को भी थोड़ी राहत ही मिली होगी। कोलकाता और राजस्थान दोनों ही टीमें 16-16 अंक लेकर पहले दो स्थान पर हैं. अगर वे एक-एक मैच और जीत लेती हैं तो टॉप-2 में रहने का उनका दावा बेहद मजबूत हो जाएगा।

# गावस्कर ने विराट के धीमे स्ट्राइक रेट को लेकर दिये बयान का बचाव किया




मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने आईपीएल में विराट कोहली के धीमे स्ट्राइक रेट को लेकर दिये अपने बयान का बचाव किया है। गावस्कर ने कहा कि कमेंटरी करने पर जो दिखता है वही हम बोलते हैं। इस सत्र में 500 से अधिक रन बनाने विराट पावर प्ले में कम स्ट्राइक रेट को लेकर आलोचना का केन्द्र बने थे। इसके बाद कोहली ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में 44 गेंद में नाबाद 70 रन की पारी खेलकर सबका मुंह बंद कर दिया था। गुजरात टाइटंस के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स को को मिली जीत के बाद विराट ने स्ट्राइक रेट को लेकर अपनी आलोचना करने वालों को करारा जवाब दिया थी। वहीं उनके बयान से गावस्कर नाराज दिखे। गावस्कर ने कहा कि कमेंटेटर कोहली से सवाल इसलिए पूछ रहे थे क्योंकि वह 118 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर रहे थे और 14-15वें ओवर में आउट हुए थे। वही विराट ने गुजरात के खिलाफ 70 रन बनाकर कहा था कि वो सभी लोग जो स्ट्राइक रेट और मेरे अच्छे से स्पिन नहीं खेलने के बारे में बात करते हैं वो नहीं जानते कि मेरे लिए केवल टीम को जीत दिलाना ही मायने रखता है। 15 साल तक ऐसा करने की वजह है कि मैंने बहुत से मैदानों पर टीम के लिए मैच खेले और जीते भी हैं। ऐसे में मुझे नही लगता कि जो खुद मैदान पर नहीं होते, उन्हें कमेंटरी बॉक्स में बैठकर ऐसी बातें करनी चाहिए। वहीं इससे पहले गावस्कर ने कहा था कि यदि आप पारी शुरु करते हैं, फिर 14वें या 15वें ओवर में आउट हो जाते हैं और तब भी आपका स्ट्राइक रेट 118 रहता है तो इस स्थिति में अगर आप चाहते हैं कि तालियां मिलें तो यह थोड़ा अजीब है।

# ब्रायन लारा की भविष्यवाणी- इन 2 टीमों में हो सकता है टी20 विश्व कप का फाइनल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप 2024 में भारत-वेस्टइंडीज के बीच फाइनल की ख्वाहिश जताते हुए महान क्रिकेटर ब्रायन लारा ने कहा है कि सूर्यकुमार यादव को भारत के लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। लारा ने यह भी कहा कि विश्व कप में भारत और वेस्टइंडीज के बीच फाइनल होने से 2007 में हुई गलती की भरपाई हो जाएगी जब वेस्टइंडीज में हुए वनडे विश्व कप में भारत के जल्दी बाहर होने से मेजबान को काफी खामियाजा भुगतना पड़ा।

भारत ने कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को टीम में रखा है जबकि शुभमन गिल और रिंकू सिंह जैसे युवा रिजर्व में हैं। सूर्यकुमार मुख्य टीम में है। लारा ने कहा कि मेरी सलाह यह होगी कि सूर्यकुमार यादव को तीसरे नंबर पर उतारा जाए। वह टी20 क्रिकेट के महानतम बल्लेबाजों में से है। अगर आप सर विव जैसे खिलाड़ियों से बात करें तो वह आपको बताएंगे कि वह कैसे बल्लेबाजी को बेताब रहते थे। उन्होंने कहा कि मुझे सूर्यकुमार के साथ भी यही लगता है। उसे जल्दी से उतारना जरूरी है और अगर वह 10-15 ओवर खेल जाता है तो कमाल कर सकता है।

लारा ने कहा कि अगर आप उसको जल्दी उतारते हैं तो वह आपको जीत की स्थिति में पहुंचा देगा और बाद में बल्लेबाजी करने पर जीत दिला देगा। सूर्यकुमार आम तौर पर चौथे और कोहली तीसरे नंबर पर उतरते हैं। आईपीएल में कमेंट्री कर रहे लारा ने कहा कि भारत और वेस्टइंडीज के बीच फाइनल हो सकता है जिससे 2007 विश्व कप में हुई त्रासदी की भरपाई हो जाएगी जब भारतीय टीम पहले दौर में बाहर हो गई थी।

लारा ने कहा कि इंग्लैंड टीम को वेस्टइंडीज बहुत पसंद है। इंग्लैंड भी अंतिम 4 में होगा और चौथे स्थान पर डार्कहॉर्स के रूप में अफगानिस्तान पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि भारत और वेस्टइंडीज के बीच फाइनल से अतीत में हुई गलती की भरपाई हो जाएगी। भारत 2007 में दूसरे दौर में नहीं पहुंच सका था और इसका खामियाजा हमें भुगतना पड़ा। हम नहीं चाहते कि ऐसा फिर हो इसलिए भारत और वेस्टइंडीज के बीच फाइनल होना चाहिए जिसमें बेहतर टीम जीते।

भारत ने युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा के रूप में चार स्पिनरों को चुना है जिनमें से 2 हरफनमौला हैं। लारा ने कहा कि चार स्पिनरों के होने पर मैं ज्यादा नहीं बोलना चाहूंगा। लेकिन मुझे नहीं लगता कि चारों स्पिनर खेलेंगे। मुझे खुशी है कि चहल टीम में है। वह आईपीएल स्टार ही नहीं है बल्कि काफी दिमाग लगाकर गेंदबाजी करता है। कुलदीप भी। ये आपको विकेट दिलाएंगे और रनगति पर अंकुश भी लगाएंगे। कोहली के स्ट्राइक रेट को लेकर हो रही चर्चा के बीच लारा ने कहा कि आपको अंतिम एकादश में विराट जैसा एक खिलाड़ी चाहिए ही।



# टी20 विश्व कप में भारत की सफलता की कुंजी होंगे ये दो खिलाड़ी : शास्त्री

दुबई। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि आगामी टी20 विश्व कप में शिवम दुबे की बड़े छक्के लगाने की क्षमता से भारत को बड़े स्कोर बनाने में मदद मिलेगी और यशस्वी जायसवाल के साथ दुबे पर भारत की उम्मीदों का दारोमदार होगा। जायसवाल और दुबे एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में पदार्पण करेंगे। शास्त्री ने आईसीसी से कहा, 'दोनों बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं। एक यशस्वी जायसवाल है जिसने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। वह युवा है और बेखौफ खेलता है।' चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेलने वाले दुबे ने इस सत्र में 11 मैचों में 170.73 की स्ट्राइक रेट से 350 रन बनाए हैं। शास्त्री ने कहा, 'मध्यक्रम में उसे देखिएगा। वह आक्रामक है और मैच विनर है। वह मजे के लिये छक्के लगा देता है और स्पिन गेंदबाजी को बखूबी खेलता है।' उन्होंने कहा, 'तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी वह असरदार है। पांचवें छटे नंबर पर उसकी भूमिका अहम होगी। अगर कोई 20.25 ओवर में खेल का नक्शा बदल सकता है, तो वह है। उसका स्ट्राइक रेट 200 के आसपास है जिससे भारत को काफी मदद मिलेगी।'



